RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 84
नई दिल्ली, रविवार, 30 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे लक्ष्य
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# पेगासस पर न्यूयार्क टाइम्स की खबर से छिड़ा विवाद

- विपक्ष ने सरकार पर जासूसी करने का आरोप लगाया, संसद में गूंजेगा मुद्दा
- केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने न्यूयॉर्क टाइम्स को सुपारी मीडिया कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**अमेरिकी** समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर में भारत और इजराइल के बीच 2017 में हुए लगभग दो अरब डॉलर के अत्याधुनिक हथियारों एवं खुफिया उपकरणों के सौदे में पेगासस स्पाईवेयर तथा एक मिसाइल प्रणाली की खरीद शामिल रहने का दावा किए जाने पर शनिवार को एक बड़ा विवाद छिड़ गया। विपक्ष ने सरकार पर अवैध जासूसी करने में संलिप्त रहने का आरोप लगाया और इसे देशद्रोह करार दिया। विपक्षी दलों ने संकेत दिया कि वे सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र के दौरान इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाएंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री जनरल (सेवानिवृत) वी.के. सिंह ने द न्यूयार्क टाइम्स (एनवाईटी) को सुपारी मीडिया करार दिया। एक सरकारी सूत्र ने बताया कि पेगासस सॉफ्टवेयर से जुड़े विषय की निगरानी उच्चतम न्यायालय के तहत एक समिति कर रही है, जिसकी अध्यक्षता शीर्ष न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आर.वी. रविंद्रन कर रहे हैं।

सूत्र ने कहा कि समिति की रिपोर्ट का इंतजार है। एनवाईटी की खबर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और नागर विमानन राज्य मंत्री सिंह ने ट्विटर पर कहा, क्या आप एनवाईटी पर विश्वास करते हैं? वह ज्ञात सुपारी मीडिया है। इस खबर को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर जोरदार हमला करते हुए उस पर संसद और उच्चतम न्यायालय को धोखा देने, लोकतंत्र को हाईजैक करने और देशद्रोह में संलिप्त रहने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, मोदी सरकार ने हमारे लोकतंत्र की प्राथमिक संस्थाओं, राजनेताओं व जनता की जासूसी करने के लिए पेगासस ख़रीदा था। फ़ोन टैप करके सत्ता पक्ष, विपक्ष, सेना, न्यायपालिका सब को निशाना बनाया है। यह देशद्रोह है। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी सरकार ने देशद्रोह किया है। कांग्रेस ने कहा कि उसका इरादा बजट सत्र में इस मुद्दे को उठाने का है और पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार से सदन में जवाब देने की मांग की। कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय से भी विषय का स्वत:संज्ञान लेने और जानबूझ कर उसे झांसा देने की कोशिश करने को लेकर सरकार के खिलाफ उपयुक्त दंडात्मक कार्यवाही शुरू करने का भी अनुरोध किया।

मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने कहा, सरकार ने पेगासस पर आईटी समिति को जवाब नहीं देने का विकल्प चुना और जब इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी, तब भाजपा के कई सदस्यों द्वारा कोरम पूरा नहीं होने देने के लिए अपनाए गए रुख का भी यह मतलब है कि समिति ने सच्चाई को सामने लाने में कोई प्रगति नहीं की। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय विषय को देख रहा है और मेरी भी यही कामना है। यदि हमारी सरकार ने उस तरीके से पेगासस का इस्तेमाल किया है, जैसा कि आरोप लगाया गया है, तो यह हमारे लोकतंत्र के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) महासचिव सीताराम एचुरी ने ( शेष पेज 8 )

## योगी आदित्यनाथ ने पिछली सपा सरकार पर बोला हमला

# सपा सरकार ने हज हाउस बनवाया भाजपा ने कैलाश मानसरोवर भवन



गाजियाबाद में भाजपा के चुनाव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार पर यह कहकर जमकर हमला बोला कि सपा सरकार ने गाजियाबाद में हज हाउस बनाया था, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मौजूदा सरकार ने यहां अत्याधुनिक सुविधाओं वाला कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण कराया। इससे दोनों दलों के बीच अंतर साफ हो गया है।

योगी आदित्यनाथ विधानसभा चुनाव के तहत प्रचार के लिए शनिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहर-शहर और गांव-गांव दौरे पर निकले थे। योगी ने शनिवार सुबह अपना दौरा शुरू करने से पहले ट्वीट किया कि जनपद गाजियाबाद के मुरादनगर क्षेत्र के ग्राम सुराना में प्राचीन शिव मंदिर का 50 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण, गंग नहर सोंधा पुल से रेवड़ा रेवड़ी ग्राम तक 22 करोड़ रुपए की लागत से सड़क तथा हिंडन नदी पर पुल का निर्माण भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही हुआ है। उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार ने गाजियाबाद में हज हाउस बनवाया था। भाजपा सरकार ने यहां 94 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण कराया है। आस्था को सम्मान देता यह भवन श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सौगात है। फर्क साफ है। योगी ने दिसंबर 2020 में गाजियाबाद के इंदिरापुरम में बने कैलाश मानसरोवर भवन का लोकार्पण किया था। कैलाश ( शेष पेज 8 )

## गाजीपुर बार्डर से गाजीपुर तक हारेगी भाजपा: अखिलेश यादव




गाजियाबाद में सपा-रालोद के चुनाव प्रचार अभियान में अखिलेश व जयंत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**लोगों** के बैंक अकाउंट उपचार कराने के चक्कर में खाली हो गए। जनता परेशान है, उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव पर देश की निगाहें हैं। इस बार इस गाजीपुर बार्डर दिल्ली-यूपी की सीमा से उस गाजीपुर बार्डर यानी उत्तर प्रदेश के जिला गाजीपुर तक भाजपा हारेगी। पूरे प्रदेश से भाजपा का सफ ाया होगा। यह बातें शनिवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में एनएच-9 किनारे स्थित एक बैंक्वेट हाल में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के साथ आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में कहीं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि गाजीपुर बार्डर पर किसानों को अपमानित किया गया। सड़क पर कील लगा दी गई। लेकिन, सर्दी, गर्मी और बरसात की परवाह किए बगैर किसान बार्डर पर डटे रहे तब तीनों ( शेष पेज 8 )

## धर्म परिवर्तन के विरुद्ध कानून बने: केजरीवाल

**भाषा।** चंडीगढ़



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को जालंधर में कहा कि धर्म एक निजी मामला है। भगवान की पूजा करने का अधिकार सभी को है। धर्म परिवर्तन के खिलाफ कानून जरूर बनना चाहिए लेकिन इसके जरिए किसी को गलत तरीके से प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें डराकर किया गया धर्मांतरण गलत है। प्रचार के दौरान केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में उद्योगपतियों को बीजेपी का वोट बैंक माना जाता था। मैं खुद बनिया हूं लेकिन दिल्ली के बनिया ने मुझे कभी वोट नहीं दिया। मेरे दिल जीतने के बाद उन्होंने वोट देना शुरू किया। हमें 5 साल दीजिए, हम आपका भी दिल जीत लेंगे। अरविंद केजरीवाल ने प्रो. दविंदर सिंह भुल्लर की रिहाई के प्रस्ताव को खारिज करने के मामला ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ते हुए कहा है कि इस मामले में अकाली दल गंदी राजनीति कर रहा है। जिसकी वह ( शेष पेज 8 )

## बदलती दुनिया में भारत-इजराइल संबंधों का महत्व और बढ़ा: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों के मद्देनजर भारत और इजराइल के आपसी संबंधों का महत्व और बढ़ गया है तथा दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग के नए लक्ष्य निर्धारित करने का इससे अच्छा अवसर और हो नहीं सकता। भारत और इजराइल के बीच कूटनीतिक संबंधों की 30वीं वर्षगांठ के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश में यह भी उम्मीद जताई कि इजराइल के साथ भारत की दोस्ती आने वाले दशकों में आपसी सहयोग के नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी।

उन्होंने कहा, हमारे लोगों के बीच सदियों से घनिष्ठ नाता रहा है। जैसा कि भारत का मूल स्वभाव रहा है, सैकड़ों वर्षो से हमारा यहूदी समुदाय भारतीय समाज में बिना किसी भेदभाव के एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहा है और पनपा है तथा उसने हमारी विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा, आज जब दुनिया में महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहे हैं, भारत इजराइल संबंधों का महत्व और बढ़ गया है।

आपसी सहयोग के लिए नए लक्ष्य रखने का इससे अच्छा अवसर और क्या हो सकता है, जब भारत अपनी स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ इस वर्ष मना रहा है और इजराइल अगले साल अपनी स्वतंत्रता की 50 वीं वर्षगांठ मनाने वाला है। भारत और इजराइल के बीच राजनयिक संबंधों की 30 वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने ने विश्वास जताया कि भारत और इजराइल की दोस्ती आने वाले दशकों में आपसी सहयोग के नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी। ज्ञात हो कि 30 साल पहले आज ही के दिन भारत और इजराइल के बीच राजनयिक संबंध ( शेष पेज 8 )

## बिहार विधान परिषद चुनाव में भाजपा 13, जद (यू) 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**भाषा।** पटना

**बिहार** विधान परिषद की 24 खाली सीटों पर चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और जनता दल (यूनाइटेड) ने कई दिनों तक चली बातचीत के बाद शनिवार को सीटों के बंटवारे पर मुहर लगा दी। बिहार विधान परिषद की इन सीटों पर मार्च-अप्रैल में चुनाव होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता भूपेंद्र यादव ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा 13 सीटों पर और नीतीश कुमार की पार्टी 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा को आवंटित 13 सीटों में से एक सीट उसकी सहयोगी पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) को दी जाएगी। संवाददाता सम्मेलन में मौजूद बिहार के शिक्षा मंत्री और जद (यू) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने उम्मीद जताई कि सत्तारूढ़ गठबंधन सभी 24 सीटों पर जीत हासिल करेगा। राष्ट्रीय ( शेष पेज 8 )

# कोविड केस तो घटे लेकिन सुरक्षा की अनदेखी न करें

- देश में संक्रमण में कमी पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नवी मुंबई में रेलवे स्टेशन पर कोरोना संक्रमण की जांच के लिए नमूना देता युवक

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा देश के कुछ राज्यों में कोविड मामलों की संख्या घटने दावा करने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को चेतावनी दी है कि वह सुरक्षा मानकों में कोई कमी न करे, क्योंकि कोविड-19 का जोखिम अधिक रहा और कोई भी देश इस खतरे से बच नहीं सका है।

डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह ने शनिवार को कहा कि स्थानीय स्तर पर संक्रमण घटने का यह मतलब नहीं है कि वायरस चिंता का कारण नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों को वायरस के संचरण को कम करने और हालात के अनुसार उपायों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि टीके अभी भी लोगों को गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु से बचाने में अत्यधिक प्रभावी मालूम होते हैं, साथ ही यह भी जोड़ा कि ओमीक्रोन संस्करण के कारण होने वाली गंभीर बीमारी की संभावना को कम करने में टीके प्रभावी थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार को एक दिन में 2,35,532 कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलों के साथ भारत के कुल मामलों की संख्या 4.08 करोड़ से अधिक हो गई है। देश में 21 जनवरी को कुल 3,47,254 नए कोविड मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद दैनिक संक्रमण की संख्या कम हो रही है। विशेष रूप से महाराष्ट्र, उत्तर ( शेष पेज 8 )

## लता मंगेशकर को वेंटिलेटर से हटाया गया, लेकिन अब भी निगरानी में

**भाषा।** मुंबई



**महान** पार्श्व गायिका लता मंगेशकर को वेंटिलेटर से हटा दिया गया है, लेकिन वह अब भी आईसीयू में हैं। मंगेशकर का इलाज कर रहे डॉक्टर ने शनिवार को यह जानकारी दी। गायिका (92) कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई थीं और उनमें संक्रमण के हल्के लक्षण थे। उन्हें आठ जनवरी को दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज डॉ. प्रतीत समदानी और डॉक्टरों की एक टीम कर रही है। समदानी के मुताबिक, मंगेशकर के स्वास्थ्य में मामूली सुधार के संकेत दिखे हैं। समदानी ने बताया, वह ढाई दिनों से वेंटिलेटर पर नहीं है, लेकिन अब भी निगरानी में हैं। स्वास्थ्य में मामूली सुधार के कारण उन्हें वेंटिलेटर से हटा दिया गया है। गायिका की स्वास्थ्य स्थिति के कारण उन्हें आईसीयू ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,200 | |
| निफ्टी | 17,101 | |
| सोना | 47,777 | /10g |
| चांदी | 61,652 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सिद्धू ने 44.63 करोड़ की संपत्ति घोषित की

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा चुनाव में अमृतसर पूर्व सीट से कांग्रेस उम्मीदवार एवं पार्टी की पंजाब इकाई के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा घोषित कुल 44.63 करोड़ रुपए की संपत्ति में दो स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी), 44 लाख रुपए की घड़ियां और 35 करोड़ रुपए की आवासीय संपत्तियां शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य सिद्धू (58) ने 20 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए अमृतसर में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र के साथ दिए हलफनामे में सिद्धू ने अपनी संपत्ति की घोषणा की। हलफनामे के मुताबिक कुल 44.63 करोड़ रुपए की संपत्ति में सिद्धू और उनकी पत्नी एवं पूर्व विधायक नवजोत कौर सिद्धू के नाम क्रमश: 3.28 करोड़ रुपए और 41.35 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति है।

## उत्तर प्रदेश सहायक शिक्षक भर्ती मामला

# हाईकोर्ट ने आरक्षित वर्ग के 6800 अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर लगाई रोक

- 69 हजार भर्तियों के क्रम में सरकार छूट गए अभ्यर्थियों की करने वाली थी नियुक्ति

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**सहायक** शिक्षक भर्ती परीक्षा- 2019 के तहत 6800 अतिरिक्त अभ्यर्थियों की नियुक्ति करने के सरकार के फैसले पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने रोक लगा दी है। पीठ ने कहा है कि एक दिसंबर, 2018 को 69 हजार पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। लिहाजा इससे इतर एक भी पद पर बिना विज्ञापन के नियुक्ति नहीं की जाए। पीठ ने इन अतिरिक्त नियुक्तियों पर रोक लगाते हुए इसे प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का निर्देश भी दिया है। ताकि जिन अभ्यर्थियों का हित इस मामले में शामिल है, वो अगली सुनवाई में अपनी बात रख सकें। मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। जस्टिस राजन रॉय की एकल पीठ ने यह आदेश भारती पटेल समेत छह अभ्यर्थियों की याचिका पर दिया है। पीठ ने अपनी टिप्पणी में यह भी कहा है कि इस मामले में क्या करना है, यह राज्य सरकार तय करे क्योंकि उसी ( शेष पेज 8 )

# बीटिंग रिट्रीट में ड्रोन व लेजर शो से राजपथ जगमग

- विजय चौक पर सेना ने बजाई बॉलीवुड व देशभक्ति धुनें तो झूम उठे लोग
- देशभर में टीवी पर देख रहे लाखों दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजपथ** पर शनिवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह में शानदार ड्रोन और लेजर शो ने मौजूद दर्शकों और देशभर में टेलीविजन पर देख रहे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वदेश निर्मित, डिजाइन वाले इस अवधारणात्मक ड्रोन शो का देश में पहली बार मंचन किया गया, जिसके साथ भारत उच्च क्षमता वाले शीर्ष देशों के समूह में पहुंच गया है।

इस क्षमता वाले अन्य तीन देश अमेरिका, चीन और रूस हैं। विजय चौक पर नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में शुरू हुआ यह पहला लेजर शो था। इसने स्वतंत्रता के 75वें वर्ष और अमृत महोत्सव समारोह को चिह्नित करने के लिए राष्ट्र की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। इस बीटिंग सेरेमनी से पहली बार एबाइड विद मी भजन को हटा दिया गया था और समारोह का समापन ऐ मेरे वतन के लोगों के साथ हुआ। वर्ष 1950 के बाद से, एबाइड विद मी बीटिंग समारोह की विदाई होती थी। वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद लता मंगेशकर ने अमर ऐ मेरे वतन लोगों गीत गाया था। ड्रोन का प्रदर्शन करीब 15 मिनट तक चले इस शो में देश की आकांक्षाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए 1,000 से अधिक ड्रोन ने विजय चौक पर सही तालमेल के साथ आकाश को रोशन किया। मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) ने महात्मा गांधी की छवि बनाई, जो भारत का नक्शा है, और मेक इन इंडिया का चित्रण करते हुए भव्य रूप से चलते हुए शेर।

चकाचौंध करने वाला यह शो भारतीय भारतीय संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के एक स्टार्ट-अप, बोल्टाब के दिमाग की उपज है। इन दोनों शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत और शास्त्रीय प्रस्तुतियों के अलावा समारोह में हर साल किया जाता है। यह समारोह सदियों पुरानी सैन्य परंपरा है, जो उन दिनों से है जब सैनिक सूर्यास्त के बाद युद्ध से अलग हो जाते थे। जैसे ही बगलरों ने पीछे हटने की आवाज़ दी, सैनिकों ने लड़ना बंद कर दिया, अपनी बाहों ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान रोशनी से जगमग विजय चौक पर

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 30 जनवरी, 2022



## 30 साल का हुआ ग्रेटर नोएडा, बना लोगों के सपनों का शहर

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी को दूसरे नंबर पर पहुंचाया

● तीन लाख लोगों को मिला रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोविड और अपने विभागीय कार्यों में अहम योगदान निभाने वाले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कई विभागों के विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

ग्रेटर नोएडा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्राधिकरण ऑडिटोरियम में आयोजित सादे समारोह में प्राधिकरणकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह दिए गए। प्राधिकरण की एसीईओ अदिति सिंह, दीप चंद्र और अमनदीप डुली समेत अन्य अफसरों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़े ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि ग्रेटर नोएडा से हम लोग जुड़े हैं। हम सबको इसे बसाने का मौका मिला है। ग्रेटर नोएडा भविष्य का शहर है। ग्रेटर नोएडा न सिर्फ भारत, बल्कि वैश्विक पटल पर भविष्य के शहर के रूप में उभर रहा है। ग्रेटर नोएडा में तीन लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं।

ईज ऑफडूइंग में यूपी को दूसरे पायदान पर लाने में ग्रेटर नोएडा की अहम भूमिका रही है। कोविड के के बावजूद उद्योग विभाग ने पारदर्शिता के साथ आवंटन किया, उसकी वजह से रेवेन्यू अधिक प्राप्त हुआ है। ग्रेनो के औद्योगिक आवंटन प्रक्रिया की हर जगह सराहना होती है। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक निवेश का हॉट स्पॉट है।

देश का सबसे डाटा सेंटर ग्रेटर नोएडा में स्थापित होने जा रहा है। आवासीय विभाग ने अभियान चलाकर लोगों के नाम रजिस्ट्री की है। बिल्डर विभाग ने फ्लैट खरीदारों के काफी मसले हल कराए हैं।

किसानों की छह फ ीसदी आबादी प्लॉट देने में भूलेख, नियोजन, प्रोजेक्ट समेत अन्य विभागों ने काफी काम किया है। गांवों में सेक्टर की तरह विकास की जरूरत है। प्रोजेक्ट विभाग हर जिम्मेदारी को 24 घंटे सातों दिन जुटकर काम किया है। कोविड में हर विभाग ने अहम योगदान निभाया।

कोविड मरीजों की मदद की। उनके लिए खाना पहुंचाया। उस घर और मोहल्ले में सैनिटाइज कराया। जहां कोविड की सबसे ज्यादा है। नरेंद्र भूषण ने कहा कि हिंडन और नोएडा एयरपोर्ट बनने से एनसीआर का केंद्र ग्रेटर नोएडा बनने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा में एलईडी स्ट्रीट लाइट का मॉडल देश भर में फैलेगा।

जलापूर्ति और सीवेज सिस्टम को सुधारने में बहुत काम हुए हैं। 90 से 250 फीसदी तक अधिक रेट पर वाणिज्यिक संपत्ति बेची गई है। सीएंडडी वेस्ट और रेमेडिएशन प्लांट के जरिए ग्रेटर नोएडा के मलबे से जल्द ही उत्पाद बनने लगेंगे।


31वें स्थापना दिवस के मौके जगमग हुआ ग्रेनो का आफिस।

### वन मैप जीआईएस से पेपरलैस हुआ आफिस

ग्रेटर नोएडा का सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का मॉडल देश भर में लागू होगा। वित्त विभाग, नियोजन, लीगल, सीआर सेल, सिस्टम विभाग और कार्मिक विभाग ने भी बहुत काम किए हैं। ईआरपीए ई-ऑफिस और वन मैप जीआईएस के जरिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पेपरलेस हो गया है। इस अवसर पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ अदिति सिंह ने प्राधिकरण कर्मियों को संवेदनशीलता, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ काम करने की सीख दी। एसीईओ दीप चंद्र ने सभी विभागों की सराहना की। उन्होंने प्राधिकरणकर्मियों से और नए कीर्तिमान स्थापित करने की अपील की। इस अवसर पर बिल्डर, नियोजन, प्रोजेक्ट, आईटी, संस्थागत, वाणिज्यिक, सिस्टम समेत कई विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक एके अरोड़ा और आरके देव, डीजीएम सीके त्रिपाठी और केआर वर्मा, डीजीएम वित्त मोनिका चतुर्वेदी, ओएसडी संतोष कुमार और नवीन कुमार सिंह, डीजीएम सलिल यादव आदि मौजूद रहे।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी और दोस्त को ट्रक ने कुचला, दोनों की मौत

● वाहन ने बाइक को पीछे से मारी टक्कर, हादसे के बाद चालक फरार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में सीबीआई कट के पास अज्ञात ट्रक की टक्कर से एक ट्रैफिक पुलिस के सिपाही और उसके दोस्त की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

सिपाही के परिजनों की तहरीर पर मधुबन बापूधाम पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, शामली के कैराना निवासी ललित कुमार 32 वर्ष 2015 में उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस में थे और उनकी तैनाती पुलिस लाइन में थी।

वह पुलिसलाइन की बैरक में ही रहते थे। एसपी ट्रैफि क रामानंद कुशवाहा के मुताबिक, गुरुवार को ललित की ड्यूटी छिजारसी कट पर थी। रात में ड्यूटी खत्म करने के बाद ललित बुलंदशहर से आए अपने दोस्त नितेश को लेकर बाइक से पुलिस लाइन लौट रहे थे। रात करीब पौने दस बजे हापुड़ रोड पर सीबीआई कट के पास पहुंचने पर अज्ञात ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। ट्रक के पहिये के नीचे आने से सिपाही ललित और उनके दोस्त नितेश के शरीर का निचला हिस्सा बुरी तरह कुचल गया।

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल ललित व नितेश को अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

सीओ कविनगर अवनीश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर सिपाही ललित के परिजन आ गए। उनकी तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक को तलाशने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं मामले की जांच जारी है।

# कोरोना संक्रमण से तीन की मौत, 620 लोग चपेट में आए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी कोरोना के आंकड़े में संक्रमित मरीजों की संख्या बेशक कम हो रही हो लेकिन, मरीजों की मौत का आंकड़ा चिंता का विषय बन गया है।

जिले में 24 घंटे के भीतर 620 लोग कोरोना की पुष्टि हुई है। वही तीन मरीजों ने दम तोड़ दिया है। जिले में संक्रमित होने से अब तक 480 लोगों की मौत हो चुकी है। जिला निगरानी अफ सर डॉ. सुनील कुमार दोहरे ने बताया कि 24 घंटे के भीतर 967 मरीज ठीक होकर वापस घर जा चुके हैं। जनपद में कोविड.19 3559 मरीजों का इलाज चल रहा है। कोरोना संक्रमित मरीजों के ठीक होने की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 90026 मरीज डिस्चार्ज हो चुके हैं। इसके अलावा अब तक जिले में 94075 लोग इस संक्रमण का शिकार हो चुके हैं। हाल के 4 दिनों में प्रतिदिन मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है।

बताया जा रहा है कि मृतक दूसरी गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे, बुजुर्गों की संख्या अधिक है। वहीं तीसरी लहर की शुरुआत होते ही 4 जनवरी को 165 और 5 को 510 मरीज मिले थे। अब 24 दिन बाद शनिवार को 500 से कम कोरोना संक्रमित मरीज जिले में मिले हैं।

## पूर्व विधायक सुरेश बंसल का कोविड के चलते निधन

गाजियाबाद। पूर्व विधायक सुरेश बंसल का कोविड-19 के संक्रमण के चलते यशोदा सुपर स्पेशलिटी कौशांबी गाजियाबाद में निधन हो गया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनुज अग्रवाल ने यह जानकारी दी।



बंसल का इलाज कर रहे रेस्पिरेटरी टीम के डॉ आर.के मणि, डॉ के.के पांडे, डॉ अर्जुन खन्ना, डॉ अंकित सिन्हा ने बताया कि बंसल को 13 जनवरी 2022 कोविड-19 के संक्रमण के चलते और सांस की ज्यादा तकलीफ होने की वजह से यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा था ।

जांच में पता चला था की उन्हें हृदयाघात भी हुआ था। 26 को उनकी कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आ गयी थी।

# प्रशासन ने मतदान के लिए जागरुकता अभियान चलाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



विधानसभा चुनावों के मद्देनजर गौतम बुद्ध नगर जिले में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को जागरुक करने का अभियान चलाया जा रहा है।

इसके लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में जिला प्रशासन के कुल आठ दल जागरुकता अभियान में जुटे हैं। सहायक नोडल अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिले में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। उन्होंने बताया कि इसके तहत विभिन्न स्थानों पर बैनर एवं पोस्टर लगाकर, पर्चे बांटकर और ब्लॉक स्तर पर गांवों में मुनादी कराके लोगों को मतदान के लिए जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में दादरी, नोएडा और जेवर विधानसभा क्षेत्रों में करीब 100 मतदान केंद्रों पर 40 फीसदी से कम मतदान हुआ था। इस बार इन सभी क्षेत्रों में मतदाता चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

# सेक्टर-148 पर मिलेगी फास्ट मेट्रो की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन एनएमआरसी ने ग्रेटर नोएडा मेट्रो लाइन पर फास्ट मेट्रो का दायरा और घटा दिया है। अब से मेट्रो सेक्टर-148 स्टेशन पर भी रुक कर चला करेगी। अब से पहले फर्स्ट मेट्रो इस स्टेशन पर सुबह और शाम के समय में बिना रुके चलती थी। यह निर्णय एनएमआरसी ने लोगों के विरोध के कारण लिया है। यह व्यवस्था एक फ रवरी से लागू होगी। जिससे लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि एक साल पहले लोगों की सहूलियत और सुविधा के लिए फास्ट मेट्रो ट्रेन शुरू की थी। यह सुबह 8 से 11 और शाम में 5 बजे से 8 तक लगभग 10 स्टेशनों पर बिना रुके चलती थी, जिससे नोएडा से ग्रेटर नोएडा परी चौक जाने वाले लोग जल्दी और कम समय में पहुंच जाते थे। लेकिन लोगों के विरोध करने के बाद अब एनएमआरसी ने फास्ट मेट्रो का दायरा घटा दिया है। अब से पहले सेक्टर-148 स्टेशन पर मेट्रो बिना रुके चलती थी। लेकिन अब सेक्टर-148 मेट्रो स्टेशन पर फ ास्ट मेट्रो सुबह और शाम के समय में रुका करेगी। यह निर्णय एक फरवरी से लागू हो जाएगा। लोगों की सहूलियत के लिए यह निर्णय लिया गया है। एनएमआरसी अधिकारियों ने बताया कि इस लाइन पर व्यस्त समय में 10 मिनट और बाकी समय में 15 मिनट के अंतर से मेट्रो चल रही है। लेकिन अभी भी सेक्टर-144, 145, 146 और 147 स्टेशन पर व्यस्त समय में बिना रुके चलती रहेगी।


**कार्यालय जनपद पंचायत पाली**
**जिला - कोरबा (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक/जप/निविदा/2021-22/7071 कोरबा, दिनांक 25.01.2022

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में वृद्ध निराश्रित को ठण्ड से बचाव हेतु कंबल का वितरण करने हेतु पंजीकृत फर्मों से मुहर बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु प्रस्तावित कार्य विवरण, निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर निर्धारित शुल्क 1000.00 नगद भुगतान/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली के नाम से डी.डी./बी.डी. प्रस्तुत कर कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। विवरण निम्नानुसार हैः-

1. निविदा पत्रक प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 04.02.2022
2. निविदा पत्र कार्यालय से निविदाकार द्वारा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 05.02.2022
3. निविदा पत्रक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 12.02.2022 समय 3.30 बजे तक
4. निविदा प्रत्रक खोलने की तिथि - 14.02.2022 समय 4.00 बजे।

टीपः- जनपद पंचायत पाली क्षेत्र अंतर्गत हितग्राहियों की सूची नियम/शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय जनपद पंचायत पाली में देखी जा सकती है।

संवाद- 31273/4

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत पाली


# प्रेमी युगल ने लगाई यमुना में छलांग, लड़की की लाश मिली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



कालिंदी कुंज के पास यमुना नदी में एक युवती और युवक ने छलांग लगा दी है। छलांग लगाते हुए कुछ लोगों ने देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद तुरंत सेक्टर-126 कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों और रेस्क्यू टीम ने दोनों की तलाश शुरू की।

रेस्क्यू टीम ने यमुना नदी में से युवती के शव को बरामद कर लिया है। वहीं, युवक की तलाश की जा रही है। युवक के भाई शब्बीर ने बताया कि उनका छोटा भाई वकील सुबह करीब 10 बजे अपनी गाड़ी लेकर घर से निकला था। उस समय उनका भाई बिल्कुल ठीक था। उनका भाई वकील शादीशुदा है, उसके बीबी और बच्चे हैं। शब्बीर ने बताया कि थोड़ी देर पहले उन्होंने अपने भाई वकील के पास कॉल किया, लेकिन वकील के फोन को किसी पुलिस कर्मी ने उठाया। पुलिस कर्मी ने उनको बताया कि उनके भाई ने एक युवती के साथ यमुना नदी ने छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद वो अपने परिजनों के साथ यमुना नदी के किराने पहुंचे हैं।

वकील के बड़े भाई शब्बीर ने बताया कि उनके छोटे भाई वकील का अपना व्यापार है, वह कपड़े के व्यापारी हैं। शब्बीर का कहना है कि उनके छोटे भाई वकील के पास एक लड़की नौकरी करती है। बताया जा रहा है कि उनके भाई वकील ने उसी लड़की के साथ यमुना नदी में छलांग लगा दी। शुरुआती जांच में पता चला है कि युवती का नाम बानो है। नोएडा सेक्टर-126 कोतवाली प्रभारी भरत कुमार राठी ने बताया युवक के परिजनों को बुला लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

## संदिग्ध अवस्था में महिला ने लगाई फांसी

नोएडा। युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। युवती के मामा का कहना है कि उसने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि थाना सेक्टर-39 क्षेत्र की सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली मोनिका सेक्टर-18 में एक प्रॉपर्टी डीलर के साथ काम करती थी।

# नोएडा-ग्रेनो में पांच स्थानों से लाखों की शराब बरामद



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेनो की पुलिस ने पांच स्थानों से चुनाव में इस्तेमाल करने के लिए लाई जा रही अवैध शराब की खेप पकड़ी है। ग्रेनो में पुलिस ने लग्जरी कारों से 110 पेटी अवैध शराब बरामद की है।

वहीं सदरपुर मोड़ से शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उससे पांच लाख रुपये की शराब बरामद की है। इसी तरह दो और जगह से पुलिस ने शराब बरामद की है।

पुलिस ने शनिवार को सदरपुर मोड़ पर चेकिंग के दौरान एक पिकअप कार से अवैध शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी की पहचान धर्मेन्द्र निवासी घिरोर जिला मैनपुरी के रूप में हुई। वर्तमान में आरोपी हैबतपुर डबलपुलिया के पास रहता है।

पुलिस ने 70 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब बरामद की है। सारी शराब हरियाणा मार्का की है। इसकी कीमत करीब पांच लाख रुपये है। आरोपी चोरी की गाड़ी में शराब की तस्करी कर रहा था। उस पर नंबर प्लेट भी नहीं थी।

धर्मेंद्र ने बताया कि वह हरियाणा से सस्ते दामों में शराब खरीदकर लाता है। फिर उसे नोएडा व गाजियाबाद में सप्लाई करता है। आरोपी ने संबंधित पिकअप गाड़ी को दिल्ली से चुराया था। उसके खिलाफ पूर्व में भी दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में 13 केस दर्ज हैं।


**भौतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चंद्रा वती/ राम सिंह LBDEL00002405966 | फ्लैट नंबर 44, ग्राउंड फ्लोर सेक्टर जी2 पॉकेट 2 ब्लॉक डी1 एलआईजी नरेला दिल्ली 27 जनवरी, 2022 | जून 19, 2021 ₹.12,29,310/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 29, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


## आचार संहिता समाप्त होने के बाद योजनाओं का होगा ड्रा

नोएडा। यमुना प्राधिकरण की योजनाओं में आवेदन करने वालों को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार करना होगा। इसके बाद ही योजनाओं का ड्रा संपन्न हो सकेगा और असफल आवेदकों को पंजीकरण राशि वापस मिलने का रास्ता साफहोगा।

प्राधिकरण की एसीईओ मोनिका रानी ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के कारण ड्रा प्रक्रिया दस मार्च से पहले संपन्न कराना संभव नहीं है। प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना में करीब सोलह हजार आवेदन मिले हैं।

# सुपरटेक के ट्विन टावर गिराने से पहले आसपास की इमारतों को होगा बीमा

नोएडा। सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट सोसाइटी में बने अवैध ट्विन टावर ध्वस्त किए जाने के दौरान खतरा भी हो सकता है, इसके मद्देनजर करीब 100 मीटर दायरे में आसपास की इमारतों को भी खाली कराया जाएगा।

ऐसे में टावर ध्वस्त किए जाने से पहले संबंधित कंपनी 100 मीटर से अधिक क्षेत्र की इमारतों का बीमा कराएगी। आसपास की इमारतों को अगर कोई नुकसान पहुंचता है तो बीमा राशि से कवर किया जाएगा। इन टावरों को ध्वस्त करने का काम एडिफिस कंपनी करेगी। सुपरटेक बिल्डर ने इस एजेंसी के साथ अनुबंध कर लिया है। अनुबंध के बाद बिल्डर की ओर से प्राधिकरण को दी गई सूचना में बीमा कराए जाने का तथ्य शामिल है। सोसाइटी में ट्विन टावर 32-32 मंजिल के बने हैं।

# पिंक पुलिस बूथ बनाने के लिए जगह का चयन शुरू

● गौतमबुद्ध नगर में महिला सुरक्षा के लिए बूथों पर मिलेंगी खास सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतम बुद्ध नगर जिले में महिलाओं को और सुरक्षित महसूस कराने के लिए खास परियोजना तैयार की गई है। महिला सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए पिंक पुलिस बूथ बनाए जाएंगे। साथ ही इन पिंक पुलिस बूथों पर महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी।

यहां पर महिलाओं की हर तरह की शिकायतों का तुरंत निवारण किया जाएगा। फिलहाल पिंक पुलिस बूथ बनाने के लिए स्थानों का चयन करने का काम शुरू कर दिया गया है। यह बूथ महिलाओं के साथ अधिक अपराध होने वाले स्थानों पर बनाए जाएंगे। बूथों में महिलाओं के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन बूथों की निगरानी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के द्वारा की जाएगी।

गृह मंत्रालय ने सेफ सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत महिला सुरक्षा के लिए देश के कई शहरों पिंक पुलिस बूथ बनाएं जाएंगे। इस तरह के बूथ कई शहरों में बनाए जा चुके हैं। लेकिन जिले में अभी तक एक भी पिंक पुलिस बूथ नहीं है। फि लहाल बूथों को बनाने के लिए स्थानों का चयन किया जा रहा है। इन बूथों के बन जाने से महिलाएं और सुरक्षित महसूस कर सकेंगे। हर बूथ पर महिला पुरुष कर्मचारी की तैनाती की जाएगी। बूथों में महिला अपराध से जुड़ी सभी समस्याओं और शिकायतों का तुरंत निवारण किया जाएगा। पिंक पुलिस बूथ का मॉडल लगभग बनकर तैयार हो चुका है। इसी साल यह परियोजना पूरी कर ली जाएगी। यहां पर पुलिस के लिए जरूरी सभी तरह के संचार माध्यम होंगे। इन बूथों को महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा। साथ ही हर बूथ पर पीड़ित महिला के लिए शिकायत कक्ष, रेस्ट रूम, वॉशरूम, किचन से लेकर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था होगी।

### आपात स्थिति में महिलाओं की मदद करेगी पुलिस

डीसीपी महिला सुरक्षा वृंदा शुक्ला ने बताया कि इन पिंक पुलिस बूथों पर महिलाओं को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। यहां पर महिलाओं की हर तरह की शिकायतों का निवारण होगा। किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस महिलाओं की मदद करेगी। पुलिसकर्मी वहीं से ही महिला की मदद करते हुए परिजनों से संपर्क करेगी। इन बूथों पर प्राथमिक चिकित्सा से लेकर और भी अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली, होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068**

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह बिना तामील वापस प्राप्त की जा चुकी है और अतएव उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विवेक जी/गड्डिराला मुराहरि- यू 46 28 चतुर्थ तल, यू ब्लॉक, डीएलएफ फेज-3, गुरूग्राम-122002/ एलबीबीएनजी00002906867 | अनुसूची 'क' सम्पत्ति (सम्पूर्ण सम्पत्ति का वर्णन) आवासीय में परिवर्तित भूमि के सभी अंश एवं खंड सर्वे सं. 133 परिमाप 18 एकड़ 21.08 गुंटा, सर्वे नंबर 134 परिमाप 5 एकड़ 34 गुंटा और सर्वे नंबर 135 परिमाप 12 एकड़ 27 गुटा, कुल परिमाप 37 एकड़ 2-1/2 गुंटा अथवा 1,50,015.72 वर्ग मीटर, सभी स्थित टावरेकरे ग्राम, टावरेकरे होबली, बेंगलुरू साउथ तालुक, बेंगलुरू<br>अनुसूची 'ख' सम्पत्ति (इस डीड के तहत क्रेताओं को हस्तांतरित आवासीय प्लॉट का वर्णन) आवासीय साइट/प्लॉटनंबर 58 परिमाप पूरब से पश्चिम 15 मीटर और उत्तर से दक्षिण 9 मीटर, कुल परिमाप 135 वर्ग मीटर, (1453.14 वर्ग फीट के बराबर) जो आवासीय लेआउट "पीपल ट्री, एक प्रोजेक्ट जो सालारपुरिया और सत्वा समूह द्वारा संयुक्त रूप से प्रमोट किया गया है" में स्थित है, जो टावरकरे ग्राम पंचायत द्वारा जारी मगादी योजना प्राधिकरण की मंजूरी सं. एमएवाईओपीए/एलएओ/22/2012-13 दिनांकित 29-04-2015 के माध्यम से अनुसूची 'क' सम्पत्ति में से ली गई एक सम्पत्ति है, जिसकी खाता सं. 150200301700422229 और 6433/58 है, उसके सभी कॉमन एरियाज सहित। | 10-06-2021 रू. 17,83,503/- | 30-11-2020 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 29-01-2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर (गुरूग्राम)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# कोविड-19 मामलों में गिरावट पर कंटेनमेंट जोन 39 हजार से अधिक

● गृह पृथकवास के दिशानिर्देश में हाल के दिनों में बदलाव किया गया है, लेकिन निषिद्ध क्षेत्र के नियम अब भी वही हैं : अधिकारी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पिछले एक सप्ताह में कोविड-19 के मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 4483 नए मरीज मिले हैं लेकिन कंटेनमेंट जोन की संख्या अब भी 39 हजार से अधिक बनी हुई है। कोविड-19 प्रोटोकॉल के अनुसार अगर किसी आवासीय परिसर या इलाके में संक्रमण के कम से कम तीन मामले सामने आते हैं, तो संक्रमण फैलने से रोकने के लिए अधिकारी उसे निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर देते हैं। कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर के दौरान मामलों में बढ़ोत्तरी वायरस के बेहद संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप के कारण हुई है। कई इलाकों में बड़ी संख्या में परिवारों में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। हालांकि, चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है, चूंकि संक्रमण एक ही समय में हुआ था, इसलिए उम्मीद है कि संक्रमण रूप से लोग जल्दी स्वस्थ होंगे और इसके फैलने की आशंका भी कम रहेगी क्योंकि ज्यादातर लोग पृथक-वास में हैं और अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी काफी कम है।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, निषिद्ध क्षेत्रों की संख्या शुक्रवार को 41,095 थी, जो बृहस्पतिवार के 42,388 से कम रही। 22 जनवरी को निषिद्ध क्षेत्रों की संख्या 43,457 थी जबकि कोविड-19 के 11,486 मामले आए थे। पिछले एक सप्ताह में संक्रमण के मामलों में कमी आई है और शुक्रवार को 4044 मामले आए थे।

हालांकि, निषिद्ध क्षेत्रों की संख्या अब भी 39869 है। अगर किसी आवासीय परिसर या इलाके को निषिद्ध क्षेत्र की श्रेणी में रखा जाता है, तो उस क्षेत्र में लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहता है। जिलाधिकारियों ने पहले कहा था कि संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाने पर जोर दिया जा रहा है। गृह पृथक-वास के दिशानिर्देश में हाल के दिनों में बदलाव किया गया है, लेकिन निषिद्ध क्षेत्र के नियम अब भी वही हैं।

सूत्रों ने कहा कि निषिद्ध क्षेत्रों के प्रबंधन की नीति अब भी वही है, जिसका अर्थ है कि संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए निषिद्ध क्षेत्र को 14 दिनों की अवधि के बाद ही निषिद्धमुक्त किया जा सकता है।

## संक्रमित मरीजों से दोगुने ठीक हुए, 28 की मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी में अब कोरोना के मामले पांच हजार से नीचे आ गए है। वहीं कोविड को मात देने की वालों की संख्या दुगनी हो रही है। शनिवार को कोविड-19 के 4483 नए मामले सामने आए और संक्रमण से 28 मरीजों की मौत हो गई। वहीं, संक्रमण दर 7.41 प्रतिशत रही। वहीं कोरोना को मात देने वाली की सुख्या दुगनी दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, नए मामलों के सामने आने से राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 18,23,815 हो गई और मृतक संख्या बढ़कर 25,797 हो गई। इसके अनुसार, एक दिन पहले 60,532 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच हुई थी। दिल्ली में शुक्रवार को 4044 नए मामले आए थे और 25 लोगों की मृत्यु हुई थी, वहीं संक्रमण दर 8.60 प्रतिशत थी। बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 4291 मामले आए थे और 34 मरीजों की संक्रमण से जान गई थी तथा संक्रमण दर 9.56 प्रतिशत थी। दिल्ली में बुधवार को कोविड-19 के 7498 नए मामले आए थे।

# दिल्ली-एनसीआर को ठिठुरन से मिली राहत

● नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने पर फरवरी के पहले सप्ताह में करवट लेगा मौसम



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार की सुबह करोड़ों लोगों के लिए राहत लेकर आई।

ठिठुरन भरी ठंड से थोड़ी राहत मिली तो सुबह कोहरा भी बेहद हल्के स्तर का रहा, जिससे वाहन चालकों को कोई खास परेशानी नहीं हुई। कम होती ठंड का ही असर है कि अन्य दिनों की तुलना में अधिक संख्या में लोग सुबह सैर करते नजर आए। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने जम्मू कश्मीर में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलते फरवरी के पहले हफ्ते में मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान जताया है। इससे पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, जिससे दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब में हल्की बारिश होने की संभावना बन रही है।

मौसम विभाग का यह भी पूर्वानुमान है कि अब आगे भी ठंड से राहत मिलती रहेगी, क्योंकि बर्फबारी और बारिश से पिछले सप्ताह जैसी ठंड नहीं होगी।

मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार सुबह धूप निकली और न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। दिन में तेज हवाएं चलने और अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। अगले चार दिन तक मौसम खुला ही रहेगा। सुबह-शाम तो ठिठुरन रहेगी, लेकिन दिन के समय ठंड से कुछ राहत मिलेगी।

स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत ने बताया कि दो से चार फरवरी के बीच जम्मू-कश्मीर की तरफ एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, जबकि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब में हल्की बारिश होने की संभावना बन रही है। इससे पहले जैसी ठंड नहीं लौटेगी, लेकिन सर्दी में थोड़ा इजाफा जरूर हो सकता है।

## नई आबकारी नीति के तहत 552 दुकानें खुलीं

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार की नयी आबकारी नीति के तहत राष्ट्रीय राजधानी के अलग-अलग इलाकों में 28 जनवरी तक शराब की 552 दुकानें खुल चुकी हैं। दिल्ली में 849 दुकानें खोले जाने की मंजूरी दी गई है। ये नीति पिछले साल 17 नवंबर को लागू की गई थी।

शराब की संचालित दुकानों की अद्यतन सूची आबकारी विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। नयी आबकारी नीति के तहत राजधानी में शराब का व्यवसाय पूरी तरह से निजी हाथों में सौंप दिया गया है जिसके तहत 32 जोन में शराब की 849 दुकानें खोलने की अनुमति दी गई है। शराब की दुकान खोलने के लिए कम से कम 500 वर्ग मीटर की जगह होनी चाहिए।

# गर्भवती महिलाओं के बदले नियम पर महिला आयोग खफा, एसबीआई ने सर्कुलर को ठंडे बस्ते में डाला



● नई भर्ती के लिए जारी दिशा-निर्देश पर विवाद, स्वाति मालिवाल ने जारी किया नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गर्भवती महिलाओं की भर्ती से संबंधित सर्कुलर को ठंडे बस्ते में डालने का शनिवार को फैसला किया। इस सर्कुलर को लेकर एसबीआई को विभिन्न क्षेत्रों से आलोचना का सामना करना पड़ रहा था। एसबीआई ने गर्भवती महिला उम्मीदवारों के लिए निर्धारित नियमों समेत 'बैंक में भर्ती संबंधी फिटनेस मानदंड' की हाल में समीक्षा की थी।

समीक्षा के बाद जारी नए नियमों के तहत तीन माह से अधिक अवधि की गर्भवती महिला उम्मीदवारों को 'अस्थायी रूप से अयोग्य' माने जाने की बात कही गई। इसके अलावा गर्भवती महिलाएं प्रसव के चार महीने के भीतर ही नौकरी शुरू कर सकती हैं। वहीं दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को शनिवार को नोटिस जारी किया। डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल ने ट्वीट करके कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि भारतीय स्टेट बैंक ने तीन महीने से अधिक अवधि की गर्भवती महिलाओं की भर्ती को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं और उन्हें अस्थायी रूप से अयोग्य करार दिया है।

यह भेदभावपूर्ण और अवैध है। हमने उन्हें नोटिस जारी कर इस महिला विरोधी नियम को वापस लेने की मांग की है। आयोग ने नोटिस में नए दिशा-निर्देशों की एक प्रति के साथ-साथ इससे पहले लागू समान नियमों की एक प्रति मांगी है।

# जिम मालिकों का मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन

● डीडीएमए के फैसले पर जताई नाराजगी, फिटनेस केंद्र खोलने की मांग




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 के मामलों में कमी आने के बावजूद जिम बंद रखे जाने के फैसले के विरोध में सैकड़ों जिम मालिकों ने यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास तक शनिवार को मार्च निकाला।

प्रदर्शनकारियों ने जिम और 'स्पा' खोलने की अनुमति दिए जाने की मांग की तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने चंदगी राम अखाड़ा से सिविल लाइंस स्थित फ्लैगस्टाफ रोड तक विरोध मार्च निकाला। बहरहाल, उन्हें दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास से कुछ मीटर पहले रोक दिया। दिल्ली जिम एसोसिएशन (डीजीए) के अध्यक्ष चिराग सेठी ने कहा कि हमने सरकार और दिल्ली के उपराज्यपाल को जिम मालिकों और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की समस्या से अवगत कराने के लिए विरोध मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण पिछले दो साल में फिटनेस से जुड़े उद्योग को पहले ही काफी नुकसान हो चुका है और हमारे प्रतिष्ठानों को खोलने की अनुमति नहीं देना हमारे कारोबार को बंद करने का फरमान देने के समान होगा।

उन्होंने कहा कि शहर में कोविड-19 के मामलों में भारी कमी आई है और मल्टीप्लेक्स, रेस्तरां तथा बार जैसे अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को फिर से खोले जाने की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने सवाल किया कि फिर फिटनेस केंद्रों को खोलने की अनुमति क्यों नहीं दी जा रही। सेठी ने कहा कि यह एक उचित मांग है। सरकार और डीडीएमए को अपनी अगली बैठक में इस पर जल्द से जल्द विचार करना चाहिए।

# एनडीएमसी प्रमुख स्थानों व चौराहों पर कलाकृतियां लगाएगा

● आजादी का अमृत महोत्सव पर कला और संस्कृति को बढ़ावा देने का निगम कर रहा प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने नई दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख गोल चक्करों और अन्य प्रमुख स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से विषय-आधारित कलाकृतियों को स्थापित करेगी।

यह जानकारी एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने दी। सतीश उपाध्याय ने कहा कि यह परियोजना माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी कि परिकल्पना पर भारत की स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष का जश्न आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर पूरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कार्य एनडीएमसी द्वारा साहित्य कला परिषद के सहयोग से एक स्कल्पचर कैंप का आयोजन करके पूरा किया जाएगा। जहां 12 प्रसिद्ध मूर्तिकलाकार 12 काले संगमरमर से मूर्तियां तैयार करेंगे, जिन्हे बाद में नई दिल्ली क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर प्रदर्शित किया जाएगा। इन कलाकृतियों के बारे में जानकारी देते हुए उपाध्याय ने बताया कि ये 12 कलाकृतियाँ 6 से 8 फीट के आकार में प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि ये कलाकार, 75 वर्षों के प्रगतिशील भारत और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए अपने भारतीय समकक्षों की घनिष्ठ बातचीत के साथ भारतीय संस्कृति, विरासत और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों पर अपनी कलाकृतियों को मूर्त रूप देंगे।



उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य नई दिल्ली क्षेत्र के शहरी भूनिर्माण में कलात्मक रूप का संवर्द्धन करना है और उसमें सौन्दर्यकारक बदलाव लाना है। उपाध्याय ने कहा कि कारीगरों के लिए यह अच्छा मौका है कि वे प्रतिदिन नई दिल्ली क्षेत्र में आने वाले हजारों देशी और विदेशी आगंतुकों के प्रति अपनी प्राकृतिक और मौलिक प्रतिभा का प्रदर्शन इसके माध्यम से कर सकेंगे।

# कुख्यात सोनू दरियापुर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बवाना में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद कुख्यात सोनू दरियापुर गिरोह के 22 साल के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि मुठभेड़ में वह घायल हो गया है।

पुलिस ने बताया कि पूठ खुर्द निवासी कुलदीप उर्फ असलम को एक खुफिया सूचना मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया। वह बवाना पुलिस थाने में दर्ज लूट और चोरी के दो मामलों में वांछित था। पुलिस ने बताया कि उसके पास से एक देसी पिस्तौल, खाली कारतूस और कथित तौर पर लूटी गयी एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक खुफिया सूचना मिलने पर बवाना सेक्टर-3 में आरोपी को पकड़ने की योजना बनायी गयी जहां वह अपनी मोटरसाइकिल पर आया था। जैसे ही उसने पुलिस को देखा तो एक गोली चलायी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी पांच गोलियां चलायीं और उसे पकड़ लिया। अधिकारी ने बताया कि कुलदीप को पैर में एक गोली लगी है और उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार



गणतंत्र दिवस समारोह के समापन के प्रतीक के रूप में होने वाला 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह संपन्न। इस दौरान राष्ट्रपति भवन में तिरंगे से जगमगा उठा।

## किसान त्रस्त, सीएम प्रचार में व्यस्त : सोलंकी

**नई दिल्ली।** चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि पिछले सीजन में लगातार बेमौसम की बारिश से पहले ही किसानों को भारी नुकसान पहुंचा था और अब ठंड के सीजन में भी लगातार बेमौसम की बारिश से सरसों और गेहूं की फसलें नष्ट हो गयी हैं। मगर बड़े दुख की बात है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके सभी मंत्री दिल्ली के लोगों की मुश्किलों को अनदेखा करके अन्य राज्यों में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि हमने पिछले सीजन में भी फसलों को हुए भारी से भी हमारी मीटिंग हुई और आखिरकार दिल्ली देहात के किसानों को मुआवजा दिए जाने पर सहमति बनी। सरकार की ओर से 50 हज़ार रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजे का ऐलान भी किया गया।

## आध्यात्मिक गुरु का अनुयायी बता ठगी, 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में खुद को एक आध्यात्मिक गुरु का अनुयायी बता कर और परेशानी दूर करने का झांसा देकर लोगों को ठगने के आरोप में लव कुमार, आशु अरोड़ा और रजनी अरोड़ा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि रोहिणी दक्षिण पुलिस थाने में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने कहा कि कुछ लोगों ने उसे ठगा और उसका कीमती सामान चोरी हो गया। मंगलवार दोपहर को लगभग सवा 12 बजे उसके पास एक व्यक्ति किसी का पता पूछने आया। पीड़िता ने कहा कि तभी अचानक से एक महिला भी आई और उसने दावा किया कि वह व्यक्ति राधा स्वामी का अनुयायी है और समस्याओं का समाधान बताता है।

# वार्ड 58 में स्लम डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

● स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के मद्देनज़र दक्षिणी निगम का अनूठा प्रयास



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के मद्देनज़र दक्षिणी निगम ने अनूठा प्रयास करते हुए, मध्य जोन के हरिजन कैंप लोधी रोड में स्लम डेवलपमेंट प्रोग्राम का भी उद्घाटन किया औरतीन स्वच्छ गली घोषित की गयी।

हरिजन कैंप लोधी रोड (वार्ड 58) में घोषित इन स्वच्छ गली में सूखे और गीले कूड़े को अलग-अलग किया जाएगा और स्वच्छता पर विशेष बल दिया जाएगा। इस विशेष प्रयास से स्थानीय बच्चों के द्वारा उनके अभिभावकों को स्वच्छता व सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई गई। मौके पर ही 28 बच्चों द्वारा उनके अभिभावकों की शपथ का प्रमाणपत्र सौंपा गया,जिसमे लिखा गया है कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नही करेंगे व गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करेंगे। हरिजन कैंप लोधी रोड मे एक खुले स्थान पर कूड़ा फेंकते थे उसे निगम द्वारा साफ कराकर,दीवारों पर स्वच्छता से संबंधित सुन्दर पेंटिंग बनाई गई। इसके अतिरिक्त एसडीएमसी ने आईटीसी वॉव और ब्रांड एंबेसडर के सहयोग से आज हरिजन कैंप, लोधी रोड पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन ने लगभग 35 स्थानीय बच्चों ने रुचि दिखाते हुए भाग लिया।

# फसलों के नुकसान पर मुआवजा दे सरकार : कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस ने दावा किया है कि पिछले वर्ष अगस्त-सितम्बर में भारी बारिश से दिल्ली देहात के सैंकड़ों किसानों की फसल के नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए कांग्रेस के लगातार दबाव के कारण मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने किसानों को मुआवजा देने के लिए 20 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से दिल्ली कैबिनेट को मंजूरी देनी पड़ी।

प्रदेश कार्यालय में किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए शनिवार को



दिल्ली देहात के किसानों ने प्रदेश अध्यक्ष चौ अनिल कुमार का स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जनवरी 2022 में हुई रिकार्ड तोड़ बारिश से हुए फसलों के नुकसान का जल्द सर्वे कराकर 30 दिनों के भीतर किसानों को मुआवजा दे। चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि पंजाब में केजरीवाल के झूठे बयान कि उन्होंने दिल्ली में किसानों को फसल बर्बाद होने का मुआवजा दे दिया है। उसकी सच्चाई सबके सामने उजागर हो गई क्योंकि केजरीवाल ने पंजाब में किसानों की सहानुभूति लेने और दोहरे चरित्र को साफ करने के लिए ही केबिनेट में मुआवजे को मंजूरी दी है। बीस हजार रुपये प्रति एकड़ के मुआवजे से किसानों की लागत की भरपाई तक नहीं होगी।

# प्रदूषण के कारण पर्यटन स्थलों पर जाने से कतरा रहे लोग

## अक्टूबर 2019 से मार्च 2020 के बीच 6 माह के दौरान किया गया अध्ययन, दर्शकों में आई खासी कमी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने से बाजार, वाणिज्यिक और पर्यटन स्थलों पर जाने वाले लोगों की तादाद 33 फीसदी तक कम हुई है।

एक नए अध्ययन में यह जानकारी सामने आई। जलवायु तकनीक पर काम करने वाली स्टार्टअप कंपनी 'ब्लू स्काई एनालिटिक्स' और डेटा एनालिटिक्स कंपनी 'नियर' ने, नई दिल्ली के लोकप्रिय खरीदारी, वाणिज्यिक और पर्यटन स्थलों- करोल बाग, लोधी गार्डन्स और कनाट प्लेस में जाने वाले लोगों की संख्या पर पड़ने वाले प्रदूषण के उच्च स्तर के प्रभाव का अध्ययन किया है। यह अध्ययन अक्टूबर 2019 से मार्च 2020 के बीच छह महीने के दौरान किया गया। इस अवधि को हफ्तों में बांटा गया और अध्ययन में 'पहला हफ्ता' एक अक्टूबर 2019 से लिया गया। अनुसंधानकर्ताओं ने ब्लू स्काई एनालिटिक्स द्वारा मुहैया कराए गए वायु गुणवत्ता के आंकड़े के साथ बढ़ते हुए प्रदूषण के स्तर की तुलना उक्त स्थलों पर जाने वाले लोगों की संख्या से की। इसमें 'मशीन लर्निंग' तकनीक की सहायता ली गई।



अध्ययन में सामने आया कि कनाट प्लेस में, दसवें सप्ताह और 14 वें सप्ताह के बीच जब पीएम2.5 कणों की मात्रा 336 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी, तब वहां जाने वाले लोगों की संख्या 17,000 प्रतिदिन से घटकर 14,000 प्रतिदिन रह गई।

इसी प्रकार करोल बाग में पांचवें सप्ताह (नवंबर की शुरुआत) में प्रदूषण का स्तर 25 प्रतिशत बढ़ने से वहां जाने वाले लोगों की की संख्या में 33 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

रिपोर्ट में कहा गया कि पांचवें सप्ताह के दौरान, पीएम स्तर 443 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया और इससे उपभोक्ताओं ने यात्रा नहीं करने का निर्णय लिया।

अध्ययन में कहा गया कि लोधी गार्डन क्षेत्र में अक्टूबर के अंत से नवंबर मध्य के बीच जाने वाले लोगों की संख्या 900 प्रतिदिन से घटकर 700 प्रतिदिन रह गई।

## सुंदर सिंह, बलवान सिंह सोलंकी, गगनदीप सिंह आप में शामिल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में 'आप' विधायक जरनैल सिंह ने कांग्रेस नेता सुंदर सिंह, एडवोकेट राज बलवान सिंह सोलंकी, समाज सेवी रणजीत कौर तथा अकाली दल नेता गगनदीप सिंह चियासी का आम आदमी पार्टी में स्वागत किया।

पालम से 'आप' विधायक भावना गौर और तुगलकाबाद से 'आप' विधायक सहीराम पहलवान ने सभी को टोपी और पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। आम आदमी पार्टी से तिलक नगर के विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि दिल्ली की अरविंद केजरीवाल की सरकार के कामों और विकास मॉडल से प्रभावित होकर लगातार अलग-अलग राजनीति पार्टियों और अलग-अलग कुनबों से अच्छे लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

# भाजपा निगम के होर्डिंग का पैसा डकार रही : आप

● भारद्वाज का आरोप, कहीं भी होर्डिंग लगाने पर भगवा पार्टी निगम को भुगतान नहीं करती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

होर्डिंग्स के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर हमला बोला है। आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने भगवा पार्टी पर दिल्ली में मुफ्त में होर्डिंग्स लगाने का आरोप मढ़ा।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने एमसीडी को करोड़ों का किराया नहीं दिया है। इसलिए, जहां से निगम को राजस्व आ सकता है वह नहीं आता जिसके कारण एमसीडी कंगाल रहती है। एक होर्डिंग की साइट का किराया एक से डेढ़ लाख रुपए महीना है।

इस अनुसार प्रति वर्ष एक होर्डिंग का किराया 2680 करोड़ रुपया बनता है जो निगम को मिलना चाहिए। विधानसभा में एमसीडी से पूछा गया कि क्या प्रदेश भाजपा के होर्डिंग्स का किराया लिया जाता है, तो निगम के कमिश्नर ने कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है।

उल्टा कल साउथ एमसीडी की स्थाई समिति की बैठक में एक प्रस्ताव लगाया गया कि विधानसभा को किसी भी प्रश्न का जवाब नहीं दिया जाए। भारद्वाज ने भाजपा से सवाल पूछा कि अगर होर्डिंग्स लगाने के करोड़ों रुपयों का किराया निगम को दिया है तो वह बताए कि कितना पैसा दिए हैं।

# हरियाणा की झांकी के लिए करें अधिक से अधिक वोटिंग: सांगवान

## संयुक्त निदेशक एनसीआर आरएस सांगवान ने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गणतंत्र** दिवस के अवसर पर हरियाणा-खेलों में नंबर-वन की थीम पर आधारित हरियाणा की झांकी ने ओलंपिक की यादें एक बार फिर ताजा कर दीं। इस झांकी ने हरियाणा वासियों सहित देश की जनता में जोश भर दिया। जब झांकी की पहली झलक देशवासियों ने देखी तो लगा उनके सामने कोई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता हो रही है, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने जीत का परचम लहराकर तिरंगे को फहराया हो और दुनिया के पटल पर भारत का मान बढ़ाया हो।

सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक आरएस सांगवान ने बताया कि झांकी की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि इसमें योगेश्वर दत्त, बजरंग पुनिया, कुमारी रानी रामपाल और सुमित अंतिल सहित कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की मौजूदगी रही। इन खिलाड़ियों ने ओलंपिक से लेकर एशियन और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। झांकी के माध्यम से देश के सभी राज्यों व अन्य राष्ट्रों को न केवल हरियाणा की खेल प्रतिभाओं से नई प्रेरणा मिली बल्कि वे इस छोटे से राज्य की बड़ी उपलब्धियों के भी साक्षी बने। राजपथ पर आकर्षण का केंद्र रही हरियाणा की यह झांकी अब बेस्ट टेबल्यू प्रतियोगिता में दूसरे राज्यों की झांकियों को टक्कर दे रही है।



राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हरियाणा की झांकी। (फाइल फोटो)

सांगवान ने बताया कि विजय रथ रूपी इस झांकी को महानिदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग ने अथक मेहनत से तैयार किया था। दो हिस्सों में बनी हरियाणा की झांकी के अगले हिस्से में घोड़े व भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के प्रतीक शंख थे। घोड़ों से जुता रथ महाभारत युद्ध के विजय रथ का प्रतीक है। यहां रखा शंख भगवान श्रीकृष्ण के शंख का प्रतीक है।

### झांकी के लिए इस तरह से करें वोट

**हरियाणा** की इस झांकी के लिए वोटिंग जारी है। हरियाणा की झांकी को वोट करने के लिए सबसे पहले https://mygov.in/group-poll/vote-your-favorite-tableau-republic-day-2022/https://t.co/nCapqFOB1P पर जाएं। मोबाइल नंबर के जरिए ओटीपी से साइन इन करें। इसके बाद टेबल्यू के पोल पर जाएं। इसमें स्टेट टेबल्यू के विकल्प पर जाकर तीन नंबर पर हरियाणा के लिए वोट करें। सांगवान ने आमजन से बढ़-चढ़कर हरियाणा की झांकी के लिए वोट करने की अपील की है।

# स्कूल खुलने पर भी रहेगा ऑनलाइन कक्षाओं का विकल्प

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एक** फरवरी से 10वीं व 12वीं तक के स्कूलों को खोलने की इजाजत भी सरकार द्वारा दे दी गई है। वहीं जो छात्र स्कूल नहीं आ सकेंगे, उनकी ऑनलाइन कक्षा का विकल्प जारी रहेगा।

स्कूल संचालकों को ये आदेश भी दिए गए हैं कि वे कोरोना से बचाव के लिए जारी सभी दिशा-निर्देशों का पूरा पालन कराएं और छात्रों को कोरोनारोधी टीका लगवाने के लिए प्रोत्साहित करें। जो छात्र-छात्राएं ये टीका लगवा चुके हैं, उन्हें ही स्कूलों में आने की इजाजत होगी। छात्रों और उनके अभिभावकों पर निर्भर रहेगा कि वह ऑफलाइन पढ़ाई के लिए स्कूल आते हैं या फिर ऑनलाईन पढ़ाई ही जारी रखते हैं। सरकार का यह भी कहना है कि छात्रों की उपस्थिति के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

उधर अभिभावकों का भी कहना है कि स्कूल खोलने का सरकार ने अच्छा निर्णय लिया है। यह नहीं कहा जा सकता कि कोरोना कब तक चलेगा। कोरोना से बचाव के लिए

## एक फरवरी से खुल जाएंगे दसवीं व 12वीं तक के स्कूल

जारी दिशा-निर्देशों का स्कूल संचालकों को पूरा पालन कराना चाहिए।

गौरतलब है कि पिछले काफी समय से निजी स्कूल संचालक भी मांग करते आ रहे हैं कि स्कूलों को खोला जाए। इसके लिए उन्होंने कई जिलों में प्रदर्शन आदि भी किए थे। गौरतलब है कि कोरोना की तीसरी लहर के चलते प्रदेश में पहली जनवरी से सभी स्कूल बंद हैं। पहले 12 जनवरी तक स्कूलों को बंद किया गया था, जिसे बाद में 26 जनवरी तक और अब 31 जनवरी तक बढ़ा दिया गया था।

जबकि अध्यापक व अन्य स्टाफ स्कूलों में आते रहे हैं। पिछले दो साल से कोरोना के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। इसी सबको देखते हुए प्रदेश सरकार ने यह फैसला लिया है कि पहली फरवरी से 10वीं व 12वीं तक के स्कूल खोल दिए जाएं।

# मार्केट कमेटी का अतिक्रमण के खिलाफ अभियान हुआ फेल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अनाज** मंडी में मार्केट कमेटी का अतिक्रमण का सफाया करने के उद्देश्य से चलाया अभियान मात्र खानापूर्ति बनकर रह गया। मंडी परिसर में अतिक्रमण करने वालों की संख्या हर रोज बढ़ती जा रही है। इसपर मार्केट कमेटी अधिकारी चुप्पी साधकर बैठे हुए हैं। अभियान की शुरूआत में पहले दिन कमेटी प्रशासन ने दुकान, आढ़त और आम रास्ते पर लगी रेहड़ियों का सफाया करने को अभियान चलाया था। लेकिन दुकानदार व आढ़तियों के विरोध को देखते हुए मार्केट कमेटी प्रशासन ने अपने कदम वापस ले लिए। उसके बाद 25 अतिक्रमण करने वालों को कारण बताओं नोटिस जारी कर दिए और उन्हे दो दिन का समय दिया गया।


सोहना की अनाज मंडी में रेहड़ियों से फैला अतिक्रमण।

नोटिस जारी करने के बाद कमेटी अधिकारी दिया गया दो दिन के समय को ही भूल गए। दस दिन बीत जाने के बाद भी दिए गए नोटिसों के आधार पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया गया मात्र दिखावा बनकर रह गया। सूत्रों के अनुसार मार्केट कमेटी के अधिकारी राजनीति दवाब में आ गए हैं।

**दुकान व आढ़तों के सामने भी कब्जा:** यहां बैठे छोटे दुकानदारों से लेकर आढ़तियों ने अवैध कब्जा करने की होड़ मचा रखी है। सरकारी जमीन पर चबूतरे रातों-रात बनकर तैयार हो जाते हैं। इसपर मार्केट कमेटी, प्रशासन आंखें बंद करके बैठा हुआ है। इस बारे में जब मार्केट कमेटी के अधिकारियों से सर्म्पक करना चाहा तो उन्होंने फोन तक उठाना मुनासिफ नहीं समझा। अधिकारी अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान फेल होने का कारण बताने से बच रहे हैं।

# भगवान परशुराम परामर्श केंद्र में ब्रह्म रसोई की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ब्राह्मण** वेलफेयर एसोसिएशन व गुड़गांव विकास मंच द्वारा भगवान परशुराम परामर्श केंद्र राजीव नगर ईस्ट में शनिवार को अपनी ब्रह्म रसोई की शुरुआत की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन महिला विंग अध्यक्ष उषा भारद्वाज, निगम पार्षद अश्वनी शर्मा, नमो सेना प्रदेश अध्यक्ष गगनदीप सिंह चौहान मौजूद थे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि कन्याओं को भोजन कराकर इस रसोई की शुरुआत की गई है। क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को इस ब्रह्म रसोई में निशुल्क भोजन की व्यवस्था रहेगी। नमो सेना अध्यक्ष गगनदीप चौहान ने कहा कि हमारी संस्था समय-समय पर जरूरतमंद


राजीव नगर में ब्रह्म रसोई के शुभारंभ के मौके पर बच्चियों को सम्मानित करते आयोजक।

लोगों को उपहार में सूखा राशन वितरित करती है। महिला जिला अध्यक्ष उषा भारद्वाज ने कहा कि ब्राह्मण सभी समाज को साथ लेकर चलता है। इस दौरान समाजसेवी चितांबर शर्मा, समाजसेवी बनवारी लाल शर्मा, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष सरोज यादव, समाजसेवी शिव शंकर भारद्वाज, आचार्य गौरी शंकर गौतम, लायंस क्लब के चेयरमैन दीपक कटारिया एडवोकेट, शिक्षाविद रत्ना जैन, समाज सेविका सोनाली बत्रा, डॉ. सुषमा पवार, कल्याण सिंह शर्मा पूर्व आईआरएस, श्रीराम सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज पाठक, जन सेवक क्रांति पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री अभिषेक ठाकुर ,राष्ट्रीय महामंत्री विक्रांत मक्कड़, प्राण शर्मा, फागुन, अंकित, राहुल पांडे, संजय भारद्वाज, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

# धीरज सेतिया की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 31 को

## उच्च न्यायालय में दूसरी याचिका पर सुनवाई छह को

**गुरुग्राम।** करोड़ों रुपए की चोरी के मामले के आरोपी तत्कालीन पुलिस उपायुक्त धीरज सेतिया की अग्रिम जमानत याचिका पर आगामी 31 जनवरी को जिला एवं सत्र न्यायालय में सुनवाई होगी। धीरज सेतिया के अधिवक्ता ने अदालत से यह आग्रह किया है कि जिस अदालत में उनकी जमानत याचिका लगी है, उसकी बजाय दूसरी अदालत में जमानत याचिका पर सुनवाई की जाए।

करोड़ों रुपए की चोरी के मामले में नाम आने के बाद सेतिया फरार चल रहे हैं और प्रदेश सरकार ने उन्हें निलंबित भी किया हुआ है। सेतिया ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में भी याचिका दायर की हुई है कि एसटीएफ द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को रद्द किया जाए, क्योंकि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। उच्च न्यायालय उनकी याचिका पर आगामी छह फरवरी को सुनवाई करेगा।

अगस्त में खेड़कीदौला पुलिस थाना क्षेत्र की एक आवासीय सोसायटी स्थित एक बिल्डर के फ्लैट से करोड़ों रुपए की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया था। जब उनका नाम इस मामले में आया तो प्रदेश सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। तभी से वह फरार चल रहे हैं।

# एक-दूसरे के उत्थान के लिए हमें करना है काम

## वैश्य महासम्मेलन के तत्वाधान में मनायी गई लाला लाजपत राय की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अखिल** भारतीय वैश्य महासम्मेलन की जिला गुरुग्राम इकाई के तत्वाधान में सेक्टर-5 पार्ट-6 में निर्माणाधीन श्री महालक्ष्मी जी मन्दिर के प्रांगण में अमर शहीद लाला लाजपत राय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह के साथ ही नवगठित जिला कार्यकारिणी की बैठक भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष डॉ. मनदीप किशोर गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के


गुरुग्राम में लाला लाजपत राय की जयंती पर आयोजित समारोह में दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

दिखाए हुए रास्ते पर चलते हुए हमें एक-दूसरे के उत्थान के लिए कार्य करना है। पूरे समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का प्रयास करना है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार संघी, राष्ट्रीय महामंत्री एवं गुरुग्राम के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल एवं हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हरियाणा के पूर्व राजनीतिक सलाहकार राजीव जैन का आभार व्यक्त किया। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा प्रदेश संयोजक बालकिशन अग्रवाल ने कहा कि वकालत के दौरान ही लाला जी देश को स्वतंत्र कराने के लिए हर संभव प्रयास में जुट गए थे। लाला लाजपत राय ने समाज में फैली कुरीतियों बाल-विवाह का विरोध किया तथा विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया। वह छोटी सी उम्र में ही कांग्रेस के अधिवेशनों में भाग लेने लगे। दिल्ली उद्योग व्यापार मंडल के संयोजक डॉ. राम गोपाल गोयल ने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से शहीदों को सम्मान दिया जा रहा है। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि हमें हमेशा समाज को साथ लेकर चलना चाहिए तथा हर सुख-दुख में एक-दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकार खड़े रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव अरूण अग्रवाल ने किया तथा सभी सदस्यों का परिचय कराया। इसके अलावा अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश सचिव दिनेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंघल, महालक्ष्मी मंदिर के प्रधान संजीव अग्रवाल व केएल गर्ग ने भी अपने विचारों से अवगत कराया।

# न्यू डंपिंग स्टेशन के कूड़ा-कचरा का सफाया साढ़े चार करोड़ से होगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद डंपिंग स्टेशन पर जमा कूड़ा -कचरा का सफाया करने के लिए साढ़े चार करोड़ रुपये खर्च करेगी। परिषद ने डंपिंग स्टेशन से कूड़ा-कचरा का सफाया करने के लिए ठेका छोड़ दिया है।

नगर परिषद का शहर के वार्ड-13 की पहाड़ कॉलोनी के साथ बना नगर परिषद का अस्थाई डंपिंग स्टेशन पर जमा कूड़ा-कचरा से उठती बदबू से सवालिया निशान लग रहे हैं। जिसको लेकर वन विभाग, निरंकारी प्रशासन और पहाड़ कॉलोनी के लोगों ने कई बार अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी थीं। वहीं एनजीटी ने शहर में लगे कूड़े के ढेरों का सफाया करने के उद्देश्य से कई बार जवाब भी मांगा गया है। शहर को गंदगी मुक्त बनाने के उद्देश्य से साढ़े चार करोड़ रुपये का ठेका छोड़ा है। ताकि बार-बार परिषद की कार्यवाही पर लग रहे सवालों का जवाब दिया जा सके।

### कूड़ा केन्द्र से रहता है बीमारियों का खतरा


शहर के कूड़ा-कचरा निस्तारण के लिए लगाई गई मशीन।

**नगर** परिषद के इस अस्थाई कूड़ा-कचरा केन्द्र को लेकर सुर्खियों में रहा है। कभी निरंकारी कॉलेज प्रशासन तो कभी वार्ड-13 के निवासी कूड़े से उठती बदबू तथा उससे होने वाली जानलेवा बीमारियों कारण परिषद के खिलाफ आंदोलन तक किए हैं। वन विभाग ने नगर परिषद को बीते तीन वर्ष में पांच से छह बार नोटिस तक दिए हैं। नगर परिषद के इंजीनियर सुशील ठाकान ने बताया कि कूड़ा निस्तारण करने का ठेका दे दिया गया है, उक्त कार्य मार्च माह तक पूरा हो जाएगा। एजेंसी भूमि को पूर्ण रूप से साफ-सुथरा करेगी।

### कचरा से होगा खाद तैयार

**कूड़ा-कचरा** छटनी से ठोस कचरा को बाहर कंपनियों में सप्लाई किया जाएगा। कूड़ा निस्तारण के दौरान बनने वाले खाद को मौके पर ही एकत्रित किया जाएगा। कूड़ा निस्तारण किए जाने से यहां की करीब 4 एकड़ जमीन पर फैला कचरे का का सफाया होगा।

# नियम 134ए के तहत दाखिले का दूसरा चरण शुरू

**गुरुग्राम।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शिक्षा के अधिकार अधिनियम 134ए के तहत दूसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया शनिवार से शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि अभिभावक व छात्र अब नए सिरे से निजी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए स्कूलों का चयन करेंगे।

निजी स्कूलों में नियम 134ए के तहत पात्र छात्रों को प्रवेश देने का मामला विवादों में रहा है। कई निजी स्कूल संचालकों ने इस नियम के तहत जरूरतमंद पात्र छात्रों को अपने यहां प्रवेश भी नहीं दिया है। अभिभावक व छात्र स्कूलों व सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटते-काटते परेशान भी हो गए हैं और अधिकांश पात्र छात्रों को अभी तक भी प्रवेश नहीं मिल सका है। शिक्षा विभाग भी मानता है कि पहले चरण के तहत बड़ी संख्या में पात्र छात्रों को इस नियम के तहत दाखिला नहीं मिल पाया है।

क्योंकि स्कूल संचालकों ने उन्हें दाखिला देने से मना कर दिया था। ऐसे छात्रों की भी सूची तैयार की जा रही है।

# शहर में खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का अभियान धीमा

**सोहना।** नगर परिषद का शहर में खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का अभियान कछुआ गति से चल रहा है। शहर के आम रास्ते व मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें खराब होने कारण अंधेरा छाया हुआ है।

नगर परिषद प्रशासन ने दिसम्बर माह में शहर की खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का अभियान शुरू किया था। जिसके लिए करीब 15 लाख से खराब स्ट्रीटों को ठीक करने का ठेका छोड़ा था। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी इन लाइटों को ठीक नहीं किया गया है।

### नई लाइटें लगाने का कार्य जारी

**नगर** परिषद प्रशासन ने शहर के ऐसे रास्ते, गली और मोहल्लों की सर्वे कराई है, जहां पर अभी तक एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। ऐसे स्थानों को चिन्हित कर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है, लेकिन पहले से लगीं स्ट्रीट लाइटों का खराब होने पर ठीक नहीं किया जा रहा है।

### एसडीएम ने भी मांगा था परिषद से जवाब

**शहर** की खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने को लेकर एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने लिखित जवाब मांगा था। स्ट्रीट लगाने वाली एजेंसियों की जमा अग्रिम राशि को जब्त करने के आदेश जारी किए थे। लेकिन परिषद का खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने का अभियान धीमी गति से चल रहा है।

### कहां-कहां हैं खराब लाइटें

**शहर** के बालूदा मार्ग, दमदमा मार्ग, पलवल मार्ग, सांप की नंगली मार्ग, चुंगी नंबर एक से बाजार में आने वाली सड़क सहित अन्य दर्जनों रस्ते हैं। जहां पर 40 से 50 फीसदी स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। जिन्हें खराब हुए दो से तीन माह बीत चुके है, लेकिन परिषद के कर्मचारी सही जानकारी अधिकारियों को नहीं दे रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



नेहरू युवा केंद्र की ओर से जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र के उपनिदेशक कृष्णलाल पारचा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता ममता धवन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लोकगीत एवं लोक नृत्य, एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही युवा क्लब ख्वासपुर द्वारा सूर्य नमस्कार थीम के तहत योगा का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में शामिल डॉ. प्रवीण सिंह फौगाट, तिलकराज बांगा ने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस प्रकार की प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लें। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में संजय सुनेजा, विनीत कुमार, मुकेश तनेजा शामिल रहे। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के रोहित, साहिल, रंजना, विशाल, अहमद, कपिल, राजकुमार, वर्षा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## शनिवार को 2020 लोग कोरोना को हराकर स्वस्थ हुए

**गुरुग्राम।** शनिवार को जिला में 2020 लोग कोरोना को हराकर स्वस्थ हुए, वहीं पिछले 24 घंटे में 7016 लोगों के सैंपल टेस्टिंग के दौरान जिला के 1338 नागरिकों में इस महामारी की पुष्टि हुई है। आज जिला में ओमिक्रोन का कोई नया मामला सामने नही आया। गुरुग्राम जिला में अब तक दो लाख 37 हजार 166 व्यक्ति कोरोना से जंग जीतकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिला में पॉजिटिविटी रेट 19.07 प्रतिशत है। अब जिला में 7706 मरीज एक्टिव हैं, जिनमें से 7555 होम आइसोलेशन में रहकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। जिला में व्यापक स्तर पर चलाये जा रहे टेस्टिंग अभियान के तहत अब तक 25 लाख 88 हजार 236 टेस्ट करवाए जा चुके हैं।

## नारी शक्ति पुरस्कार 2021 के लिए 31 जनवरी तक करें आवेदन

**गुरुग्राम।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले नारी शक्ति पुरस्कार-2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अब केवल 2 दिन शेष हैं। पुरस्कार के लिए 31 जनवरी 2022 तक प्राप्त आवेदनों, नामांकनों पर ही विचार किया जाएगा। जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने बताया कि केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से नारी शक्ति पुरस्कार-2021 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। यह पुरस्कार आठ मार्च को अंतर्रराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने को मान्यता देते हैं। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा हर साल व्यक्तियों और संस्थानों को महिला सशक्तीकरण, विशेष रूप से कमजोर और हाशिए पर रहने वाली महिलाओं के लिए इनकी सेवा के सम्मान में नारी शक्ति पुरस्कार दिया जाता है। प्रत्येक विजेता को पुरस्कार में रूप में प्रमाण पत्र और दो लाख रुपये की नकद राशि दी जाती है। उपायुक्त ने बताया कि पुरस्कारों की अधिकतम संख्या (व्यक्तिगत और संस्थागत सहित) 15 हो सकती है। हालांकि, अधिकतम संख्या में किसी प्रकार की छूट की अनुमति महिला एवं बाल विकास मंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति के विवेक पर दी जा सकती है। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफारिशों पर भी विचार किया जाता है। चयन समिति पर्याप्त औचित्य के साथ अपनी इच्छा के अनुरूप पुरस्कार के लिए किसी व्यक्ति/संस्था की सिफारिश भी कर सकती है।

## पुराना रेलवे फाटक 45ए पर अंडरपास का मुद्दा गर्माया

**गुरुग्राम।** हेलीमंडी में पुराने रेलवे फाटक 45ए के ऊपर रेलवे ओवरब्रिज बनाया गया है, तब से यहां दुकानदारों का काम कम होता जा रहा है। कोरोना काल के दौरान लॉकडाउन में दुकानें बंद रखने की वजह से दुकानदारों पर दोहरी मार पड़ी है। एक तो दुकानें बंद रहीं, वहीं बिजली के बिल का पूरा भुगतान किया गया और पालिका प्रशासन के द्वारा किराया भी वसूल किया गया। अब एक बार फिर से हेलीमंडी में पुराना रेलवे फाटक 45ए पर सब-वे या फिर अंडरपास बनाने की मांग ने जोर पकड़ा है। इस मांग को लेकर लाइन के दोनों तरफ के दुकानदारों द्वारा शनिवार को हेलीमंडी नगर पालिका के चेयरमैन सुरेश यादव को ज्ञापन सौंपा गया। मांग की गई कि पालिका हाउस में प्रस्ताव पास करके इस समस्या का समाधान करवाया जाए। इस मौके पर दैनिक रेलयात्री संघ के अध्यक्ष योगेंद्र चौहान, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन रह चुके श्यामलाल अग्रवाल, संतलाल, दिनेश कुमार, बलजीत, जय प्रकाश गोयल, दौलत, संतलाल सैनी, पवन टेका, धर्मवीर शर्मा, पंकज शर्मा, रिंकू, जयप्रकाश गोयल आदि ने यह ज्ञापन सौंपा।


अंडरपास बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते दुकानदार।

## आज 45 केन्द्रों पर लगेगी पहली, दूसरी व बूस्टर डोज

**गुरुग्राम।** जिला में वैक्सीनेशन अभियान के तहत रविवार को 45 केन्द्रों पर कोविशिल्ड की पहली व दूसरी डोज लगाई जाएगी। वहीं बूस्टर डोज के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स व 60 वर्ष से अधिक आयु के वे लोग जो गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त हैं, उनको भी उक्त केन्द्रों पर कोविशिल्ड के टीके लगाए जाएंगे। इसके साथ ही जिला में कोवैक्सीन के रूप में दो केन्द्र पर दूसरी डोज व 43 केंद्रों पर ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग कर आने वाले लोगों को बूस्टर डोज के टीके लगाए जाएंगे। वहीं सेक्टर 31 स्थित पॉलीक्लीनिक में स्पूतनिक वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई जाएगी। शिक्षा व नौकरी के लिए विदेश जाने के लिए चयनित नागरिक सेक्टर 31 पॉलीक्लीनक में जाकर अपना कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगवा सकते हैं। इस केंद्र पर वैक्सीन के पचास स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही इस स्वास्थ्य केंद्र पर स्पूतनिक वैक्सीन की दूसरी डोज भी लगाई जाएगी। यहां दूसरी डोज के रूप में सौ स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। इसके अतिरिक्त जिन नागरिकों को कोविशिल्ड का पहला या दूसरा टीका लगवाना है वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी कोरोना रोधी वैक्सीन लगवा सकते हैं। रविवार को 45 टीकाकरण केंद्रों पर उपर्युक्त वैक्सीन के कुल 14 हजार स्लॉट उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ उपरोक्त केन्द्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स व 60 वर्ष से अधिक आयु के वे लोग जो कॉर्बिटी से प्रभावित उनके लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से नौ हजार 450 स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। बूस्टर डोज़ के लिए किसी प्रकार के नए रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है। वहीं जिन नागरिकों को कोवैक्सीन के रूप में अपनी दूसरी डोज लगवानी है उनके लिए दो स्थानों पर 300 स्लॉट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही जिनको कोवैक्सीन के रूप में बूस्टर डोज लगवानी है। उनके लिए 43 केंद्रों 300 स्लॉट उपलब्ध करवाए गए हैं। वहीं जिला में दो स्थान पर डोर टु डोर अभियान के तहत कोविशिल्ड व कोवेक्सीन के टीके लगाए जाएंगे। वैक्सीनेशन कार्य देख रहे गुरुग्राम के उप सिविल सर्जन डॉक्टर एमपी सिंह ने बताया कि टीका लगवाने के लिए लाभार्थी को किसी प्रकार के पूर्व रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है।

# लापरवाही से समस्याओं का गढ़ बनी संजय कॉलोनी

## दस महीने पहले खोदी गई सड़क की आज तक नहीं हो सकी मरम्मत

**कविता।** फरीदाबाद

**संजय** कॉलोनी में रहने वाले लोग आए दिन परेशान हो रहे हैं। गलियों में सीवरेज से निकाली गई गंदगी डाली जा रही है। वहीं मुख्य सड़क की खुदाई के बाद दस महीने तक ऐसे ही छोड़ दिया गया। जगह-जगह खुले मेनहॉल के ढक्कन के कारण लोग परेशान हैं।

ऐसे में यहां गाड़ियों के गड्ढों में फंसने की समस्याएं भी सामने आ रही हैं। यहां ढक्कन न होने से एक गाड़ी का टायर उसमें फंस गया। जिससे लोगों को परेशान होना पड़ा।


संजय कालोनी स्थित 33 फीट रोड पर 10 महीने पहले खोदी गई सड़क में धस गया टेम्पो

दस महीने पहले सीवरेज ठीक करने के लिए खोदी गई सड़क की अब तक मरम्मत नहीं हुई। जिसमें वाहन आए दिन फंस रहे हैं।

### ये है पूरा मामला

**संजय** कॉलोनी की 33 फुट रोड पर जगह-जगह सीवरेज के ढक्कन खुले पड़े हैं। सीवर लाइन ठीक करवाने के लिए करीब दस महीने पहले संजय कालोनी स्थित पुलिस चौकी के पास खुदाई की गई थी, लेकिन इसके बाद इस सड़क की दोबारा आज तक मरम्मत नहीं करवाई गई। खुदाई के बाद से ही जमीन धंसने के कारण बीच सड़क पर गड्ढा हो गया है।

ऐसे में यहां से न तो वाहन के निकलने की जगह है और न ही पैदल जाने का रास्ता है। इस सड़क के आसपास नाली का काम भी चल रहा है। ऐसे में नाले से निकली गंदगी भी सड़क पर ही डाली जा रही है। जिससे सड़क पर चारों तरफ कीचड़ फैल गया है। सड़क पर मलवा और कीचड़ पड़ा होने से स्थानीय निवासियों को परेशानियां हो रही हैं। यहां गलियों में अब सीवर का पानी भरने की समस्या भी सामने आ रही है। जिससे लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है।

### फंस रहे वाहन

**संजय** कालोनी की 22 फुट, 33 फुट रोड मुख्य सड़कें हैं, लेकिन इन सड़कों की हालत इस तरह से खस्ता हो चुकी है कि यहां से निकलना भी दूभर है। जबकि इस कालोनी में सेक्टर-24-25, 58 और सेक्टर-56 में काम करने वाले लाखो मजदूर और उनके परिवार रहते हैं। ऐसे में जिन सड़कों का इस्तेमाल लाखों पैदल मजदूर करते हैं। लेकिन सड़कें पैदल चलने लायक नहीं बची है। जिस कारण उन्हें रात के समय कालोनियों में अपने घरों तक आने में परेशानी होती है। गहरे गड्ढों और खुले सीवरेज के ढ़क्कनो के कारण वाहन चालकों का तो यहां से निकलना भी दुर्भर हो रहा है।

## लापता हुई युवती को परिजनों से मिलवाया

**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सुरजीत की टीम ने संजय कॉलोनी से गुम हुई लड़की को ओल्ड फरीदाबाद से बरामद कर परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य किया है।

लड़की घरवालों से किसी बात को लेकर नाराज थी। परिजनों के मुताबिक लड़की 24 जनवरी को संजय कॉलोनी अपने घर से बिना बताए कही चली गई थी। इस संबंध में थाना मुजेसर में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर लड़की को ओल्ड फरीदाबाद से बरामद किया है। लड़की ओल्ड फरीदाबाद में किराए के मकान में रह रही थी। जो किसी बात को लेकर घर वालों के साथ नाराज हो गई थी।

# आज से सात फरवरी तक 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का रखा लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हजारों** लाखों नौजवानों के बलिदान के बाद 15 अगस्त 1947 को हमें विदेशी दासता से स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी, जिसे अब 75 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं, जिसे पूरा देश अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। क्रीड़ा भारती ने अन्य अनेक सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर पूरे देश में 30 जनवरी 2022 से 7 फरवरी 2022 तक 75 करोड़ सूर्य नमस्कार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

एनआईटी स्थित गोल्फ क्लब में शनिवार को क्रीड़ा भारती के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष योगेश्वर दत्त ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि वैश्विक चुनौतियों का समाधान केवल योग और अध्यात्म के मार्ग और एकात्मता के मार्ग से ही निकलेगा और ये जो महामारियां हैं, रोग हैं और दुख दर्द, झूठ, बेईमानी, विलासिता है, इन सबका समाधान अष्टांग योग के मार्ग से ही निकलेगा। सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं, सामाजिक संगठन तथा आम नागरिक 75 सूर्य नमस्कार डाट काम वेबसाइट पर अपना व्यक्तिगत रूप से या संस्थागत रूप से पंजीकरण करवा सकते हैं।



75 करोड़ सूर्य नमस्कार की जानकारी देते क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य सदस्य।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रान्त संपर्क प्रमुख गंगाशंकर मिश्रा ने कहा कि संघ एवं संघ के सभी आनुषांगिक संगठन, समाज के अन्यान्य सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक तथा योग से जुडी सभी संस्थाएं साथ मिलकर सूर्य नमस्कार महायज्ञ में न केवल स्वयं भाग लेंगे अपितु समाज के अधिक से अधिक लोगों को इस महायज्ञ में आहुति डालने के लिए प्रेरित करेंगे, इससे देश की युवा शक्ति में योग के साथ साथ राष्ट्रीयता की भावना का जागरण होगा। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार 8 योगों का मिश्रण है। जिससे मस्तिष्क सहित सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम हो जाता है।

क्रीड़ा भारती के विभाग संयोजक संदीप सिंह ने कहा कि फरीदाबाद विभाग में (फरीदाबाद पश्चिम महानगर, फरीदाबाद पूर्व महानगर, बल्लभगढ़ जिला एवं पलवल जिला) में प्रत्येक प्रत्येक नगर, ग्राम व बस्ती में सूर्य नमस्कार महायज्ञ के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष आनंद मेहता ने वार्ता में पधारे सभी पत्रकार भाई बहिनों का आभार व्यक्त करते हुए निवेदन किया कि स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित इस सूर्य नमस्कार महायज्ञ का अधिकाधिक प्रचार प्रसार हो और इस महायज्ञ में अधिक से अधिक आहुति पड़ें, ऐसा प्रयास हम सभी करेंगे।

इस अवसर पर कीड़ा भारती के प्रदेश सचिव राजेंद्र कड़वासरा, जिला सचिव आशीष, पलवल जिलाध्यक्ष सतवीर पटेल, संघ के महानगर संघचालक संजय अरोडा, किक बॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष रवि खत्री, अधिवक्ता एवं भाजपा नेता राजकुमार शर्मा, अधिवक्ता परिषद् के जिलाध्यक्ष रविंदर गुप्ता, जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपू रावत, भाजपा क़ानूनी प्रकोष्ठ से अधिवक्ता अमित कालरा, समाज सेवी विमल खंडेलवाल, अधिवक्ता राजेंद्र गोयल आदि उपस्थित रहे।

# सेक्टर-24 और 25 में बनेंगे चार पार्क: शर्मा


कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लबगढ़

**कैबिनेट** मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शनिवार को सेक्टर-24 व 25 को सवा तीन करोड़ रुपये के विकास कार्यों सौगात दी है। परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने सेक्टर-25 और सेक्टर-24 में करीब 3 करोड़ 23 लाख के कार्यो का शिलान्यास किया है। इन विकास कार्यों में सेक्टर-25 में बनेंगे 4 पार्क वही सेक्टर-24 में करीब 3 किलोमीटर लंबी ग्रीन बेल्ट बनेगी।

प्रदेश के परिवहन, खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार में विकास कार्यो के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा वार्ड -1 में और औद्योगिक सेक्टरों में भी जमकर विकास कार्य चल रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए खजाने के द्वार खोल रखे हैं।

इसी की बदौलत बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करवाए जा रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से शिक्षा व चिकित्सा सहित बिजली, स्ट्रीट लाइट, आरएमसी रोड, पेयजल सप्लाई की लाईनें, ट्यूबवेल, सीवरलाइन, पार्क और लोगों के अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास के क्षेत्र में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को रोलमॉडल बना कर ही दम लूंगा। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने राजीव कालोनी में अधूरे पड़े बारात घर के रुके हुए कार्य को भी शुरू कर दिया है।

# हमला करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों से वारदात में प्रयोग लोहे की रॉड और डंडा बरामद किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-18** की मार्केट में युवक पर तंदूर के सरियों और हथौड़े से वार कर गंभीर रूप से घायल करने वाले दो फरार आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने मारपीट की वायरल वीडियो में जानकारी देते हुए बताया कि फरार चल रहे आरोपी अर्जुन और निक्की को ओल्ड थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर दिनेश और उनकी टीम ने बाईपास रोड साईं धर्म कांटा से आज रात गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपी मुख्य आरोपी अर्जुन न्यू बसेलवा कॉलोनी में और निक्की राजीव कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद में रहता हैं।


आरोपी अर्जुन, निक्की और साहिल।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अर्जुन की सप्लीमेंट्स की दुकान है। जो तीनों आरोपी एक दूसरे को जिम में आने जाने पर जानते हैं। पुलिस टीम ने बताया कि आरोपी अर्जुन और निक्की को आज माननीय अदालत पेश करके बंद नीमका जेल करा दिया है। आरोपी साहिल को ईआरवी टीम ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया था। जिसे पूछताछ पूरी होने उपरांत शुक्रवार को ही अदालत में पेश करके नीमका जेल भेज दिया गया था।

# डीआरएम ने टीम संग लिया रेल परिचालन सुरक्षा का जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पिछले** दिनों एक मालगाड़ी के मथुरा-पलवल सेक्शन में वृंदावन भूतेश्वर रेलवे स्टेशन के बीच दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दिल्ली डिवीजन के अधिकारी भी हरकत में आ गए। शनिवार को डिवीजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) डिंपी गर्ग अपनी टीम के साथ फरीदाबाद-पलवल सेक्शन में रेल परिचालन सुरक्षा का जायजा लिया। इस मौके पर उन्हें यहां यूनियन के लोगों ने घेर लिया और अपनी विभिन्न मांगों को उनके सामने रखा।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को डीआरएम अपनी टीम के साथ दोपहर सवा दो बजे फरीदाबाद स्टेशन पहुंचे। यहां रेलवे यूनियन के पदाधिकारियों ने उनका घेराव कर उन्हें अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। घेराव के बाद स्टेशन का निरीक्षण किए बगैर पांच मिनट स्टेशन पर रुकने के बाद चले गए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फरीदाबाद-पलवल सेक्शन में रेल परिचालन सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। खास कर रेलवे ट्रैक और सिगनल प्रणाली अपडेट होनी चाहिए। सूत्रों की माने तो उन्होंने पलवल स्टेशन पर करीब दो घंटे तक निरीक्षण किया। रजिस्टर आदि चेक किए। इसके बाद फरीदाबाद आए थे। यूनियन के शाखा सचिव देवेन्द्र सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष नवीन यादव, संजीत कुमार, अमित चौधरी, नवदीप अन्य ने एनआरएमयू शाखा फरीदाबाद ने डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने फरीदाबाद, बल्लभगढ़, असावटी व प्याला के रेलवे कॉलोनी में पीने लायक पानी उपलब्ध करवाने की मांग की है।


डीआरएम से बातचीत करते यूनियन के कर्मचारी।

## आगरा से गुम हुई लड़की को परिजनों को सौंपा

**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सुबह सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी चावला कॉलोनी प्रभारी सब इंस्पेक्टर चमन की टीम ने लावारिस घूम रही नाबालिग 17 वर्षीय लड़की को परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य किया है।

चावला कलोनी की पुलिस टीम रात्रि गश्त पर थी। रात्रि करीब 11 बजे चावला कॉलोनी 100 फुट रोड पर एक नाबालिक लड़की घूमते हुए मिली। जिसे पूछताछ की गई तो लड़की ने बताया कि वह आगरा से यहां अपने रिश्तेदार के घर आई है। जिसका वह पता भूल गई है। लड़की से काफी पूछताछ के बाद उसके पिता का फोन नंबर मिला। जिस पर बात करने से पता चला कि लड़की घर से बिना बताए हुए निकली हुई है। लड़की की गुमशुदगी की शिकायत थाना शाहगंज आगरा में दी हुई है। लड़की के पिता ने अनुसंधान अधिकारी का मोबाईल नंबर भी चावला कलोनी गश्त कर रही पुलिस को दिया।

# पीएनजी की कीमत निर्धारित करने पर बल दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीएलएफ** इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने फरीदाबाद में पीएनजी की अधिकतम कीमतों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस संबंध में केंद्र व राज्य सरकार से हस्तक्षेप करने व अन्य शहरों के समान पीएनजी की कीमतों को निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मल्होत्रा ने बताया कि फरीदाबाद में अदानी समूह द्वारा पीएनजी की सप्लाई की जाती है जिसके रेट निकटतम शहर गुरुग्राम व दूरस्थ शहर अहमदाबाद दोनों से अधिक हैं। आपने बताया कि फरीदाबाद में 18 से 20 रूपये प्रति यूनिट पीएनजी की दरों से गैस खरीदनी पड़ रही है। जोकि गुरूर्ग्राम व अहमदाबाद दोनों शहरों से अधिक है।

मल्होत्रा के अनुसार उद्योग प्रबंधक फरनेंस, बॉयलर और अन्य उपकरणों में पीएनजी का उपयोग करना चाहते हैं और वर्तमान में यदि एमएसएमई सैक्टर्स पीएनजी उपकरणों की ओर पड़ता है तो गैस की अत्याधिक कीमतें समस्याएं बढ़ा देती हैं जिस पर सरकार को ध्यान देते हुए हस्तक्षेप करना चाहिए।

डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन से भी आग्रह किया है कि वह पीएनजी जैसे ईंधन को सस्ता करने व गुरुग्राम के अनुरूप इसकी दरें निर्धारित करने की ओर ध्यान दें। श्री मल्होत्रा का मानना है कि अदानी को भी चाहिए कि वह स्वस्थ व्यापार के नियमों की पालना करते हुए पीएनजी की कीमतों को कम करने की ओर कदम बढ़ाए।

एसोसिएशन के सदस्यों का मानना है कि अदानी पीएनजी को सस्ती दरों में गैस उपलब्ध करानी चाहिए और इसके लिये केंद्र सरकार को गाइडलाईन बनानी चाहिए। जिसमें साफ हो कि पीएनजी की कीमतों में एकरूपता बनी रहेगी। बताया गया है कि जनवरी 2021 से जनवरी 2022 तक पीएनजी की कीमतों में 77 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है जोकि काफी अधिक है। उद्योग प्रबंधक एवं टैक्सटाइल प्रोसैसिंग से जुड़े श्री सतेंद्र चौहान का मानना है कि पीएनजी को पूर्ण ईंधन के रूप में तभी प्रयोग किया जा सकता है जब इसकी कीमतों में कमी लाई जाए। एसके बत्तरा, प्रमोद अग्रवाल, एसके लूथरा, बलदेव आहुजा, भूपिन्द्र सिंह, दीपक पंडोई, भूपिन्द्र पाल सिंह, विजय राघवन, एम पी रूंगटा व विशाल मल्होत्रा ने भी पीएनजी की कीमतों में कमी करने की आवश्यकता पर बल दिया है।


जेपी मल्होत्रा।

## किसानों को सम्मानित करने के लिए शुरू की योजना

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि किसानों की आय वर्ष 2022 तक दोगुनी करने की दिशा में प्रदेश सरकार पूर्णत: प्रयासरत है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा समय समय पर किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें अनुदान भी दिए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार ने इसी क्रम में अब प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को प्रेरित करने व प्रगतिशील किसानों की पहचान तथा उन्हें सम्मानित करने व साथी किसानों को सर्वोत्तम कृषि प्रणालियों को अपनाने के लिए 'मुख्यमंत्री प्रगतिशील किसान सम्मान योजना' की शुरुआत की है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ महावीर सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत चयनित किसानों को कृषि तथा सम्बन्धित क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए नगद पुरस्कार प्रदान करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# युवाओं को पोर्टल से मिलेगी कॅरियर संबंधी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** सरकार द्वारा युवाओं को कॅरियर संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से हरियाणा कौशल रोजगार निगम पोर्टल https://hkrnl.iti-haryana.gov.in लांच किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं को कॅरियर सम्बन्धी जानकारी देकर उनका कौशल विकास किया जाएगा।

डीसी जितेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं को पोर्टल के माध्यम से हरियाणा के सरकारी विभाग, निगम, बोर्ड, विश्वविद्यालय व अन्य सरकारी संस्थान आदि में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके लिए प्रार्थी को पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण करने के लिए परिवार पहचान पत्र सहित अन्य दस्तावेज व प्रमाण पत्र होने अनिवार्य है। डीसी ने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर राज्य के युवा विभिन्न पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। सरकार द्वारा इस प्रणाली पर रखे गए कर्मचारियों को इपीएफ, ईएसआई आदि जैसी सभी सुविधाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत नियुक्तियां मेरिट के आधार पर की जाएंगी। इससे पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित होगी, सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को इस पोर्टल के माध्यम से नियुक्त किया जा सकेगा। सभी योग्य युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।


डीसी जितेंद्र यादव।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोनाः एक मौत और 475 संक्रमित, 982 ठीक

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना से आए दिन मौत होने की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा की जा रही है। शनिवार को जहां कोरोना से एक मौत हो गई, वहीं दूसरी तरफ मृतकों की संख्या का आंकड़ा 734 पर पहुंच गया। शनिवार को 475 नए संक्रमित सामने आए हैं। जिससे जिले में कोरोना पॉजिटिव की संख्या का आंकड़ा 123487 पर पहुंच गया। जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 982 मरीजों के ठीक होने से 4925 पर पहुंच गया है। जिसमें होम आईसोलेशन में 4825 और अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या 107 है। अस्पताल में भर्ती 107 मरीजों में 17 ऑक्सीजन पर हैं। वहीं 21 गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीज आईसीयू में और सात मरीज वैंटीलेटर पर भर्ती किए गए हैं। जिले में रिकवरी रेट 95.41 पर है। जिले में कोरोना की समाप्ति के लिए जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शनिवार को 8197 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। इसमें हेल्थ केयर वर्करों को 38, फ्रंट लाईन वर्करों में 13 को और बुजुर्गों में 315 ने बूस्टर डोज लगवाई। 15 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 498 ने और 18 प्लस आयुवर्ग में 4952 ने और 45 प्लस आयुवर्ग में 2381 ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। वहीं कोरोना की जांच अधिक से अधिक की जा रही है। जिसके तहत पिछले 24 घंटे में सरकारी और निजी प्रयोगशालाओं में 4025 सैम्पल जांच किए गए है। सरकारी प्रयोगशालाओं के 2761 और निजी प्रयोगशालाओं के 812 मरीजों की जांच रिपोर्ट आनी शेष है।


कोरोना से बचाव का टीका लगवाता व्यक्ति।

### रेडक्रॉस ने किया वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

**फरीदाबाद।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, जय सेवा फाउंडेशन, रामा कृष्णा फाउंडेशन व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ इंडियन ऑयल डेवलपमेंट सेंटर प्लॉट सेक्टर 67 फरीदाबाद में कोविड-19 वैक्सीन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जय सेवा फाउंडेशन के संरक्षक गंगा शंकर मिश्र कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार उपस्थित थे। गंगा शंकर मिश्र ने बताया कि जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव का उद्देश्य है। बगैर वैक्सीन के हमारे शहर में यदि व्यक्ति ना रह जाए इसी को ध्यान में रखते हुए! सभी सामाजिक संगठनों, एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से टीकाकरण की मुहिम बहुत ही सुंदर तरीके से जोर शोर से चलाई जा रही है। प्रत्येक दिन हजारों की तादाद में लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। जिला प्रशासन के द्वारा बहुत ही शानदार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके लिए मैं सभी को धन्यवाद प्रेषित करता हूं। रेडक्रॉस सेक्रेटरी विकास कुमार ने बताया कि दूरदराज इलाकों में जाकर लोगों को व्यक्ति लगाई जा रही है। हम सभी का केवल एक ही लक्ष्य है अंतिम छोर तक लोगों को इसका लाभ मिल सके। जिसके लिए सामाजिक संगठन भी हमें भरपूर सहयोग कर रहे हैं।


वैक्सीन कैम्प में महिला का हौसला बढ़ाते संस्था के पदाधिकारी।

### भाजपा नेता ने किया जिम का उद्घाटन


जिम का उद्घाटन करने पहुंचे अश्विनी त्रिखा।

**फरीदाबाद।** वरिष्ठ भाजपा नेता अश्विनी त्रिखा एडवोकेट ने कहा है कि युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने शरीर आंतरिक व बाहरी रूप से मजबूत बनाने के लिए संकल्पित होना चाहिए क्योंकि मौजूदा समय में नशा एक ऐसी बीमारी है, जिसकी जकड़ में आने से न केवल एक मनुष्य बल्कि पूरा परिवार तबाह हो जाता है इसलिए इस कुरीति से युवाओं को दूर रहने की जरूरत है। अश्विनी त्रिखा आज वार्ड नंबर 16 के अंतर्गत आने वाले गांव बडखल में 'द हंटर फिटनेस' जिम का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री एवं युवा समाजसेवी प्रवीण चौधरी भी मौजूद थे। इस अवसर पर जिम के संचालक हाजी ताहिर खान ने एडवोकेट अश्विनी त्रिखा व प्रवीण चौधरी को फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर हाजी सरदार खान, डाक्टर नासिर खान, मुजाहिद खान, माजिद खान, जाकिर खान, जिशान खान, साजिद खान सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बेटियों को आम आदमी पार्टी में मिलेगा सम्मान


छात्र संघ नेता मोनिका को आप पार्टी में जोड़ते कार्यकर्ता।

**फरीदाबाद।** वार्ड नंबर 37, आजाद नगर बल्लभगढ़ से मोनिका मोरिया, एमए पॉलिटिक्स को पार्टी में शामिल कराया गया। मोनिका मोरिया एक क्रांतिकारी नौजवान छात्र संघ की नेता है। शनिवार को उन्होंने बल्लबगढ़ से प्रत्याशी रहे हरेंद्र भाटी एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के जोन अध्यक्ष अमन गोयल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का दामन थामा। मोनिका मोरिया ने पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए वार्ड नंबर 37 से चुनाव लड़ने की इच्छा भी जाहिर की। इस मौके पर जोन कोषाध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने कहा कि आज सभी साथियों ने मिलकर मोनिका मोरिया को पार्टी से जोड़ा तथा उन्हें आश्वस्त किया कि मेहनत करें ईमानदारी से अपनी टीम बड़ी करे। उन्होंने पार्टी के हित में अच्छा काम करने का आह्वान किया, जिससे भविष्य में पार्टी उनको वार्ड नंबर 37 से टिकट देकर चुनाव लडा सकें। दक्षिण हरियाणा व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमन गोयल ने इस मौके पर मोनिका मोरिया को बधाई दी और कहा कि आज युवा वर्ग आप पार्टी में अपनी आस्था जता रहे है और पार्टी को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मोनिका मोरिया एक पढ़ी लिखी शिक्षित युवा हैं, ऐसे क्रांतिकारी युवाओं के पार्टी में जुड़ने से मजबूती मिलेगी। इस मौके पर लोकेश अग्रवाल अध्यक्ष बल्लभगढ़ विधानसभा, सोनू मोरिया, ईशान यादव, नितिन राव, निशांत, दीपचंद, बसंत, शेर सिंह, अमर आदि मौजूद रहे।

### भैंस चोरी का आरोपी गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशों पर कार्य करते हुए थाना सेक्टर 8 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व पुलिस चौकी सेक्टर 11 प्रभारी प्रदीप की टीम ने चोरी हुई दो भैंसों और कटड़े को बरामद कर मालिक के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। गिरफ्तार आरोपी राजकुमार उर्फ राजू निवासी गांव लखनपुरा जागीर बड़ा आगरा का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर 11 की कृष्णा कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने सेक्टर 11 चौकी में आकर अपनी भैंसों की चोरी होने की शिकायत दी। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता के साथ भैंसों की निशानदेही की।

# सिद्धू ने अमृतसर पूर्व सीट से नामांकन दाखिल किया, अमरिंदर, बिक्रम मजीठिया को दी चुनौती

**भाषा।** अमृतसर



**पंजाब कांग्रेस** अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने शनिवार को अमृतसर पूर्व सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को पटियाला छोड़ने और उनसे मुकाबला करने की चुनौती दी। सिद्धू ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को सिर्फ अमृतसर पूर्व सीट से चुनाव लड़ने और मजीठा विधानसभा क्षेत्र छोड़ने की चुनौती दी।

बिक्रम सिंह मजीठिया, मजीठा सीट के साथ-साथ अमृतसर पूर्व सीट से भी चुनाव लड़ रहे हैं, जहां से सिद्धू फिर से चुनाव मैदान में हैं। अमृतसर पूर्व से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धू ने कहा, यदि आप (मजीठिया) में इतनी कुव्वत है, और लोगों पर विश्वास है तो मजीठा को छोड़ कर केवल यहां एक सीट से चुनाव लड़ें। क्या आप में हिम्मत है? पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की यह टिप्पणी कि वह सिद्धू को जीतने नहीं देंगे पर पंजाब कांग्रेस प्रमुख ने उन्हें (अमरिंदर को) पटियाला छोड़ने और अमृतसर पूर्व सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी। सिद्धू ने कहा, अमृतसर आइए। अमरिंदर ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किए जाने और बाद में कांग्रेस छोड़ने के बाद पंजाब लोक कांग्रेस नाम से अपनी नई पार्टी का गठन किया और विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के साथ गठजोड़ किया है। वह पटियाला शहर सीट से चुनाव लड़ेंगे। मजीठिया के दो सीट से चुनाव लड़ने पर सिद्धू ने कहा, वे (शिअद) केवल लूट का खेल खेलने आए हैं। लेकिन इस धर्म युद्ध में वे सफल नहीं होंगे क्योंकि जहां धर्म है वहां जीत है। शिअद पर पंजाब को लूटने का आरोप लगाते हुए सिद्धू ने कहा, यतो धर्मस्ततो जय: (जहां धर्म है वहां जीत है)। सिद्धू ने 30 साल से भी पहले दिवंगत हो गई अपनी मां का जिक्र किए जाने को लेकर राजनीतिक विरोधियों पर भी प्रहार किया। उन्होंने अपने राजनीतिक विरोधियों पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, वे इतने नीचे गिर गए हैं कि राजनीति करने के लिए मेरी मां का भी जिक्र कर दिया। मैं उनसे आरोप को साबित करने को कहता हूं। उल्लेखनीय है कि सिद्धू की बड़ी बहन होने का दावा करने वाली सुमन तूर ने एक दिन पहले पंजाब कांग्रेस प्रमुख के खिलाफ कई आरोप लगाए थे, जिनमें यह आरोप भी शामिल था कि सिद्धू ने 1986 में उनके पिता का निधन हो जाने के बाद मां को अकेले छोड़ दिया था। हालांकि, कांग्रेस नेता की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू इस पर एक स्पष्टीकरण देने आगे आईं। उन्होंने दावा किया कि सिद्धू के पिता ने उस महिला से शादी की थी जिनके अपने पूर्व के विवाह से दो बेटियां थी। उन्होंने कहा, ए दोनों बेटियां (तूर और उनकी बहन) अपनी मां के तलाक लेने के बाद उनके साथ घर छोड़ कर चली गई थीं जब सिद्धू सात साल के थे। इस बीच, सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के यह घोषणा करने पर कि पार्टी मुख्यमंत्री पद के चेहरे के साथ चुनाव लड़ेगी, वे लोग स्तब्ध हो गए हैं। सिद्धू ने अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा, इन दिनों उन्हें अपने सपनों में भी मैं ही नजर आता हूं और वे डर जा रहे हैं। गीदड़ों का झुंड शेर का शिकार करना चाहता है। पंजाब की 117 सदस्यीय विधानसभा के लिए 20 फरवरी को मतदान होगा और मतगणना 10 मार्च को होगी।

## कांग्रेस, जीएफपी ने टीएमसी-आईपैक पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत डेटा एकत्र करने का आरोप लगाया

**पणजी।** कांग्रेस और गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) एवं चुनावी रणनीति बनाने वाली फर्म आईपैक 14 फरवरी को होने जा रहे गोवा विधानसभा चुनाव से पहले संदिग्ध तरीके से मतदाताओं की निजी जानकारियां एकत्र कर रहे हैं। गोवा कांग्रेस महासचिव सुनिल कवथनकर और जीएफपी महासचिव (संगठन) दुर्गादास कामत ने संवाददाताओं से कहा कि दोनों दलों ने संयुक्त रूप से तृणमूल कांग्रेस एवं आईपैक के खिलाफ नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पास एक शिकायत दायर की है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस और आईपैक महिलाओं को कार्ड देकर दावा कर रही है कि ममता बनर्जी नीत पार्टी (टीएमसी) के यहां सत्ता में आने पर उन्हें पैसे मिलेंगे और इस सिलसिले में निजी जानकारियां एकत्र की जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया, तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया है कि करीब तीन लाख महिलाओं और दो लाख से अधिक युवकों को इन योजनाओं के लिए सूची में शामिल किया गया है।



रांची के बापू वाटिका में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिमा की सफाई करते कार्यकर्ता

## शुभेंदु अधिकारी के नेताई दौरे का विवरण लेने के लिए बंगाल के राज्यपाल ने मुख्य सचिव को तलब किया

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने झारग्राम जिले में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी से जुड़ी एक घटना के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए मुख्य सचिव (सीएस) एच के द्विवेदी को 31 जनवरी को एक बार फिर राजभवन में बुलाया है। धनखड़ को लिखे एक पत्र में अधिकारी ने कहा था कि उन्हें झारग्राम में नेताई जाने से रोका गया था, जहां उन्होंने करीब 11 साल पहले गोलीबारी में मारे गए लोगों को सम्मान देने की मांग की थी। इससे पहले भी राज्यपाल ने द्विवेदी को घटना की जानकारी लेने के लिए तलब किया था, लेकिन मुख्य सचिव बैठक में नहीं पहुंचे।

शुक्रवार को एक बयान में, जिसे बाद में राज्यपाल द्वारा ट्विटर पर साझा किया गया था, धनखड़ ने कहा, स्पष्ट और पुख्ता न्यायिक निर्देशों के बावजूद सात जनवरी को नेताई के निकट नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को रोके जाने के महत्वपूर्ण मुद्दे पर मुख्य सचिव द्वारा 25 जनवरी को दी गई गोलमोल और मूल मुद्दे से ध्यान भटकाने वाली प्रतिक्रिया चिंताजनक है। धनखड़ ने यह भी जानना चाहा कि किसके निर्देश के तहत मुख्य सचिव ने पूर्व में उनके कॉल का जवाब देने में असमर्थता के बारे में सूचित करते हुए संदेश भेजे थे। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी मामले के संबंध में व्यापक प्रतिक्रिया देने के लिए शीर्ष अधिकारी को अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है ... ऐसा नहीं होने पर यह माना जाएगा कि मुख्य सचिव राज्यपाल के कार्यालय के वैध निर्देशों की पूरी तरह से अवहेलना कर रहे हैं।

# शराबबंदी कानून की सफलता के लिए शिक्षकों की सेवा लेने के बिहार सरकार के कदम का विरोध

**भाषा।** पटना

**बिहार में** नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के एक आदेश को लेकर घमासान शुरू हो गया है जिसमें सरकारी स्कूल के शिक्षकों से राज्य के शराब निषेध कानून के उल्लंघन को रोकने के लिए अपनी ओर से प्रयास करने का आह्वान किया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा राज्य भर के अधिकारियों को शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी की गई, जिसमें यह आदेश दिया गया है कि स्कूलों के शिक्षण कर्मचारियों को नशामुक्ति के बारे में जागरूक किया जाए और शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध के उल्लंघन के बारे में जानकारी साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। राज्य में लगभग छह वर्षों से शराबबंदी लागू है।

सरकार ने आदेश में आश्वासन दिया है कि मामलों की सूचना देने वाले शिक्षकों की पहचान का खुलासा नहीं किया जाएगा। शिक्षकों से यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि स्कूलों के परिसरों को अवैध शराब के कारोबार का ठिकाने न बनने दें। विपक्षी दलों ने शिक्षकों को एक और गैर-शिक्षण कार्य में शामिल करने के लिए सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता असित तिवारी ने कहा, कुछ साल पहले, शिक्षकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि लोग खुले में शौच न करें और सरकार खुले में शौचमुक्त के अपने संदिग्ध दावों पर शर्मसार हुई। अब वे एक और बेवकूफी कर रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुख्य प्रवक्ता और विधायक भाई वीरेंद्र ने इस आदेश को तुगलकी करार दिया और कहा कि यह शक्तिशाली शराब माफिया के साथ सीधे टकराव में लाकर शिक्षकों के जीवन को खतरे में डाल सकता है। शिक्षक भी इस दृष्टिकोण से सहमत प्रतीत होते हैं। शिक्षकों के एक संगठन के प्रवक्ता अश्विनी पांडे ने इस आशय का एक वीडियो बयान जारी किया। पांडे ने कहा, शिक्षा का अधिकार कानून में कहा गया है कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाना चाहिए। सरकार से इस आदेश को वापस लेने का अनुरोध किया जाता है। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा, समाज को आकार देने में शिक्षकों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अगर उन्हें एक सामाजिक बुराई शराब के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने के लिए कहा जाता है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। मुख्यमंत्री की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने आरोप लगाया कि विपक्ष आदेश को मनमाना कहकर लोगों को गुमराह कर रहा है। कुमार ने सवाल किया, इसमें मनमाना क्या है? क्या शिक्षकों को अनुशासनात्मक कार्वाई की चेतावनी दी गई है? क्या शराबबंदी के समर्थन में मानव श्रृंखला को सफल बनाने में शिक्षकों ने अहम भूमिका नहीं निभाई? पिछले साल नवंबर से अब तक आधा दर्जन जिलों में जहरीली शराब की त्रासदियों में 50 से अधिक लोगों की जान गई है जिसके बाद से सरकार कई कदम उठा रही है।

## क्विक न्यूज

### श्रीनगर में आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर ग्रेनेड से हमला किया, कोई हताहत नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के महाराज बाजार इलाके में शनिवार को आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर ग्रेनेड फेंका लेकिन अब तक किसी के घायल होने की सूचना नही मिली है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यहां महाराज बाजार चौक इलाके में शाम साढ़े पांच बजे आतंकवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिसकर्मियों के एक दल पर ग्रेनेड फेंका। उन्होंने कहा कि विस्फोट से किसी के हताहत होने की खबर नही है। अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है और हमलावरों की तलाश की जा रही है।

### गायिका संध्या मुखोपाध्याय की हालत अभी भी नाजुक

**कोलकाता।** जानीमानी गायिका संध्या मुखोपाध्याय की हालत अभी भी नाजुक है, लेकिन इसमें पहले के मुकाबले थोड़ा सुधार हुआ है। यह जानकारी उस अस्पताल ने दी, जहां उनका इलाज चल रहा है। गायिका कोविड-19 से पीड़ित हैं। मुखोपाध्याय ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। अस्पताल ने शनिवार को एक बयान में कहा, गायिका की हृदय गति अनियमित है, जिसके लिए वह दवा ले रही हैं। साथ ही उनका रक्तचाप बनाए रखने के लिए भी उन्हें दवा दी जा रही है। उसने कहा, उनके कई अंगों में दिक्कत है और वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। वह अच्छी तरह से संवाद कर रही हैं। उसकी समग्र क्लीनिकल स्थिति स्थिर लेकिन नाजुक है। डॉक्टरों की एक टीम एक निजी अस्पताल में उनका इलाज कर रही है। उन्हे बृहस्पतिवार शाम को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद सरकारी एसएसकेएम अस्पताल से इस निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया था। मुखोपाध्याय ने इस सप्ताह की शुरुआत में पद्मश्री पुरस्कार लेने से इनकार कर दिया था। शास्त्रीय और अर्ध-शास्त्रीय गायिका, मुखोपाध्याय ने कई बंगाली और हिंदी फिल्मों के लिए गाने गाए हैं। उन्होंने एस डी बर्मन, मदन मोहन, नौशाद, अनिल विश्वास और सलिल चौधरी जैसे संगीत निर्देशकों के साथ काम किया।

### गोवा अवैध खनन मामले में भाजपा आरोप साबित करे या माफी मांगे: कांग्रेस

**पणजी।** कांग्रेस ने शनिवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने वर्ष 2012 का गोवा विधानसभा चुनाव जीतने के लिए उसके नेताओं पर अवैध खनन में शामिल होने के झूठे आक्षेप लगाए थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश चोडनकर ने कहा कि भाजपा अपने झूठे आरोपों के लिए माफी मांगे। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा शासित राज्य सरकार पिछले एक दशक के दौरान कोई भी घोटाले की रकम वसूलने में नाकाम रही है। पणजी में संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस की गोवा इकाई के अध्यक्ष चोडनकर ने कहा कि भाजपा ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार और इसके नेताओं पर खनन घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाते हुए कहा था कि इससे सरकारी खजाने को 35 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, विधानसभा की लोक लेखा समिति (पीएसी) की रिपोर्ट के आधार पर ए आरोप वर्ष 2012 में लगाए गए थे, लेकिन तथाकथित खनन घोटाले को लेकर भाजपा पिछले एक दशक के दौरान पैसा वसूल करने में क्यों नाकाम रही?

### 32 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान की चुरू जिला पुलिस ने 32 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह शराब ट्रक में बने गुप्त केबिन में रखकर हरियाणा से बाड़मेर ले जाई जा रही थी। चुरू के पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने शनिवार को बताया कि पुलिस टीम ने ट्रक के चालक हेमराज जाट (33) व खलासी गंगाराम (22) को गिरफ्तार किया है। ट्रक की तलाशी में अवैध शराब की 294 पेटी जब्त की गई। शराब को छिपाने के लिए ट्रक में एक विशेष केबिन बनाया गया था। इस केबिन में शराब रखी हुई थी तथा ऊपर कांच के टुकड़े भरे हुए थ। केबिन ट्रक के नीचे की ओर से खुलता है। उन्होंने बताया कि जब्त शराब विभिन्न ब्रांड की है जो हरियाणा के करनाल से राजस्थान के बाड़मेर ले जाई जा रही थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव को निलंबित किया गया

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव अरविंद कुमार सेंगवा को शनिवार को निलंबित कर दिया। राज्य के कार्मिक विभाग ने शनिवार को यह आदेश जारी किया। आदेश में राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के अधिकारी सेंगवा के निलंबन का कोई कारण नही दिया गया है लेकिन जानकारों का कहना है कि उनका निलंबन रीट पेपर लीक मामले में चल रही जांच के चलते किया गया है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 (रीट) परीक्षा का आयोजन बोर्ड के अधीन ही किया गया था। लेकिन इसके पेपर लीक मामले को लेकर राज्य सरकार लगातार विपक्ष के निशाने पर है। भाजपा के एक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि सरकार रीट परीक्षा को निरस्त कर मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपे। मामले की जांच पुलिस का विशेष ग्रुप (एसओजी) कर रहा है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार देर रात एक उच्च स्तरीय बैठक की और मामले में कड़ी कार्वाई के निर्देश दिए थे।

### 32 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान की चुरू जिला पुलिस ने 32 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह शराब ट्रक में बने गुप्त केबिन में रखकर हरियाणा से बाड़मेर ले जाई जा रही थी।चुरू के पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने शनिवार को बताया कि पुलिस टीम ने ट्रक के चालक हेमराज जाट (33) व खलासी गंगाराम (22) को गिरफ्तार किया है।ट्रक की तलाशी में अवैध शराब की 294 पेटी जब्त की गई। शराब को छिपाने के लिए ट्रक में एक विशेष केबिन बनाया गया था। इस केबिन में शराब रखी हुई थी तथा ऊपर कांच के टुकड़े भरे हुए थ। केबिन ट्रक के नीचे की ओर से खुलता है। उन्होंने बताया कि जब्त शराब विभिन्न ब्रांड की है जो हरियाणा के करनाल से राजस्थान के बाड़मेर ले जाई जा रही थी।

### ठाणे में आईएएस अधिकारी को पकड़ा, अब तक 13 गिरफ्तार

**पुणे।** महाराष्ट्र में वर्ष 2020 के दौरान आयोजित राज्यव्यापी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) परिणाम में कथित अनियमितता को लेकर पुलिस ने ठाणे में एक आईएएस अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुणे पुलिस के अधिकारी ने कहा, नौकरशाह सुशील खोडवेकर को ठाणे से गिरफ्तार किया गया है। उन्हें आज अदालत में पेश किया जाएगा। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या 13 हो गई है। शहर की पुलिस ने गत शुक्रवार को कहा था कि परीक्षा में शामिल 7,800 अभ्यर्थियों के अंकों में पैसे लेकर कथित तौर पर फेरबदल किया गया था। इसके पहले इस मामले में महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद (एमएससीई) के आयुक्त तुकाराम सुपे (अब निलंबित) समेत करीब 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।



भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में घायल तेंदुए का इलाज करते पशु चिकित्सक

## युवक ने 18 वर्षीया से बलात्कार कर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर डाला, गिरफ्तार

**होशियारपुर (पंजाब)।** पंजाब के होशियारपुर में 18 वर्षीय एक लड़की से बलात्कार करने और उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर डालने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बलात्कार की कथित घटना यहां कुछ महीने पहले हुई थी। उन्होंने कहा कि 22 वर्षीय आरोपी ने सोशल मीडिया वेबसाइट पर लड़की से दोस्ती की थी। थाना प्रभारी उप निरीक्षक हरप्रेम सिंह ने बताया कि आरोपी युवक छब्बेवाल पुलिस थानांतर्गत एक गांव का निवासी है और उसने लड़की का एक अश्लील वीडियो बनाकर उसे कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर डाल दिया था। सिंह ने कहा कि आरोपी विशाल चौधरी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और आगे की जांच जारी है। एसएचओ ने बताया कि चौधरी ने पिछले साल लड़की को किसी बहाने अपने घर बुलाया था और उसे नशीली दवा मिला हुआ पेय पदार्थ दिया था।

# द्रमुक ने नीट पर टिप्पणी के लिए तमिलनाडु के राज्यपाल पर साधा निशाना

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** में सत्तारूढ़ दल द्रमुक ने शनिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा पर राज्यपाल आर एन रवि की टिप्पणी पर शनिवार को कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि अगर वह रौब जमाते हुए राजनीति करने की कोशिश करते हैं तो वह इसमें कामयाब नहीं होंगे।

द्रमुक के तमिल दैनिक अखबार मुरासोली ने नगालैंड का राज्यपाल रहते हुए रवि के खिलाफ आलोचनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कई बार सवाल खड़ा होता है कि क्या रवि अपने अधिकार क्षेत्र से परे चले जाते हैं। गणतंत्र दिवस के भाषण में राज्यपाल द्वारा नीट का जिक्र किए जाने का हवाला देते हुए सत्तारूढ़ पार्टी के मुखपत्र ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इस टिप्पणी में तमिलनाडु के लोगों के आत्म सम्मान को निगलने का विचार है। मुखपत्र में कहा गया है कि नीट से छूट देने वाला विधेयक विधानसभा में पारित हो गया है और वह राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए लंबित है और जब पूरा राज्य मेडिकल दाखिलों के लिए परीक्षा के विरोध में है तो क्या रवि के लिए यह टिप्पणी करना (नीट का बचाव करते हुए) उचित है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सरकारी स्कूल के छात्रों का दाखिला नीट के आने के बाद बढ़ा है। मुखपत्र में प्रकाशित लेख में कहा गया है कि राज्यपाल रवि को पहले यह समझना चाहिए कि तमिलनाडु अन्य राज्यों की तरह नहीं है और यहां दूरवर्ती गांवों में रहने वाले लोगों की राजनीतिक समझ भी स्पष्ट है। अपने विचार रखने से पहले अगर रवि तमिलनाडु और उसके इतिहास को स्पष्ट रूप से समझते तो इससे उनके पद की प्रतिष्ठा बढ़ती।

# रीट संचालक बोर्ड का अध्यक्ष बर्खास्त, कड़े प्रावधानों वाले विधेयक लाने के संकेत

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान के** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी करने और कोताही एवं कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले हर व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्वाई करेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार ने परीक्षा संचालित करने वाले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डीपी जारौली को शनिवार को बर्खास्त कर दिया। राज्य सरकार ने आगामी विधानसभा सत्र कें दौरान परीक्षा में नकल एवं पेपर लीक आदि पर रोक के लिए कठोर प्रावधानों वाला विधेयक लाने के संकेत भी दिए।

गहलोत ने कहा कि परीक्षा देने वाले किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कुछ राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए ऐसा माहौल बना रहे हैं, जिससे कोई आगामी भर्ती परीक्षा न हो सके। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब उनकी सरकार राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 (रीट) पेपर लीक प्रकरण को लेकर मुख्य विपक्षी दल भाजपा के निशाने पर है। सरकार ने परीक्षा संचालित करने वाले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डीपी जारौली को शनिवार को बर्खास्त कर दिया तथा सचिव अरविंद कुमार सेंगवा (आरएएस) को निलंबित करने का आदेश जारी किया। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार बजट सत्र में नकल, पेपर लीक आदि पर रोक संबंधी कठोर प्रावधानों वाला विधेयक लाएगी। उन्होंने कहा, हम युवाओं के हितों के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। भविष्य में भर्ती परीक्षाएं निर्विघ्न तरीके से संपन्न हो इसके सुझाव देने हेतु उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति बनाई जा रही है। गहलोत ने एक बयान में कहा, देशभर में भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल एवं ठगी की खबरें आती रहती हैं। कई बार तो इसकी सूचना भी समय पर नहीं मिलती, जिसके कारण समय रहते कार्वाई नहीं होती, परन्तु रीट में फर्जीवाड़े की जब से सूचना मिली तब से विशेष पुलिस बल ने पूरी गंभीरता से जांच की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एसओजी को जांच के लिए पूरी छूट दी है। जिन लोगों की संलिप्तता पाई गई है, उन्हें गिरफ्तार करके सख्ती से पूछताछ की जा रही है और प्राप्त जानकारी के आधार पर लगातार कार्वाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी, कोताही एवं कर्तव्य में लापरवाही करने वाले सरकारी कार्मिकों को तत्काल निलंबित कर बर्खास्तग तक की कार्वाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी के क्रम में परीक्षा का आयोजन करने वाले बोर्ड की जिम्मेदारी तय करते हुए अध्यक्ष को बर्खास्त एवं सचिव को निलंबित किया गया है।

## लोकसभा अध्यक्ष ने शिशिर अधिकारी, कृष्णा राजू के खिलाफ अयोग्यता प्रक्रिया शुरू की

**भाषा।** नई दिल्ली



**लोकसभा अध्यक्ष** ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस और वाईएसआर कांग्रेस द्वारा अपने नेताओं-क्रमश: शिशिर अधिकारी तथा के. रघुराम कृष्ण राजू के खिलाफ दल-बदल विरोधी कानून के तहत दी गईं याचिकाओं को विशेषाधिकार समिति को भेज दिया है। शिशिर अधिकारी पश्चिम बंगाल के कांठी क्षेत्र से लोकसभा का प्रतिनिधित्व करते हैं। पिछले वर्ष मार्च में विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे। तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने लोकसभा अध्यक्ष को दी गई याचिका में दल-बदल विरोधी कानून के तहत सदन के सदस्य के रूप में शिशिर अधिकारी को अयोग्य घोषित करने का आग्रह किया था। वहीं, राजू आंध्र प्रदेश की नरसापुरम सीट से लोकसभा के सदस्य हैं और उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस के खिलाफ बगावत की थी। उनके बारे में समझा जाता था कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इसके चलते वाईएसआर कांग्रेस ने दल-बदल विरोधी कानून के तहत उनके खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष को याचिका दी थी। लोकसभा सचिवालय के बुलेटिन के अनुसार, लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय की ओर से संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा छह तथा लोकसभा सदस्य (दल-बदल के आधार पर अयोग्यता) नियम 1985 के नियम छह के तहत शिशिर अधिकारी के खिलाफ दी गई याचिका को प्रारंभिक जांच के लिए 11 जनवरी को लोकसभा अध्यक्ष द्वारा विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया।

## लोकायुक्त अधिनियम में संशोधन के विषय पर कांग्रेस ने एचुरी से हस्तक्षेप की मांग की

**तिरुवनंतपुरम।** लोकायुक्त अधिनियम में संशोधन के एलडीएफ सरकार के फैसले पर केरल में राजनीतिक विवाद थमता नहीं दिख रहा क्योंकि विपक्षी कांग्रेस के नेता वी. डी. सतीशन ने शनिवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) महासचिव सीताराम एचुरी को पत्र लिख कर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। सतीशन ने दशकों पुराने इस कानून में संशोधन के प्रस्तावित अध्यादेश को हाल में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मंजूरी नहीं देने का अनुरोध किया था। उन्होंने पत्र में कहा कि माकपा नीत सरकार का उद्देश्य राज्य में लोकायुक्त को कमजोर करना है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सतीशन ने अपने पत्र में एचुरी से 2011 और 2013 में राज्यसभा में दिए उनके (एचुरी के) स्वयं के तर्कों को याद करने का आग्रह किया, जिसमें लोकपाल को राजनीतिक नियंत्रण से स्वायत्त, पारदर्शी, व्यापक और स्वतंत्र बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया था।



# अंदरूनी घमासान से निपटना सपा के लिए बड़ी चुनौती

**शिव विजय सिंह। लखनऊ**



**उत्तर प्रदेश** के विधानसभा चुनाव में सबसे बड़े विपक्षी दल समाजवादी पार्टी का प्रदेश की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से जबरदस्त तरीके से आमना सामना होता दिखाई पड़ रहा है। इस चुनाव में दोनों ही दलों के सामने जबरदस्त चुनौती है। सत्ता पक्ष भाजपा के सामने अपनी जीती हुई सीटों को बचाना बड़ा टास्क है तो वहीं समाजवादी पार्टी के सामने सीटों में इजाफा करने के साथ ही पार्टी के भीतर उम्मीदवारी को लेकर चल रहे घमासान से निपटना भी बड़ी चुनौती है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ही मोहनलालगंज विधानसभा सीट को छोड़कर शेष बची आठ विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी को टिकट वितरण में अपने ही दल के नेताओं से संघर्ष करना पड़ रहा है जो सपा के लिए काफी घातक सिद्ध हो सकता है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की बिसात बिछ चुकी है। सभी दलों के लगभग 50 प्रतिशत से अधिक उम्मीदवार चुनावी रणभूमि में उतर चुके हैं। लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी होने के चलते यहां से चुनाव काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। आप के अलावा अभी तक किसी भी दल ने लखनऊ की विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के पत्ते नहीं खोले हैं। लखनऊ की नौ विधानसभा सीटों पर यदि 2017 के विधानसभा चुनाव में नजर डाली जाए तो देखने को मिलेगा की एक सीट मोहनलालगंज पर समाजवादी पार्टी ने जबकि आठ सीटों पर भाजपा ने जीत का परचम लहराया था। समाजवादी पार्टी ने टिकट वितरण के मामले में पहले ही यह साफ कर दिया था जिन विधानसभा सीटों पर सपा के मौजूदा विधायक हैं, उन सीटों पर कोई भी उम्मीदवारी न मांगी जाए। इस आधार पर मोहनलालगंज सीट पर सपा के मौजूदा विधायक अमरीश पुष्कर की उम्मीदवारी लगभग तय है। लखनऊ की शेष बची आठ विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी में उम्मीदवारी को लेकर जबरदस्त घमासान मचा हुआ है। लखनऊ की आठ सीटों पर समाजवादी पार्टी से करीब 100 उम्मीदवार काफी मजबूत तरीके से दावेदारी ठोक रहे हैं। इसमें कुछ पूर्व विधायक भी हैं। सरोजनीनगर से सपा मुखिया अखिलेश यादव के परिवार से तालुल्क रखने वाले अनुराग यादव ने दूसरी बार टिकट की दावेदारी पेश की है। इनके मुकाबले में शिव शंकर सिंह शंकरी भी प्रचार कर रहे हैं। इसके अलावा पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ल, ज्ञान सिंह और अजय यादव ने भी पार्टी से टिकट मांगा है। मलिहाबाद से सीएल वर्मा, पूर्व विधायक इंदल रावत, राजबाला रावत, सोनू कनौजिया, मोनू कनौजिया, डॉ. मोहन पासी, रंजीत रावत और कौशल किशोर उम्मीदवारी के लिए दावा ठोके हुए हैं। बीकेटी से 15 लोगों ने टिकट की दावेदारी कर दी है। इनमें से पूर्व विधायक गोमती यादव और राजेन्द्र यादव के नाम प्रमुख हैं। नए चेहरे के तौर पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, राम सागर यादव, रुद्र विनायक यादव, बृजेश सिंह यादव, मधुलिका यादव, विदेशपाल यादव, विजय सिंह यादव, नफीस बेग, कमला यादव, विशाल यादव और अभिषेक यादव जबरदस्त तरीके से सपा मुखिया अखिलेश यादव के सामने उम्मीदवारी के लिए अपनी पैरवी कर रहे हैं।

लखनऊ पश्चिम से पूर्व विधायक रेहान नईम, अरमान खान, वरुण शंकर शुक्ल, राजकुमार सिंह राजा, नवीन धवन बंटी, राशिद अली, प्रमोद सिंह यादव, खान मोहम्मद, वासिफ चौधरी, मोहम्मद हुसैन, इरशाद अहमद गुड्डू, मनीष यादव और अजय दीक्षित ने टिकट की दावेदारी पेश की है। लखनऊ मध्य से सचिन कंछल, जितेन्द्र यादव जीतू, मोहम्मद नईम उर्फ नम्मू, कामरान बेग, मुजीबुर्रहमान बबलू, फखरुल हसन चांद, सैय्यद यावर हुसैन रेशू, उमाशंकर यादव और मोहम्मद तारिक टिकट के दावेदार बने हुए हैं। लखनऊ कैंट से समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी पवन मनोचा, सुरेन्द्र सिंह, राजू गांधी, रितेश साहू, अनीस राजा, संपूर्ण बग्गा और सौम्या भट्ट खुद को दावेदार बता रहे हैं। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव टिकट न मिलने से नाराज होकर भाजपा का दामन थाम चुकी हैं। लखनऊ उत्तर से सपा से पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश शुक्ला, दीपक, चांद सिद्दीकी, डॉ.आशुतोष वर्मा, प्रदीप सिंह और पूजा शुक्ला दावेदार बने हुए हैं। लखनऊ पूर्वी से प्रदीप सिंह बब्बू, राणा संकेत सिंह, गौरव सिंह यादव, सर्मिला महाराज, यासिर अजहर सिद्दीकी, डॉ. प्रदीप पांडे, डॉ. सिंधुजीत सिंह, राहुल कुमार सिंह और शैलेन्द्र सिंह बबलू टिकट की दावेदारी पेश कर चुके हैं।

# पडरौना सीट पर कांटे से कांटा निकालने की तैयारी में बीजेपी

**अभिषेक रंजन। लखनऊ**

● स्वामी प्रसाद के सामने होगा कभी कांग्रेस का करीबी रहा जगदीशगढ़ का राजघराना परिवार

● आजादी के बाद इस सीट पर आठ बार कांग्रेस का रहा कब्जा





**राजनीति** में कौन कब किस पाले में आकर खड़ा हो जाए यह कहना बहुत ही मुश्किल होता है। पडरौना से पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य अब साइकिल की सवारी कर रहे हैं लेकिन बीजेपी ने उन्हें उन्हीं के घर में घेरने की रणानीति पर काम किया है। स्वामी प्रसाद ने सपा की सदस्यता लेने के बाद खुलेआम कहा है कि वह बीजेपी के प्रत्याशी को यहां से हरा कर भेजेंगे। अब बीजेपी ने पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री आरपीएन सिंह को पार्टी में शामिल कर कांटे से कांटा निकालने की रणनीति के तहत काम किया है। स्वामी योगी सरकार में पांच साल कैबिनेट मंत्री रहे और योगी सरकार का गुणगान करते रहे और अब आरपीएन सिंह के बीजेपी में शामिल होने पर कह रहे हैं कि मेरा एक छोटा सा कार्यकर्ता उन्हें हरा सकता है। ऐसे में बीजेपी की रणनीति है कि पिछड़ी जाति के बाहुल्य वाली इस सीट से स्वामी के दंभ को तोड़ा जाए। बीजेपी ने पिछड़ी जाति के स्वामी प्रसाद के सामने वहां के रजवाड़े परिवार के कुर्मी बिरादरी के आरपीएन सिंह को राजनीतिक हथियार के रूप में प्रयोग किया है। इस सीट को लेकर अभी बीजेपी ने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन माना यही जा रहा है कि भाजपा पडरौना से आरपीएन सिंह को या फिर उनके परिवार के किसी सदस्य को चुनाव लड़ा सकती है।

आरपीएन सिंह सैंथवार कुर्मी जाति से आते हैं और वह जगदीशगढ़ रजवाड़े से ताल्लुक रखते हैं। जगदीशगढ़ स्टेट शुरू से ही नेहरू-गांधी परिवार के करीब रहा है और यही कारण था कि आरपीएन सिंह ने अपना राजनीति भविष्य कांग्रेस के बैनर तले शुरू किया। आरपीएन सिंह को भी कई चुनाव में स्वामी प्रसाद मौर्य ने टक्कर दी थी। कांग्रेस से जगदीशगढ़ परिवार का पुरानाा नाता रहा है। यही वजह रही कि आरपीएन सिंह ने 1996, 2002 और 2007 के विधान सभा चुनाव में पडरौना सीट से जीत हासिल की थी। 2009 में जब वह पहली बार पडरौना लोकसभा सीट से चुनाव जीते तो उन्हें तत्कालीन मनमोहन सिंह की अध्यक्षता वाली केंद्र की यूपीए-2 सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री बनाया गया था। उन्हें केंद्रीय राज्यमंत्री के रूप में गृह विभाग, सड़क परिवहन, पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस कारपोरेट मामले की भी जिम्मेदारी कांग्रेस सरकार ने दी थी। यही नहीं कांग्रेस संगठन में भी आपीएन सिंह को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। उन्हें झारखंड राज्य का प्रभारी का दायित्व और कांग्रेस ने मौजूदा विधान सभा चुनाव में अपनी स्टार प्रचार की सूची में भी शामिल किया था। पूर्वांचल की राजनीति में आरपीएन सिंह कुशीनर के आस-पास कई जिलों की सीटों पर खासा हस्तक्षेप रखते हैं। इस परिवार का गांधी परिवार से इतना गहरा नाता रहा कि पडरौना में जब भी पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी, संजय गांधी, राहुल -प्रियंका यहां आए तो यह सभी लोग इस राजघराने परिवार के गेस्ट होते थे। बीते 50 साल से पडरौना के इस परिवार के ही स्टेट में कांग्रेस का जिला कार्यालय चलता आ रहा था। आरपीएन के पिता सीपीएन सिंह ने भी 1969 में चुनाव जीतकर विधायकी संभाली थी।

## कुशीनगर जिले की विधान सभा सीटों की स्थिति

**कुशीनगर** जिले के खड्डा विधानसभा सीट से बीजेपी के जटाशंकर त्रिपाठी 22017 में विधायक चुने गए। पडरौना विधानसभा सीट से बीजेपी के स्वामी प्रसाद मौर्य विधायक चुने गए, तमकुही राज विधानसभा सीट से कांग्रेस के अजय कुमार लल्लू, फाजिलनगर विधानसभा सीट से बीजेपी के गंगा प्रसाद विधायक चुने गए। कुशीनगर विधानसभा सीट से बीजेपी के रजनीकांत, हाटा विधानसभा सीट से बीजेपी के पवन कुमार और रामकोला एससी विधानसभा सीट से सुहेलदेव पार्टी के रामानंद विधायक चुने गए। इन सभी सीटों पर जातिगत समीकरणों में ब्राह्मण, अनुसूचित जाति, मुस्लिम, यादव, क्षत्रिय, कायस्थ, वैश्य, कुशवाहा और सैंथवार मतदाता हैं। जो अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस बार सपा और ओम प्रकार राजभर साथ-साथ हैं। इसलिए यहां का मुकाबला बीजेपी के लिए दिलचस्प बन जाता है। राजभर और स्वामी प्रसाद दोनों ही कभी योगी सरकार के मंत्रिमंडल चेहरे थे।

## चुनावी समीकरण

पडरौना कुशीनगर जिले की छह विधानसभा सीटों में से एक है। आजादी के बाद से इस सीट से सबसे अधिक जीत कांग्रेस को मिली है। कांग्रेस ने आठ बार इस सीट पर जीत का स्वाद चखा है। गन्ने की मिठास के लिए मशहूर पडरौना की जनता ने हर विचारधारा को मौका दिया है। यहां तक की इस सीट से 1989 में सीपीआई का उम्मीदवार भी जीत चुका है। स्वामी प्रसाद मौर्ट यहां से 2017 में जीते थे। पडरौना में करीब साढ़े तीन लाख से अधिक मतदाता हैं। इस सीट पर सबसे अधिक 84 हजार मुस्लिम मतदाता हैं। इसके बाद अनुसूचित जाति के करीब 76 हजार वोटर हैं़। वहीं ब्राह्मण 52 हजार, यादव 48 हजार, सैंथवार 46 हजार और कोइरी जाति के करीब 44 हजार वोट हैं। अगर हम बात करें पडरौना विधानसभा सीट के इतिहास की तो यहां से पहले विधानसभा चुनाव में सोशलिस्ट पार्टी के जगरनाथ मल्ल चुने गए थे। उसके बाद 1957, 1962 और 1967 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चंद्रदेव तिवारी जीते, वहीं 1969 के चुनाव में आरपीएन सिंह के पिता सीपीएन सिंह कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुने गए। 1974 में भारतीय क्रांति दल के टिकट पर पुरुषोत्तम कौशिक चुने गए। 1980 में कांग्रेस के बीके मिश्र इस सीट से विधायक चुने गए। लोक दल के बालेश्व यादव 1985 में जीते थे। 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के असगर अली विधायक चुने गए। 1991 में बीजेपी के टिकट पर सुरेंद्र शुक्ल जीते थे। साल 1993 में बालेश्वर यादव सपा के टिकट पर इस सीट से विधानसभा पहुंचे, इसके बाद 1996, 2002 और 2007 में इस सीट से कांग्रेस के टिकट पर आरपीएन सिंह चुनाव जीते, आरपीएन सिंह 2009 में पडरौना लोकसभा सीट से सांसद चुने गएण् इसके बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया, इस सीट पर हुए उपचुनाव में बसपा ने स्वामी प्रसाद मौर्य को पडरौना के चुनाव मैदान में उतारा, मौर्य ने 2009 के उपचुनाव में आरपीएन सिंह की मां को मात दी थी। मौर्य को 2012 में बसपा ने अपना उम्मीदवार बनाया। उन्होंने कांग्रेस के राजेश कुमार जायसवाल को 8 हजार 162 वोट से हराया। मौर्य 2017 के चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हो गए थे। बीजेपी के टिकट पर मौर्य ने 2017 के चुनाव में बसपा के जावेद इकबाल को 40 हजार 552 वोट के भारी अंतर से हराया।

# खाता खोलना तो दूर की कौड़ी, वोट बैंक बचाना भी कांग्रेस के लिए चुनौती

**विवेक श्रीवास्तव। लखनऊ**

**रुहेलखंड**

**रुहेलखंड** में भी चुनावी पिच पर सियासत के खिलाड़ी हाथ दिखाने को बेताब हैं। इस क्षेत्र के चारों जिलों में कांग्रेस के लिए खोने के लिए कुछ नहीं है। प्रियंका वाड्रा के नेतृत्व में कांग्रेस भी इस बार प्रदेश में जोर अजमाइश कर रही है, ताकि सबसे बड़े प्रदेश में उसका तीन दशक से अधिक समय से चल रहा सत्ता से अज्ञातवास खत्म हो लेकिन रुहेलखंड में बीते तीन विधानसभा चुनाव में उसका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। बरेली के पूर्व सांसद प्रवीण ऐरन, उनकी पत्नी और पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, शाहजहांपुर के दिग्गज नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद क्षेत्र में कांग्रेस का प्रमुख चेहरा थे। जितिन तो चुनाव से पहले ही भाजपा में शामिल हो गए थे और इस समय प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। वहीं सुप्रिया ऐरन को कांग्रेस ने इस बार बरेली कैंट से प्रत्याशी बनाया था लेकिन वह पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए अपने पति सहित सपा में शामिल हो गई हैं। सपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है और अब वह बरेली कैंट से कांग्रेस को ही चुनौती पेश करती नजर आ रही हैं। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में अगर कुल मिलाकर देखा जाए तो रुहेलखंड के 4 जिलों बदायूं, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर की 25 विधानसभा सीटों पर खाता खोलना तो दूर की कौड़ी कांग्रेस के सामने तो अपना वोट प्रतिशत बचाए रखना ही एक बड़ी चुनौती है। 2017 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस ने सपा के साथ गठबंधन करके लड़ा था। पिछले चुनाव में कांग्रेस को इस क्षेत्र में करीब 7 प्रतिशत वोट हासिल हुआ था। इस बार वह चुनाव मैदान में अकेले है। ऐसे में अपना वोट प्रतिशत बचाए रखना भी उसके लिए चुनौती से कम नहीं होगा।

**बदायूं** की सभी छह सीटों पर कांग्रेस ने प्रत्याशी तय कर दिए हैं। शहर सीट से रजनी सिंह व बिसौली सुरक्षित सीट से यशोदा प्रज्ञा को प्रत्याशी हैं। दातागंज सीट से आतिफ खां जख्मी, बिल्सी से अंकित चौहान, शेखूपुर से फरहा नईम व सहसवान से राजवीर यादव को टिकट दिया है। शेखूपुर से प्रत्याशी बनाई गई फरहा नईम ने कांग्रेस को जोर का झटका दिया। उन्होंने नामांकन से पहले ही पत्रकार वार्ता कर इस्तीफा देते हुए चुनाव न लड़ने की घोषणा की। उन्होंने कांग्रेस की नीतियों पर सवाल उठाने के साथ ही जिलाध्यक्ष पर तीखे आरोपों की बौछार की है। कहा कि जिलाध्यक्ष महिला व मुस्लिम विरोधी मानसिकता रखते हैं। उन्होंने मेरा समय-समय पर अपमान किया है। दातागंज से प्रत्याशी बनाए गए आतिफ खां पुराने किसान नेता हैं। वह लंबे समय से कांग्रेस में हैं। वर्ष 2005 में जिला पंचायत सदस्य बने। वर्ष 2012 में दातागंज सीट से महान दल के बैनर तले विधानसभा चुनाव लड़ा। बिल्सी में अंकित चौहान मूल रूप से बिसौली विधानसभा के दांवरी गांव के निवासी हैं। पिछली बार निर्दलीय लोकसभा बदायूं से नामांकन कराया था जिसे गलत पाए जाने पर डीएम ने खारिज कर दिया था। अंकित बजरंग दल के जिला संयोजक रह चुके हैं। वर्ष 2019 से बिल्सी से भाजपा का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। टिकट न होने पर वह कांग्रेस में चले गए और प्रत्याशी बना दिए गए। सहसवान से राजवीर यादव को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। वह ढकपुरा बरनी गांव के हैं और पहला आवेदन बिल्सी सीट के लिए किया था। हालांकि साक्षात्कार के वक्त उनका गांव सहसवान विधानसभा क्षेत्र में मिलने पर उन्हें वहां प्रत्याशी बनाया गया है। वह इस समय युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भी हैं। रजनी सिंह को सदर सीट से टिकट दिया गया है। रजनी निर्दलीय जिला पंचायत सदस्य बनीं और भाजपा के संपर्क में थीं। 15 दिसंबर को ही वह कांग्रेस में आई हैं। इनके साथ ही बिसौली सुरक्षित सीट से कांग्रेस संगठन की कार्यकर्ता यशोदा प्रज्ञा को टिकट मिला है। सदर विधानसभा से प्रत्याशी बनाई गईं रजनी सिंह मूल रूप से वजीरगंज क्षेत्र के वीरमपुर गांव की मूल निवासी हैं। वह हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में रेहड़िया क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य चुनी गईं। उन्होंने जिला पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी वर्षा यादव को वोट दिया था। इसके बाद 15 दिसंबर को कांग्रेस ज्वाइन कर ली। बिसौली से कांग्रेस ने यशोदा प्रज्ञा को टिकट दिया है। यशोदा पुरानी कांग्रेसी हैं और महिला प्रकोष्ठ में जिला सचिव हैं। इनके पति पिसनहारी गांव निवासी प्रेमपाल सिंह भी कांग्रेस के जिला सचिव हैं। यशोदा प्रज्ञा ने वर्ष 2017 में भी पार्टी से टिकट की दावेदारी की थी।

● पार्टी के बड़े चेहरे रहे जितिन प्रसाद, प्रवीण ऐरन व सुप्रिया ऐरन भी अब छोड़ चुके हैं साथ







## पिछले चुनाव में चार सीटों पर कांग्रेस ने दी थी सीधी टक्कर



2017 के विधानसभा चुनाव में रुहेलखंड खंड के अंतर्गत आने वाले बरेली जिले की बरेली शहर,बरेली कैंट तथा पीलीभीत की बीसलपुर व शाहजहांपुर की तिलहर सीट पर कांग्रेस ने सीधी टक्कर दी थी। इन चारों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहे थे। बरेली शहर सीट पर कांग्रेस के प्रेम प्रकाश अग्रवाल को काफी कम अंतर से भाजपा प्रत्याशी डा.अरुण कुमार से पराजित हुए थे। प्रेम प्रकाश अग्रवाल को 86343 वोट मिले थे जबकि डॉ. अरुण कुमार ने 115070 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। इस बार कांग्रेस ने इस सीट से केके शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। बरेली कैंट सीट पर कांग्रेस के मुजाहिद हसन खान ने भाजपा के राजेश अग्रवाल के सामने चुनौती पेश की थी। राजेश अग्रवाल ने 88441 वोट पाकर जीत दर्ज की थी जबकि मुजाहिद हसन खान ने बेहतर चुनाव लड़ते हुए 75777 वोट हासिल किए थे। बरेली कैंट सीट से इस बार मोहम्मद इस्लाम अंसारी बबलू कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। पीलीभीत की बीसलपुर सीट पर भाजपा के रामशरन वर्मा को कांग्रेस के अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू ने कड़ी टक्कर दी थी। दूसरे स्थान पर रहे अनीस को 62500 वोट हासिल हुए थे जबकि रामशरन वर्मा ने 103498 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। बीसलपुर सीट पर कांग्रेस ने अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। शाहजहांपुर की तिलहर विधानसभा सीट पर कांग्रेस के दिग्गज नेता जितिन प्रसाद ने भाजपा के रोशन लाल वर्मा के सामने चुनौती पेश की थी। जितिन प्रसाद काफी कम अंतर से पराजित हुए थे। उन्हें 76108 वोट मिले थे जबकि जीत दर्ज कराने वाले रोशन लाल वर्मा ने 81770 वोट हासिल किए थे। जितिन प्रसाद कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जा चुके हैं और इस समय प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। कांग्रेस ने इस बार तिलहर सीट से अपने जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार गुप्ता को चुनाव में उतारा है।

तब सपा कांग्रेस के समझौते के कारण उनका टिकट नहीं हो सका था।

**बरेली** जिले की की सभी 9 सीटों पर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। बरेली कैंट से पूर्व में घोषित प्रत्याशी सुप्रिया ऐरन के सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरने के बाद कांग्रेस ने यहां से हाजी इस्लाम बब्बू को उम्मीदवार को बनाया है। हाजी इस्लाम कांग्रेस छोड़कर सपा में गए थे। पीस पार्टी के टिकट पर नवाबगंज से विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। अब फिर से कांग्रेस में उनकी वापसी हो गई है। बरेली शहर विधानसभा से केके शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। केके शर्मा बरेली बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम शर्मा के परिवार से ताल्लुक रखते हैं। बिथरी-चैनपुर से अल्का सिंह को मैदान में उतारा है। अल्का सिंह हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुई थीं। इसी तरह नवाबगंज विधानसभा सीट पर भी कांग्रेस ने बड़ा दांव चला है। यहां से भाजपा के मौजूदा विधायक रहे केसर सिंह गंगवार की पिछले साल कोरोना से मौत हो गई थी। भाजपा ने यहां से एमपी गंगवार को टिकट दे दिया। इससे नाराज केसर सिंह गंगवार का परिवार कांग्रेस में शामिल हो गया। उनकी पत्नी ऊषा गंगवार जोकि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भी रही हैं वह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी। भोजीपुरा से जिला पंचायत सदस्य सरदार खां को प्रत्याशी बनाया है। जबकि आंवला से कांग्रेस यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष ओमवीर यादव को टिकट दिया है। इसी तरह बहेड़ी से जिला पंचायत सदस्य संतोष भारती और फरीदपुर सुरक्षित सीट से सपा से आए विशाल सागर पर दांव लगाया गया है। वह सपा से टिकट मांग रहे थे। उनके पिता सियाराम सागर फरीदपुर से विधायक रह चुके हैं। मीरगंज विधानसभा सीट से नगर पंचायत मीरगंज के चेयरमैन मोहम्मद इलियास अंसारी को प्रत्याशी बनाया गया है।

**शाहजहांपुर** जिले की शहर विधानसभा सीट से पूनम पांडेय प्रत्याशी घोषित की गई हैं। पूनम आशा कार्यकर्ता हैं। कुछ दिन पहले ही वह कांग्रेस में शामिल हुई थीं। शहर के खिरनीबाग मैदान में नौ नवंबर को हुई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा के दौरान मानदेय सहित अन्य मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करने पर पुलिस ने पूनम पांडेय की पिटाई की थी। जिसके बाद वह चर्चा में आई थीं। चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर समर्थकों समेत कांग्रेस में शामिल हुए नवादा (जैतीपुर) गांव के मुन्ना सिंह को कांग्रेस ने कटरा विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है। तिलहर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार घोषित किए गए रजनीश गुप्ता मूल रूप से कृषि और कारोबार पर निर्भर हैं। वह लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े रहे और वर्तमान में पार्टी के जिलाध्यक्ष का दायित्व संभाले हैं। पुवायां सुरक्षित सीट से कांग्रेस ने जिला पंचायत सदस्य अनुज कुमारी को प्रत्याशी बनाया है। गांव तितुरा निवासी संजीव पासी की पत्नी अनुज कुमारी पुवायां द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य हैं। जलालाबाद सीट से प्रियंका गांधी ने गांव पटना देवकली के चश्मपाल सिंह भाटी की पत्नी गुरमीत कौर को टिकट दिया है। चश्मपाल सिंह उर्फ राजा भैया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पीसीसी सदस्य हैं । चश्मपाल सिंह ने 11 साल पहले कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी। चश्मपाल सिंह व गुरमीत कौर दोनों मूलत: पंजाब के चंडीगढ़ के रहने वाले हैं। ददरौल विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किए भावलखेड़ा के गांव जैनुद्दीननगर निवासी तनवीर सफदर को राजनीति अपने परिवार से विरासत में मिली। उनके दादा सिकंदर अली लंबे समय तक ग्राम प्रधान रहे और पिता सफ्दर अली उर्फ लल्लन की क्षेत्र में लल्लन प्रधान के तौर पर पहचान है। तनवीर बसपा के बरेली मंडल प्रभारी भी रहे। वह दस माह पहले कांग्रेस में शामिल हुए और अब नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है।

**पीलीभीत** की चार विधानसभा सीटों में अभी कांग्रेस ने दो सीटों पर ही प्रत्याशी घोषित किए हैं। बरखेड़ा विधानसभा सीट से कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा को उम्मीदवार बनाए गए हैं। वहीं पूरनपुर आरक्षित सीट से ईश्वर दयाल पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने दोनों सीटों पर युवाओं को तरजीह दी है। पार्टी जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चव्वा को बरखेड़ा से उम्मीदवार घोषित करके भरोसा जताया। दूसरी ओर पिछले बीस साल से पासी समाज के जिलाध्यक्ष पेशे से अधिवक्ता ईश्वर दयाल पासवान का नाम घोषित करके भाजपा की मुश्किलें बढ़ाई हैं। बरखेड़ा सीट से उम्मीदवार घोषित हुए पार्टी जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चव्वा लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े हैं। उन्होंने एक जुझारू नेता के तौर पर जिले में अपनी पहचान बनाई है। सिख समाज में उनकी अच्छी पैठ है। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला गजरौला क्षेत्र सिख मतदाता बहुल है। इसीलिए माना जा रहा है कि कांग्रेस महासचिव प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने युवा के साथ ही जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए ये दोनों उम्मीदवार चयनित किए हैं।

# कम अंतर से हार-जीत वाली सुरक्षित सीटों के अलावा बागियों से भी लड़ेगी बसपा

**सतीश सिंह। लखनऊ**



**2017** के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के खाते में भले ही 19 सीटें आईं हों मगर इस बार पार्टी हर एक कदम फूंक फूंक कर रख रही है। खासकर प्रदेश की 84 सुरक्षित और दो अनुसूचित जनजाति की सीटों के अलावा बसपा की उन सीटों पर भी निगाह है जहां से पार्टी की कम मार्जिन से हारजीत हुई है। इसके अलावा उन सीटों पर भी विशेष ध्यान है जहां पार्टी ने जीत दर्ज की थी और इस बार बागी दूसरी पार्टियों के टिकट पर पार्टी से ही लड़ रहे हैं। शायद यही वजह है कि यूपी में विधानसभा चुनाव के आगाज होने से दो माह पूर्व ही बसपा सुप्रीमो मायावती ने सुरक्षित सीटों को लेकर अपनी मंशा जाहिर कर दी थी। पार्टी का मानना है कि कम मार्जिन वाली सीटों के अलावा सुरक्षित सीटों पर जीत हासिल हो जाती है तो एक बड़ा स्कोर खड़ा करने में कोई दिक्कत नहीं है। पर बसपा के सामने दिक्कत यह है कि इनमें कई ऐसी सीटें हैं जहां से जीते प्रत्याशी इस बार दूसरे दलों के टिकट पर मैदान में ताल ठोक रहे हैं। जैसे मुबारकपुर से बसपा के विधानमंडल दल के नेता रहे शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली जीते थे। इस बार गुड्डू जमाली सपा के टिकट पर विधानसभा जाने की तैयारी में हैं। वहीं धौलाना से जीते असलम चौधरी भी सपा से मैदान में हैं। सगड़ी से जीती बंदना सिंह भाजपा में हैं और विधानसभा में जाने की तैयारी में हैं। चिल्लूपार से जीते विनय शंकर तिवारी सपा से लड़ रहे हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामअचल राजभर, लालजी वर्मा सपा से लड़ रहे हैं। इसी तरह अन्य प्रत्याशी भी इस बार दूसरे दलों के टिकट पर बसपा से दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। ऐसे में बसपा को इन सीटों को बचाने का भी दबाव है। फिलहाल ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम समीकरण को ध्यान में रखते हुए पार्टी का फोकस इस बार भी मुस्लिम वोटों पर टिका हुआ है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि इस बार साइलेंट मोड पर ऐसे उम्मीदवारों का चयन किया गया है जो क्षेत्रीय और जातीय समीकरण में फिट बैठते हों। इन उम्मीदवारों को जिताने के लिए मंडल जोनल और सेक्टर प्रभारियों ने पूरी ताकत लगा रखी है। सभी पदाधिकारियों से चुनाव तक वहीं पर जमे रहने को भी कहा गया है। बसपा नेता का कहना है कि हमारे प्रत्याशी जिताऊ और टिकाऊ दोनों हैं।

बसपा की जीत के लिए कसरत: बसपा ने शुरू से ही इन सीटों पर जीत के लिए कसरत शुरू कर दी थी। बसपा मुखिया मायावती ने बकायदा इस क्षेत्र के लिए अलग से पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी थी। महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा भी सुरक्षित सीटों के साथ सभी कम मार्जिन वाली सीटों के अलावा बागियों की सीट का फीडबैक लगातार ले रहे हैं। जिसके चलते कई सीटों पर घोषित उम्मीदवार लगातार बदले जा रहे है। इसके अलावा मंडल और सेक्टर प्रभारी भी जातीय गणित की गोट सेट करने पर काफी ध्यान दे रहे हैं।

**महज 171 वोटों से हारी थी बसपा:** साल 2017 में बसपा डुमरियागंज की सीट मात्र 171 वोटों से हार गई थी। इसी तरह मोहनलालगंज की सीट 530 वोट से मोहम्मदाबाद गोहना की सीट 538 वोटों से हार गई थी। वहीं रामपुर मनिहारन सीट महज 595 वोटों से हारी थी। इसी तरह सहसवान,मंझनपुर, गैसड़ी, दुद्धी, शाहाबाद, बदलापुर के अलावा अन्य सीटें भी हैं जहाँ बसपा बहुत कम मार्जिन से चुनाव हारी है।

**महज 432 वोट से जीती थी मांट:** साल 2017 के चुनाव में बसपा को मथुरा की मांट सीट पर महज 432 वोटों से जीत मिली थी। हालांकि इस सीट से प्रत्याशी व सिटिंग विधायक श्याम सुंदर शमा 'वर्ष 2007 से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। लेकिन इस बार इस सीट पर पार्टी की विशेष निगाह है। मुबारकपुर सीट भी पार्टी ने 688 वोटों से जीती थी। इसी तरह चिल्लूपार, मुंगराबादशाहपुर, मऊ, लालगंज, दीदारगंज, सगड़ी, भिनगा, कटेहरी, प्रतापपुर, सिधौली, धौलाना जैसी अन्य सीटें हैं जहां से बसपा की कम मार्जिन से जीत हुई थी।

# चोरी के मोबाइल का इस्तेमाल रोकने के लिए काम करेंगे भारत और आसियान

भाषा। नई दिल्ली



**भारत** और आसियान देशों ने एक कार्ययोजना को मंजूरी दी है जिसमें चोरी हुए और फर्जी मोबाइल हैंडसेट के इस्तेमाल की समस्या से निपटने के लिए एक प्रणाली का विकसित की जाएगी। इस कार्ययोजना को भारत के साथ हुई दूसरी आसियान डिजिटल मिनिस्टर्स (एडीजीएमआईएन) बैठक में मंजूरी दी गई। यह बैठक शुक्रवार को डिजिटल तरीके से हुई थी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया, मंत्रियों की बैठक में भारत-आसियान डिजिटल कार्ययोजना 2022 को मंजूरी दी गई। इसमें चोरी के और फर्जी मोबाइल हैंडसेट के इस्तेमाल को रोकने के लिए एक प्रणाली विकसित करना, राष्ट्रव्यापी सार्वजनिक इंटरनेट के लिए वाईफाई एक्सिस नेटवर्क इंटरफेस, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के 5जी, आधुनिक उपग्रह संचार, साइबर फॉरेंसिक जैसे उभरते क्षेत्रों में क्षमता निर्माण और जानकारी साझा करना शामिल है। एडीजीएमआईएन दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) में शामिल दस देशों के दूरसंचार मंत्रियों की सालाना बैठक है। दूरसंचार मंत्रालय ने चोरी किए गए या गुम हुए मोबाइल फोनों को ब्लॉक करने और उनका पता लगाने में दिल्ली-एनसीआर के लोगों की मदद के उद्देश्य से दिसंबर 2019 में एक पोर्टल शुरू किया था। बैठक के दौरान संचार राज्यमंत्री देवू सिंह चौहान ने कहा कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी लोकतांत्रिक प्रणालियों को मजबूत करती है और नागरिकों तथा देश के बीच सरोकार बढ़ाती है।

## कर्नाटक बैंक ने 146.42 करोड़ का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया

**मंगलुरु।** निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.16 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर के साथ 146.42 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया है। पिछले वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 135.37 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था। बैंक की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ महीने की अवधि के वित्तीय परिणामों को शुक्रवार को यहां आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। नतीजों के मुताबिक, कंपनी की संपत्ति गुणवत्ता में भी काफी सुधार हुआ है। सितंबर, 2021 में क्रमिक पिछली तिमाही की तुलना में बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जी-एनपीए) 4.50 प्रतिशत से घटकर 4.11 प्रतिशत रह गईं। बैंक का व्यावसायिक कारोबार, 31 दिसंबर, 2021 की स्थिति के अनुसार, 5.44 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ।,33,918.07 करोड़ रुपए था, जबकि बैंक की जमा राशि 6.24 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 78,428.71 करोड़ रुपए रही। उसकी जमा राशि 4.33 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 55,489.36 करोड़ रुपए थी।

# एसबीआई ने गर्भवती महिलाओं की भर्ती संबंधी सर्कुलर को ठंडे बस्ते में डाला




भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र के कर्जदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गर्भवती महिलाओं की भर्ती से संबंधित सुर्कुलर को ठंडे बस्ते में डालने का शनिवार को फैसला किया। इस सर्कुलर को लेकर एसबीआई को विभिन्न क्षेत्रों से आलोचना का सामना करना पड़ रहा था। एसबीआई ने गर्भवती महिला उम्मीदवारों के लिए निर्धारित नियमों समेत बैंक में भर्ती संबंधी फिटनेस मानदंड की हाल में समीक्षा की थी। समीक्षा के बाद जारी नए नियमों के तहत तीन माह से अधिक अवधि की गर्भवती महिला उम्मीदवारों को अस्थाई रूप से अयोग्य माने जाने की बात कही गई। इसके अलावा गर्भवती महिलाएं प्रसव के चार महीने के भीतर ही नौकरी शुरू कर सकती हैं। इस प्रावधान को श्रमिक संगठनों और दिल्ली के महिला आयोग समेत समाज के कई तबकों ने महिला-विरोधी बताते हुए निरस्त करने की मांग की थी। विवाद बढ़ने पर एसबीआई ने जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए गर्भवती महिला उम्मीदवारों की भर्ती संबंधी संशोधित दिशा-निर्देशों को स्थगित करने का निर्णय लिया है। एसबीआई ने एक बयान में कहा कि गर्भवती महिलाओं की भर्ती संबंधी पुराने नियम ही प्रभावी होंगे। उसने कहा कि भर्ती संबंधी मानकों में संशोधन के पीछे उसका उद्देश्य अस्पष्ट या बहुत पुराने बिंदुओं पर स्थिति साफ करने का था।

# दफ्तर नहीं लौटना चाहते 82 फीसदी कर्मचारी, भा रही वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति: अध्ययन

भाषा। मुंबई



**वैश्विक** महामारी कोविड-19 के कारण कामकाजी जीवन में आए अभूतपूर्व परिवर्तनों के बीच एक अध्ययन बताता है कि अब लोग दफ्तर जाने के बजाए घर पर रहते हुए ही काम करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। रोजगार संबंधी वेबसाइट साइकी के टेक टैलेंट आउटलुक रिपोर्ट के मुताबिक महामारी के कारण पहले तो कर्मचारियों पर दूर रहकर दफ्तर का काम करने की व्यवस्था थोपी गई थी लेकिन अब दो साल बाद वर्क फ्रॉम होम अब नया चलन बन गया है और नई आदतें लोगों की जिंदगी में अपनी जगह बना चुकी हैं। इस अध्ययन में शामिल लोगों में से 82 फीसदी दफ्तर नहीं जाना चाहते और वे घर से ही काम करना चाहते हैं। टैलेंट टेक आउटलुक 2022 में चार महाद्वीपों में 100 से अधिक कार्यकारी अधिकारियों एवं मानव संसाधन अधिकारियों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण किया गया है। यह सर्वेक्षण सोशल मीडिया, साक्षात्कार और पैनल चर्चा के जरिए किया गया। अध्ययन में शामिल 64 फीसदी कर्मचारियों ने कहा कि घर से काम करने पर उनकी उत्पादन क्षमता अधिक रहती है और तनाव भी कम रहता है। इस बीच 80 फीसदी से अधिक मानव संसाधन प्रबंधकों ने कहा कि पूर्णकालिक रूप से दफ्तर जाकर काम करने वाले कर्मचारी खोजना अब उनके लिए मुश्किल होता जा रहा है। वहीं 67 फीसदी से अधिक कंपनियों ने भी कहा कि दफ्तर जाकर काम करने वाले लोग खोजना उनके लिए मुश्किल होता जा रहा है।

बदले हुए माहौल में घर से काम करना अब विकल्प न रहकर नया चलन बन गया है और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वाले लोग अपने नियोक्ता से इसकी उम्मीद भी रखते हैं। जो नियोक्ता इस व्यवस्था को अपनाने को तैयार नहीं हैं उन्हें अच्छी प्रतिभाओं को साथ जोड़ने और पहले से काम कर रहे लोगों को अपने साथ बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। साइकी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी करूणजीत कुमार धीर ने कहा, दूरस्थ काम की दुनिया में स्वागत है। अध्ययन में कहा गया कि दूरस्थ काम करते हुए दो साल बीत जाने पर एक नए तरह का लचीलापन मिला है जो कर्मचारियों और नियोक्ता दोनों के ही लिए लाभदायक है।

## वेदांत फैशन्स का आईपीओ 4 फरवरी को खुलेगा

**मुंबई।** वेदांत फैशन्स लिमिटेड ने 4 फ्रवरी 2022 को अपना आईपीओ ऑफर खोलने की योजना बनाई है। एंकर निवेशक के लिए बोली लगाने की तिथि गुरुवार 3 फ्रवरी 2022 होगी। ऑफ्र का प्राइस बैंड 1 के फेस वैल्यू पर 824 से 866 प्रति इक्विटी शेयर के बीच तय किया गया है। न्यूनतम 17 इक्विटी शेयर और उसके बाद 17 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है।आईपीओ में कंपनी के 1 अंकित मूल्य के 36,364,838 इक्विटी शेयर्स इक्विटी शेयर्स ऑफर फॉर सेल ऑफर्ड शेयर्स शामिल हैं। जिसमें राइन होल्डिंग्स लिमिटेड के 17,459,392 इक्विटी शेयरए केदारा कैपिटल अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड केदारा कैपिटल एआईएफ1 के 723,014 इक्विटी शेयर और रवि मोदी फैमिली ट्रस्ट इसके न्यासी, मोदी फिडुसिअरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के जरिए काम करते हुए के 18,182,432 इक्विटी शेयर शामिल हैं, एक साथ विक्रेता शेयरधारक। इस ऑफ्र में पेश किए गए इक्विटी शेयरों को लिस्टिंग के बाद बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड बीएसई के साथ, श्स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीब किये जाने का प्रस्ताव है।

# भारतपे के संस्थापक अशनीर ग्रोवर की पत्नी भी छुट्टी पर गईं

भाषा। नई दिल्ली



**भारतपे** के संस्थापक अशनीर ग्रोवर के विवादों में घिरकर लंबी छुट्टी पर चले जाने के बाद कंपनी से ही जुड़ीं उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर भी छुट्टी पर चली गई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, भारतपे में नियंत्रण प्रमुख के रूप में कार्यरत माधुरी ने भी अब छुट्टी पर जाने का फैसला किया है। इसके एक हफ्ते पहले उनके पति अशनीर भी मार्च 2021 तक छुट्टी पर चले गए थे। कोटक महिंद्रा बैंक के साथ ग्रोवर दंपती का विवाद सामने आने के बाद भारतपे की स्वतंत्र समीक्षा की जा रही है। ऐसे में कंपनी के कामकाज से जुड़े कई मामले सामने आ सकते हैं। इस बारे में संपर्क किए जाने पर भारतपे ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल कंपनी में उच्च स्तर का कामकाजी स्तर बनाए रखने के पक्ष में है। इसको ध्यान में रखते हुए आंतरिक प्रक्रिया एवं प्रणालियों की स्वतंत्र समीक्षा का दायित्व प्रबंध सलाहकार एवं जोखिम सलाहकार फर्म अल्वारेज एंड मार्सल फर्म को सौंपा गया है। हालांकि भारतपे ने माधुरी के अचानक छुट्टी पर चले जाने के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की।गत 19 जनवरी को भारतपे के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक अशनीर ने मार्च तक छुट्टी पर जाने की घोषणा की थी। दरअसल जनवरी की शुरुआत में आए एक ऑडियो क्लिप में अशनीर कथित तौर पर कोटक महिंद्रा बैंक के एक कर्मचारी को फोन पर धमकाते हुए सुनाई दिए थे। वह नायका के आईपीओ के दौरान शेयर आवंटन में बैंक की तरफ से गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए सुनाई दिए थे। हालांकि अशनीर ने फौरन ही उस क्लिप को फर्जी बताते हुए खारिज कर दिया था। बाद में यह तथ्य सामने आया कि अशनीर और उनकी पत्नी माधुरी ने अक्टूबर 2021 में कोटक महिंद्रा बैंक को नायका के आईपीओ के लिए वित्त देने में नाकाम रहने पर एक नोटिस भी भेजा था।

# डीलशेयर ने फाइनेंसिंग के फ्रेश राउंड में 165 मिलियन डॉलर जुटाए

भाषा। बेंगलुरु

**सोशल** ई-कॉमर्स स्टार्टअप डीलशेयर ने घोषणा की किअपनी सीरीज ई फंड रेज के पहली बार बंद होने तक 165 मिलियन डॉलर जुटा लिए हैं। कंपनी ने मौजूदा निवेशकों टाइगर ग्लोबल और अल्फा वेव ग्लोबल फाल्कन एज की निरंतर प्रतिबद्धताओं के साथ ड्रैगनियर इन्वेस्टमेंट्स रुपए कोरा कैपिटल और यूनिलीवर वेंचर्स का स्वागत किया। कंपनी अपने उपभोक्ता और राजस्व को मजबूती से बढ़ा रही है और उम्मीद है कि यह निकट अवधि में 1 बिलियन डॉलर के राजस्व को छू लेगी। इस राउंड में जुटाई गई धनराशि का उपयोग प्रौद्योगिकी और डेटा साइंस में निवेश करने के साथ-साथ इसके लॉजिस्टिक्स इंफ्र इस्ट्रक्चर के दस गुना विस्तार एवं अपनी भौगोलिक पहुंच बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इसके अलावाए यह एक बड़ा ऑफ्लाइन स्टोर फ्रैंचाइज़ी नेटवर्क स्थापित करेगी। डीलशेयर ने बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं के सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए भारत के लिए नया परिवर्तनकारी खुदरा मॉडल बनाया है। यह रोचक, मज़ेदार एवं सोशल नेटवर्क आदि आधारित खरीदारी अनुभव के साथ कम कीमत में उच्च गुणवत्ता वाली अत्यावश्यक वस्तुएँ उपलब्ध कराती है। डीलशेयर के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारीए विनीत राव ने कहा कि डीलशेयर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती ई कॉमर्स कंपनियों में से एक है। लाभप्रदता में सुधार के साथ पिछले वर्ष में हमारे राजस्व और ग्राहक आधार में 13 गुना वृद्धि हुई है।

## ओडिशा की कंपनी को मिला आधुनिक रक्षा उपकरणों के विनिर्माण का अनुबंध

**भुवनेश्वर।** भारतीय सेना और वायु सेना को आधुनिक रक्षा उपकरणों की आपूर्ति का ठेका ओडिशा की कंपनी एनड्रोन सिस्टम्स को मिला है। अधिकारियों ने बताया कि अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं वाले मेक इन इंडिया-2 अभियान के तहत यह कंपनी 125 एमईएटी एवं संबंधित उपकरणों की आपूर्ति करेगी। इन रक्षा उपकरणों का मूल्य करीब 96 करोड़ रुपए रहने का अनुमान जताया गया है। एनड्रोन सिस्टम्स के प्रबंध निदेशक अनंत भालोतिया ने कहा, इस तरह के प्रयास रक्षा, वैमानिकी और नए दौर के अन्य उद्योगों को बढ़ावा देने के इच्छुक राज्य के मेक इन ओडिशा कार्यक्रम को भी बढ़ावा देंगे। ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) एल सी पटनायक ने कहा कि इस तरह की पहल सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की अन्य इकाइयों को भी रक्षा परियोजनाओं में भागीदार बनने को प्रेरित करेंगी। इससे आयात का बोझ कम होगा और भारत के स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा।

# एनटीपीसी का तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 4,626 करोड़ रुपए

भाषा। नई दिल्ली




**सार्वजनिक** क्षेत्र की बिजली उत्पादन कंपनी एनटीपीसी ने शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 19 फीसदी बढ़कर 4,626.11 करोड़ रुपए हो गया। एनटीपीसी ने बीएसई को भेजी गई सूचना में कहा कि अक्टूबर-दिसंबर 2020 में उसका समेकित शुद्ध लाभ 3,876.36 करोड़ रुपए रहा था। अक्टूबर-दिसंबर 2021 की तिमाही में एनटीपीसी की कुल आय 33,783.62 करोड़ रुपए रही जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 28,387.27 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी के निदेशक मंडल की शनिवार को हुई बैठक में तिमाही नतीजों को मंजूरी दी गई। इस बैठक में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 10 रुपए के चुकता इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य पर प्रति शेयर चार रुपए का अंतरिम लाभांश देने का भी फैसला लिया गया। बिजली क्षेत्र की कंपनी का दिसंबर 2021 तिमाही में सकल बिजली उत्पादन 72.70 अरब यूनिट रहा जबकि दिसंबर 2020 तिमाही में यह 65.41 अरब यूनिट रहा था। तीसरी तिमाही में एनटीपीसी के कोयला-आधारित संयंत्रों का क्षमता उपयोग 67.64 फीसदी रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 64.31 फीसदी रहा था। एनटीपीसी समूह की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 31 दिसंबर 2021 को बढ़कर 67,757.42 मेगावाट हो गई जबकि एक साल पहले यह 62,975 मेगावाट थी।

## टाटा टी अग्नि ने भारत के लोगों के जोश और दृढ़ संकल्प का जश्न मनाया

**मुंबई।** टाटा टी अग्नि जो भारत में लगभग 22 राज्यों में उपस्थिति के साथ टाटा टी के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो के सबसे बड़े राष्ट्रीय ब्रांडों में से एक हैए ने टी सेगमेंट में वर्षों से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। अपने सबसे हालिया नए अवतार मे टाटा टी अग्नि ने अपने निष्ठावान उपभोक्ताओं के मिजाज के अनुरूप एक नए कम्यूनिकेशन और पैकेजिंग के साथ खुद को नए सिरे से लॉन्च किया। यह अभियान अपने लक्षित उपभोक्ताओं से जुड़ने के लिए टाटा टी अग्नि की श्जोश जगाये हर रोज़ की भावना पर आधारित है। यह अभियान दृढ़ संकल्प और जुनून की सच्ची कहानियों को जीवंत करता है और बेहतर कल की दिशा में जोश के साथ आगे बढ़ने के लिए भारत के लोगों के प्रयास का जश्न मनाता है। यह अभियान उन उपभोक्ताओं के लिए है जो महत्वाकांक्षी हैं और अपने जीवन को उन्नत बनाने की प्रक्रिया में हैं। पैकेजिंग के कैनवास पर इस भावना को उकेरते हुएए यह ब्रांड सुबह की इठलाती किरणों के रंगों के साथ उम्मीदों भरे एक नये दिन के साथ शहर की शुरुआत का चित्रण करके अपने उपभोक्ताओं से संवाद कायम करता है। टैगलाइन जोश जगाए हर रोज़ की गूंज के साथए ब्रांड अपने उपभोक्ताओं को ताकत और उत्साह के साथ सार्थक जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस अदम्य जोश का प्रेरक उदाहरण प्रदर्शित करते हुए टीवीसी में भारतीय महिला हॉकी टीम की 3 प्रमुख खिलाड़ियों अर्जुन पुरस्कार विजेता वंदना कटारिया, टोक्यो ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की सफ्लता की प्रमुख और ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर आदि मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## पेगासस पर...

एक ट्वीट में कहा, (नरेंद्र) मोदी सरकार को हलफनामे में अवश्य ही स्पष्ट रूप से बताना चाहिए क्यों उसने यह साइबर हथियार खरीदा, किसने इसके इस्तेमाल की अनुमति दी, लक्ष्यों को कैसे चयनित किया गया और किसने ए रिपोर्ट प्राप्त की? उन्होंने कहा, इस तरह के नाजुक मुद्दे पर चुप्पी का मतलब इसकी आपराधिक गतिविधि की स्वीकारोक्ति है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी(भाकपा) महासचिव डी. राजा ने कहा कि सरकार ने इस मुद्दे पर सच्चाई को संसद से छिपाया और अब वे जवाबदेह हैं। उन्होंने कहा, अब यह स्पष्ट है कि सरकार पेगासस स्पाईवेयर के बारे में यहां तक कि संसद से भी कुछ सच्चाई छिपा रही है। लेकिन अब वह बेनकाब हो गई है। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एक ट्वीट में आरोप लगाया कि स्पाईवेयर का इस्तेमाल रक्षा उद्देश्यों के लिए नहीं, बल्कि विपक्ष और पत्रकारों की जासूसी करने के लिए किया गया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, यदि भाजपा है तो यह संभव है। उन्होंने देश को बिग बॉस शो बना दिया है। भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा, मोदी सरकार को न्यूयॉर्क टाइम्स के खुलासे को खारिज करना चाहिए। इजरायली कंपनी एनएसओ ने 300 करोड़ रुपए में पेगासस बेचा। प्रथम दृष्टया यह लगता है कि सरकार ने उच्चतम न्यायालय और संसद को गुमराह किया है। क्या यह वाटरगेट है? इस बीच, संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थाई प्रतिनिधि सैयद अकबरूद्दीन ने न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के उस आक्षेप को पूरी तरह बकवास करार दिया, जिसमें कहा गया है कि इजराइली स्पाईवेयर सहित अन्य उपकरणों की खरीद का सौदा होने के बाद इजराइल तथा नई दिल्ली के बीच संबंध और गहरे हो गए तथा फिर भारत ने 2019 में संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक एवं सामाजिक परिषद में इजराइल के समर्थन में मतदान किया।

## सपा सरकार...

मानसरोवर यात्रा और चारधाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए यहां उच?च स?तरीय सुविधाओं का प्रबंध है और करीब 300 लोगों के एक साथ ठहरने की व्यवस्था है। समाजवादी पार्टी की पूर्ववती सरकार में मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव ने 2016 में गाजियाबाद में हज हाउस का निर्माण कराया था। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद के मुराद नगर में जनता के द्वार पहुंच कर चुनाव के लिए उनका आशीर्वाद मांगा। सीएम ने कहा कि आपके बीच में कोरोना बीमारी के बीच प्रत्याशी के लिए आया हूं। प्रदेश में पहले हर तीसरे दिन दंगा होता था। 2017 से पहले सुरक्षा की स्थिति ठीक नहीं थी। बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। पांच साल से भाजपा ने बिना रुके काम किया। पांच साल में दंगा नहीं हुआ। सीएम ने कहा कि यहां से एक गुंडा विधायक बना था। हमारी सरकार ने उसे जेल भेजा। उन्होंने कहा कि सपा को चार बार, बसपा को तीन बार मौका मिला, वहीं, कांग्रेस ने 55 साल शासन किया। पहले हाइवे क्यों नहीं बना। उन्होंने बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे तीन साल में बनकर तैयार होगा। छह घंटे में संगम में स्नान करके घर वापस आ जाएंगे।

## गाजीपुर बार्डर...

कृषि कानून वापस हुए। किसानों के हित के लिएए खुशहाली के लिए पहली बार कोई आगे आया तो वह चौधरी चरण सिंह थे, फिर चौधरी अजीत सिंह और नेताजी मुलायम सिंह यादव ने किसानों और मजदूरों की आवाज उठाई। ये चुनाव चौधरी चरण सिंह की विरासत को बचाने का चुनाव है। उत्तर प्रदेश में सपा गठबंधन की सरकार बनने पर 15 दिन में गन्ने का भुगतान होगा, इसके लिए फार्मर्स फंड बनाएंगे। मैं अन्न संकल्प के लिए लाल पोटली लेकर चलता हूं। हम अखिलेश-जयंत संकल्प लेते हैं कि किसानों के हक में लगातार लड़ाई लड़ते रहेंगे। सपा की सरकार बनी तो 300 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। गरीबों के लिए समाजवादी कैंटीन और किराना स्टोर खोलेंगे। दाम बांधों नीति लागू करेंगे। दस रुपये में समाजवादी थाली देंगे। आइटी सेक्टर में 22 लाख रोजगार और सरकारी विभाग में रिक्त 11 लाख पदों पर भर्तियां करेंगे। जयंत चौधरी ने कहा कि एक साल पहले 28 जनवरी की रात को गाजीपुर बार्डर पर किसानों ने जो देखा और सहन किया वह सिर्फ वहां मौजूद किसानों को नहीं बल्कि देश के सभी किसानों का अपमान था। एक तरफवो सरकार है जहां किसानों की आवाज दबाई जाती है। बेरोजगार युवाओं पर लाठियां बरसाई जाती हैं तो दूसरी तरफ पढ़े-लिखे लोग हैं जो तरक्की और विकास की भाषा बोलते हैं। जिन्ना और औरंगजेब से हमारा कोई लेना देना नहीं है। हम भाईचारा की भावना को आगे बढ़ाएंगे।

## धर्म परिवर्तन...

कड़ी निंदा करते हैं। दिल्ली में लॉ एंड आर्डर और पुलिस दिल्ली सरकार के अधीन नहीं है। यह केंद्र के अधीन है। सजा कम करने, सजा माफ करने अथवा रिहाई के मसले को लेकर सेंटेंस रिव्यू बोर्ड एसआरबी की कमेटी की फैसला लेती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने गृह सचिव को फोन पर यह कहा है कि इस कमेटी की तत्काल बैठक कराई जाए जिसमें जज भी होते हैं, पुलिस ऑफिसर भी होते हैं, और सचिव स्तर के अधिकारी भी होते हैं। कमेटी का जो भी फैसला होगा उसे तत्काल लेफ्टिनेंट गवर्नर के सामने रखा जाएगा और वह इस फाइल के ऊपर फैसला देंगे। वहीं बिक्रम सिंह मजीठिया को अकसर ड्रग तस्कर कहकर पुकारने वाले केजरीवाल ने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है, इसमें बोलने से कुछ नहीं होता। केजरीवाल से पूछा गया कि क्या मजीठिया ड्रग तस्कर हैं तो इस पर केजरीवाल बोले कि मेरे कहने से कुछ नहीं होता, कानून अपना काम कर रहा है। केजरीवाल ने 2017 में पंजाब में नारा दिया था कि मैं एक बार नहीं हजार बार कहता हूं कि मजीठिया ड्रग तस्कर हैं। इसके बाद उनको मजीठिया से माफी मांगनी पड़ी थी।

## बदलती दुनिया...

पूर्ण रूप से स्थापित हुए थे। प्रधानमंत्री ने कहा, आज ही के दिन दोनों देशों के बीच एक नए अध्याय की शुरुआत हुई थी। भले ही अध्याय नया था, लेकिन हमारे दोनों देशों का इतिहास बहुत पुराना है। प्रधानमंत्री का यह संबोधन ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिकी समाचार पत्र न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर को लेकर भारत की राजनीति गरमाई हुई है।

## बिहार विधान...

जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य घटकों के बारे में पूछे जाने पर यादव और चौधरी दोनों ने कहा कि उन्हें विश्वास में लिया जाएगा। भाजपा और जद (यू) के अलावा, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाला हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और मुकेश साहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) बिहार में राजग के दो अन्य घटक दल हैं। चौधरी ने कहा कि भाजपा रोहतास, औरंगाबाद, सारण, सीवान, दरभंगा, किशनगंज, कटिहार, सहरसा, गोपालगंज, बेगूसराय, पूर्वी चंपारण और समस्तीपुर सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि रालोजपा वैशाली से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जद (यू) पटना, भोजपुर, गया, नालंदा, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, भागलपुर, मुंगेर, नवादा और मधुबनी से अपने उम्मीदवार उतारेगी। संवाददाता सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद संजय जायसवाल और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भी मौजूद थे। इससे पहले यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और उनके साथ सीट बंटवारे को लेकर चर्चा की।

## कोविड केस...

प्रदेश, दिल्ली, ओडिशा, हरियाणा और पश्चिम बंगाल में कोविड मामलों और सकारात्मकता दर में गिरावट देखी गई है। महामारी स्थानिक अवस्था में प्रवेश पर सिंह ने कहा कि हम अभी भी महामारी के बीच में हैं और वायरस को फैलने से रोकने और जीवन बचाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। कोविड-19 के डेल्टा वैरिएंट की तुलना में उन्होंने कहा कि ओमीक्रोन फेफड़ों के बजाय ऊपरी श्वसन पथ के ऊतकों को अधिक तेजी से संक्रमित करने में सक्षम है, जो इसके प्रसार में भी मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि अन्य प्रकारों की तुलना में ओमीक्रोन वैरिएंट के बाद गंभीर बीमारी और मृत्यु का जोखिम कम प्रतीत होता है।

## लता मंगेशकर...

में रखना पड़ा। भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय पार्श्व गायिकाओं में से एक मंगेशकर ने 1942 में 13 साल की उम्र में अपना करियर शुरू किया था और विभिन्न भारतीय भाषाओं में 30,000 से अधिक गाने गाए हैं। अपने सात दशक से अधिक के करियर में वह अजीब दास्तान है ए, प्यार किया तो डरना क्या, नीला आसमां सो गया और तेरे लिए जैसे कई यादगार गानों की आवाज रही हैं। गायिका को भारत की स्वर कोकिला के रूप में जाना जाता है। उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न समेत कई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

## हाईकोर्ट ने...

ने यह स्थिति पैदा की है। लेकिन यह स्पष्ट है कि उक्त विज्ञापन के क्रम में 69 हजार से अधिक अभ्यर्थियों की नियुक्त नहीं की जा सकती है। एक दिसंबर, 2018 को सहायक शिक्षकों की 69 हजार पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद आरक्षित वर्ग के तमाम अभ्यर्थियों ने विरोध शुरू कर दिया। यह कहते हुए कि उन्हें मिले मार्क्स सामान्य श्रेणी के कट-ऑफ से अधिक थे। लेकिन उनका चयन नहीं कर उनसे कम मार्क्स पाए अभ्यर्थियों का चयन कर लिया गया।

## बीटिंग रिट्रीट...

को समेट कर युद्ध के मैदान से हट जाते थे। गणतंत्र दिवस समारोह के समापन के प्रतीक इस समारोह को हर साल 29 जनवरी को मनाया जाता है। समारोह में तीनों सेनाओं और अर्धसैनिक बलों के 1,000 से अधिक प्रतिभागियों ने 26 धुनें बजाईं जाती हैं। विजय चौक पर मौजूद दर्शकों में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल थे। देश की आजादी के 75 साल (आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है) के उपलक्ष्य में समारोह में कई नई धुनें जोड़ी गईं। इनमें केरल, हिंद की सेना और ऐ मेरे वतन के लोगों शामिल थे।

# भारत-इजराइल के बीच 2017 में हुए सौदे के केंद्र बिंदु थे पेगासस : अमेरिकी मीडिया

● एक मिसाइल प्रणाली पर भी नजर

भाषा। न्यूयॉर्क

**इजराइली** स्पाइवेयर पेगासस और एक मिसाइल प्रणाली भारत-इजराइल के बीच 2017 में हुए लगभग दो अरब डॉलर के हथियार एवं खुफिया उपकरण सौदे के केंद्र बिंदु थे। अमेरिका के दैनिक समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी एक खबर में यह दावा किया। पिछले साल उस समय विवाद खड़ा हो गया था, जब भारत सहित कई देशों में पत्रकारों, मानवाधिकार रक्षकों, नेताओं और अन्य लोगों की जासूसी करने के लिए कुछ सरकारों द्वारा कथित तौर पर एनएसओ समूह के पेगासस सॉफ्टवेयर के उपयोग की बात सामने आई थी। इसके चलते गोपनीयता संबंधी मुद्दों के लेकर चिंताएं पैदा हो गई थीं। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने द बैटल फॉर द वर्ल्ड्स मोस्ट पावरफुल साइबरवेपन शीर्षक वाली एक खबर में कहा कि इजराइली कंपनी एनएसओ ग्रुप लगभग एक दशक से इस दावे के साथ अपने जासूसी सॉफ्टवेयर को दुनिया भर में कानून-प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों को बेच रही थी कि यह जैसा काम कर सकता है, वैसा कोई और नहीं कर सकता। खबर में जुलाई 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा का भी उल्लेख किया गया। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली इजराइल यात्रा थी। खबर में कहा गया है कि भारत-इजराइल के बीच हुए लगभग दो अरब डॉलर के हथियार एवं खुफिया उपकरण सौदे में स्पाइवेयर पेगासस और एक मिसाइल प्रणाली केंद्रबिंदु थे। खबर में कहा गया है, "दशकों से, भारत ने "फलस्तीनी मुद्दे के प्रति प्रतिबद्धतौ की नीति बरकार रखी थी और इजराइल के साथ संबंध ठंडे पड़े थे। मोदी की यात्रा विशेष रूप से सौहार्द्रपूर्ण रही थी। उनके (इजराइल के तत्कालीन) प्रधानमंत्री (बेंजामिन) नेतान्याहू के साथ एक स्थानीय समुद्र तट पर नंगे पांव टहलने के दौरान इसकी झलक दिखी थी। खबर के अनुसार उनके पास गर्मजोशी भरी भावनाएं व्यक्त करने का कारण था। उनके देश लगभग 2 अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार और खुफिया उपकरण सौदे पर सहमत हुए थे, जिसके केंद्रबिंदु पेगासस और एक मिसाइल प्रणाली थे। खबर के अनुसार, महीनों बाद, नेतन्याहू ने भारत की एक दुर्लभ राजकीय यात्रा की। और जून 2019 में, भारत ने संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक एवं सामाजिक परिषद में इजराइल का समर्थन करते हुए फलस्तीनी मानवाधिकार संगठन को पर्यवेक्षक का दर्जा देने से इनकार करने के लिए मतदान किया। भारत ने पहली बार ऐसा किया। पीटीआई-भाषा ने न्यूयार्क टाइम्स की इस खबर पर सरकार से प्रतिक्रिया मांगी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पिछले साल, इस बात को लेकर विवाद खड़ा हो गया था कि भारत में इजराइली स्पाईवेयर पेगासस का इस्तेमाल करके लोगों को निशाना बनाकर निगरानी की जा रही है।




## फिनलैंड के राजनयिकों के फोन पेगासस की मदद से हैक किए गए

**स्टॉकहोम।** फिनलैंड की सरकार ने शुक्रवार को कहा कि विदेश में काम कर रहे फिनलैंड के राजनयिकों के मोबाइल उपकरणों को किसी जटिल जासूसी सॉफ्टवेयर (स्पाईवेयर) के जरिए हैक कर लिया गया है। देश की खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इसके लिए किसी देश की सरकारी संस्था जिम्मेदार है। फिनलैंड के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइली कंपनी एनएसओ समूह द्वारा विकसित पेगासस सॉफ्टवेयर की मदद से राजनयिकों के मोबाइल हैक किए गए। इस सॉफ्टवेयर की सहायता से किसी मोबाइल फोन में घुसपैठ की जा सकती है और उसके सारे विवरण हासिल किए जा सकते हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी और ट्वीट किए गए एक बयान में कहा गया, बेहद जटिल मालवेयर से उपयोगकर्ताओं के एप्पल या एंड्रॉयड फोन में घुसपैठ की गई है। यह उनकी जानकारी के बिना किया गया। बयान में कहा गया, स्पाईवेयर के जरिए घुसपैठियों ने उपकरण से डेटा चुराया और जानकारी हासिल कर ली होगी। साइबर सुरक्षा के लिए फिनलैंड के राजदूत जारमो सरेवा ने यह नहीं बताया कि कौन सा डेटा चुराया गया।

## न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री संक्रमित के संपर्क में आने के बाद पृथक-वास में गईं

भाषा। वेलिंगटन

**न्यूजीलैंड की** प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न कोरोना वायरस से संक्रमित एक व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद शनिवार को पृथक-वास में चली गईं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। केरीकेरी शहर से ऑकलैंड के सबसे बड़े शहर के लिए उड़ान के दौरान प्रधानमंत्री संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आई थीं। न्यूजीलैंड की गवर्नर-जनरल सिंडी किरो भी 22 जनवरी की उड़ान में सवार थीं और वह भी पृथक-वास में चली गई हैं। अर्डर्न और किरो छह फरवरी को न्यूजीलैंड के राष्ट्रीय दिवस वैतांगी डे से पहले कामकाज के सिलसिले में नॉर्थलैंड क्षेत्र में थीं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री को संक्रमण का कोई लक्षण नहीं है और वह ठीक महसूस कर रही हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह के अनुरूप कल उनकी जांच की जाएगी और मंगलवार तक वह पृथक-वास में रहेंगी। न्यूजीलैंड की आबादी 50 लाख है और देश संक्रमण के प्रसार पर रोक लगाने में बहुत हद तक कामयाब रहा है। संक्रमण से अब तक कुल 52 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, ओमीक्रोन स्वरूप के कारण आगामी दिनों में मामले तेजी से फैलने की आशंका है। न्यूजीलैंड की करीब 77 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हो चुका है। वहीं 12 साल या उससे ज्यादा के उम्र समूह में 93 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों को टीके की खुराक दी जा चुकी है।



यूक्रेन के प्रादेशिक रक्षा बलों के सदस्य सशस्त्र बलों की स्वयंसेवी सैन्य इकाइयां, कीव,यूक्रेन के करीब अभ्यास करते हुए, रूसी आक्रमण के डर के बीच हाल के हफ्तों में दर्जनों नागरिक यूक्रेन के सेना के भंडार में शामिल हो रहे है

## अमेरिका के अर्कांसस में एक मकान में लगी आग, दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत

**हॉट स्प्रिंग्स (अमेरिका)।** अमेरिका में मध्य अर्कांसस के एक मकान में आग लग जाने से दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई। अर्कांसस राज्य पुलिस ने एक बयान में बताया कि हॉट स्प्रिंग्स के पूर्वोत्तर में पांच किलोमीटर दूर स्थित एक मकान में शुक्रवार पूर्वाह्न 10 बजे से कुछ समय बाद आग लगी। जब तक दमकल कर्मी वहां पहुंचे, तब तक आग पूरे मकान में फैल गई थी। बयान में बताया गया कि आग लगने के कारण दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### कोविड-19 पाबंदियों के कारण पाकिस्तानी श्रद्धालुओं की भारत यात्रा में देरी हुई : पाकिस्तानी सांसद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी के एक प्रमुख हिंदू सांसद ने कहा है कि उनकी धार्मिक पर्यटन पहल के तहत एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा में विलंब हुआ है क्योंकि नई दिल्ली को कोविड-19 संबंधी पाबंदियों के कारण पर्यटकों के लिए व्यवस्था करने के वास्ते समय चाहिए। उनका यह बयान तब आया जब भारत ने कहा कि उसने इस मामले पर सकारात्मक रुख अपनाया है और वह इस पर इस्लामाबाद के साथ संवाद को इच्छुक है। भारत ने शुक्रवार का कहा था कि तीर्थ स्थलों की यात्रा को लेकर 1974 के प्रोटोकॉल के तहत धार्मिक स्थलों के बारे में सहमति के आधार पर तैयार की गई सूची एवं यात्रा के तौर तरीकों का विस्तार करना भारतीय और पाकिस्तानी पक्षों के हित में है तथा इस मामले में उसका सकारात्मक रुख है। इसने कहा था कि वह इस मामले में पाकिस्तान से संवाद को इच्छुक है। पाकिस्तान हिंदू काउंसिल के प्रमुख संरक्षक और प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के सांसद डॉ. रमेश कुमार वंकवानी ने शुक्रवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि यात्रा में विलंब हुआ है। उन्होंने कहा, यात्रा में देरी हुई है क्योंकि भारत को कोविड-19 स्थिति के कारण व्यवस्था करने के लिए वक्त चाहिए लेकिन यह रद्द नहीं हुई है। उन्होंने लोगों से इस यात्रा के लिए पंजीकरण कराने का भी अनुरोध किया। वंकवानी ने सोमवार को घोषणा की थी कि वह 29 जनवरी को भारत में पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। हालांकि, बाद में यह पता चला कि उन्होंने भारत की मंजूरी के बिना यह घोषणा की थी। वंकवानी की पहल पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता आसिम इफ्तिखार अहमद ने मीडिया को बताया कि भारत की यात्रा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान हिंदू काउंसिल की पहल है।

### पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान के लिए गेहूं की खेप फरवरी से भेजना शुरू करेगा भारत

**इस्लामाबाद।** संकटग्रस्त अफगानिस्तान के लिए पाकिस्तान के रास्ते भारत की तरफ से गेहूं की खेप भेजने की शुरुआत अगले महीने होने की उम्मीद है। मीडिया में शनिवार को आई खबर के मुताबिक भारत और पाकिस्तान ने महीनों की चर्चा के बाद अफगानिस्तान के लिए गेहूं की आपूर्ति के तौर-तरीकों पर सहमति व्यक्त की है। देश में सामने आ रहे मानवीय संकट से निपटने के लिए अफगानिस्तान को भारत अबाधित मानवीय सहायता प्रदान करने की वकालत करता रहा है। वह पाकिस्तान के रास्ते सड़क परिवहन के जरिए 50,000 टन गेहूं और दवाएं अफगानिस्तान भेजने की पहले ही घोषणा कर चुका है। काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद मानवीय हालात बिगड़ने पर पाकिस्तान ने पिछले साल भारत को अपने भूमि मार्ग का उपयोग करके 50,000 मीट्रिक टन गेहूं अफगानिस्तान भेजने की अनुमति दी थी। कूटनीतिक सूत्रों ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार को बताया कि गेहूं भेजने का काम फरवरी में शुरू होगा। निर्धारित तौर-तरीकों के अनुसार, भारत को पहली खेप के 30 दिनों के भीतर गेहूं की कुल मात्रा का परिवहन करना है। दोनों देशों ने अपने तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद अफगानिस्तान को लेकर सहयोग करने का फैसला किया है।

### बर्फीले तूफान से ईस्ट कोस्ट में भारी बर्फबारी और तेज हवाओं का दौर

**बोस्टन।** न्यूयॉर्क शहर से मेने तक के लोग शनिवार की सुबह जब जागे तो उनका सामना सड़कों पर करीब आधा फुट (15 सेंटीमीटर) तक गिरी बर्फ और सर्द हवाओं से हुआ। मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं ने चेतावनी दी कि एक शक्तिशाली नॉरईस्टर (उष्णकटिबंधीय चक्रवात) के कारण यह स्थिति चौगुनी बढ़ सकती है और तेज हवाओं के साथ बर्फीले तूफान की स्थिति और व्यापक बिजली संकट तथा समुद्र तटीय बाढ़ की आशंका है।10 राज्यों के हिस्से और कुछ प्रमुख जनसंख्या केंद्र - फिलाडेल्फिया, न्यूयॉर्क और बोस्टन - तूफान की राह में थे, जिसके पूरे दिन चलने की उम्मीद थी।विमानन क्षेत्र से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने वाले फ्लाइटअवेयर के अनुसार, विमानन कंपनियों ने देश के कुछ सबसे व्यस्त हवाई अड्डों पर 4,500 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं। एमट्रैक ने बोस्टन-वाशिंगटन कॉरिडोर पर अपनी सेवाएं निलंबित या सीमित कर दी हैं।

## अमेरिका ने मिस्र को दी जाने वाली सैन्य सहायता रोकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने मानवाधिकारों को लेकर चिंताओं के बीच मिस्र को दी जाने वाली 13 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता रद्द कर दी। इस घोषणा ने कुछ ही दिन पहले अमेरिकी प्रशासन ने मिस्र में 2.5 अरब डॉलर के हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी थी। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि मिस्र ने 13 करोड़ डॉलर की सैन्य वित्तीय सहायता लेने के लिए शर्तों को पूरा नही किया है। मिस्र के लिए निर्धारित इस राशि को सितंबर से रोक कर रखा गया था। मंत्रालय ने कहा कि यह धनराशि अब अन्य कार्यक्रमों के लिए निर्धारित की जानी चाहिए। उसने इस बारे में विस्तार से जानकारी नही दी। मंत्रालय ने हालांकि मिस्र को 2.5 अरब डॉलर के सैन्य परिवहन विमानों और रडार प्रणालियों की बिक्री का कोई उल्लेख नही किया। उसने इस बिक्री को मंगलवार को मंजूरी दी थी।

## वाशिंगटन में नाजियों का प्रतीक चिह्न बनाए जाने का मामला सामने आया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में स्थानीय ट्रेनों के स्टेशन यूनियन स्टेशन के बाहर दर्जनों की तादाद में नाजियो का प्रतीक चिह्न स्वास्तिक बनाए जाने का मामला सामने आया है। अंतरराष्ट्रीय यहूदी नरसंहार स्मरण दिवस के एक दिन बाद शुक्रवार को यह मामला सामने आया। स्टेशन की विशाल इमारत के सामने के स्तंभों और स्वचालित सीढ़ियों के प्रवेश द्वार के चारो ओर ए चिह्न बने हुए दिखे है। वाशिंगटन के मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग ने इमारत की सुरक्षा की देखरेख करने वाली एमट्रेक पुलिस से इस संबंध मे पूछताछ की है। एसोसिएटिड प्रेस ने एमट्रेक पुलिस से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बात नही हो पाई। हालांकि घटनास्थल पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने नाम सार्वजनिक नही करने की शर्त पर बताया कि घटना की जांच जारी है। द ज्यूइश फेडरेशन ऑफ ग्रेटर वाशिंगटन ने इंस्टाग्राम पर एक बयान पोस्ट कर घटना की निंदा की है।

## अमेरिका में डेल्टा स्वरूप की तुलना में ओमीक्रोन से हो रही हैं अधिक मौतें

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप की तुलना में ओमीक्रोन स्वरूप से प्रतिदिन अधिक लोगों की मौत हो रही है जबकि अगले कुछ दिन या सप्ताह मे मृतको की संख्या बढ़ने की आशंका है। अमेरिका में मृतकों की सात दिन की औसत संख्या में नवंबर के मध्य से वृद्धि देखी जा रही है। बृहस्पतिवार को यह 2,267 तक पहुंच गई और सितंबर में 2,100 के आंकड़े को पार कर गई, जब डेल्टा स्वरूप अपने चरम पर था। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, इरविन में जन स्वास्थ्य प्रोफेसर एंड्रयू नोयमर ने कहा, ओमीक्रोन के चलते हमें लाखों लोगों को खोना पड़ सकता है। इस बात पर चर्चा की जानी चाहिए कि हम क्या अलग कर सकते हैं और कितने लोगों के जीवन को बचा सकते है। अमेरिका में कोविड-19 की वजह से 8,78,000 लोगों की मौत हो चुकी है और मृतकों की संख्या के मामले में वह शीर्ष पर है।

# जर्मनी ने जासूसी से जुड़े रूस के एक राजनयिक को किया निष्कासित : खबर

भाषा। बर्लिन

● विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की, एक ब्रिटिश नागरिक को गिरफ्तार किया था

**जर्मनी की** सरकार ने रूस के एक राजनयिक को निष्कासित कर दिया है। इस राजनयिक के देश में जासूसी के एक मामले से जुड़े होने का पता चला है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। जर्मनी की साप्ताहिक समाचार पत्रिका डेर स्पीगल ने शुक्रवार को अपनी खबर में यह जानकारी दी।

विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि म्यूनिख में रूसी दूतावास के एक कर्मचारी को पिछली गर्मियों में अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया और उसे देश से जाने के लिए कहा गया। उसने पहले इस निष्कासन की घोषणा नहीं की थी और मामले के बारे में जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई। खबर में जांच से जुड़े अज्ञात सूत्रों के हवाले से बताया है कि इस व्यक्ति को राजनयिक के तौर पर मान्यता दी गई थी लेकिन वह रूस की एसवीआर विदेशी खुफिया एजेंसी का एजेंट था। जर्मनी ने हाल में अपने देश में काम कर रहे कई संदिग्ध रूसी जासूसों की पहचान की है। पिछले साल फरवरी में जर्मनी के एक शख्स पर जर्मनी की संसद द्वारा इस्तेमाल की जा रही संपत्तियों पर सूचना रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी को कथित तौर पर देने के लिए जासूसी के आरोप लगाए गए थे। जर्मनी ने अगस्त में बर्लिन में ब्रिटेन के दूतावास में काम करते हुए रूस के लिए जासूसी करने के संदेह पर एक ब्रिटिश नागरिक को गिरफ्तार किया था।

# यूक्रेन में पुतिन के पास अब कई विकल्प हैं: ऑस्टिन




भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन की सीमा के निकट बड़ी संख्या में रूसी बलों को तैनात किया जा चुका है और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास अब कई सैन्य विकल्प हैं। ऑस्टिन ने पेंटागन में संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम यह नहीं मानते कि राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ इन बलों का इस्तेमाल करने का अंतिम निर्णय ले लिया है, लेकिन उनके पास स्पष्ट रूप से ऐसा करने की क्षमता है। इस बीच, मॉस्को में रूस सरकार ने बताया कि पुतिन ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों से कहा कि पश्चिमी देशों ने रूस की सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर गौर नहीं किया।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस युद्ध शुरू नहीं करना चाहता, लेकिन वह पश्चिमी देशों को उसके सुरक्षा हितों को रौंदने नहीं देगा। ऑस्टिन ने पुतिन से तनाव कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह रूस द्वारा दुष्प्रचार किए जाने पर नजर रखे हुए हैं। संवाददाता सम्मेलन में ऑस्टिन के साथ मौजूद ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ के आर्मी जनरल मार्क मिले ने यूक्रेन के निकट तैनात रूस की सेना की गंभीर तस्वीर पेश करते हुए कहा कि केवल जमीन, वायु और जल क्षेत्र में ही बलों को तैनात नहीं किया गया है, बल्कि रूस के पास साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध की क्षमताएं भी है और उसके पास विशेष अभियान बल भी हैं।

मिले ने कहा कि उन्होंने पहले कभी इतनी बड़ी संख्या में यूक्रेन की सीमा के निकट रूसी बलों की तैनाती नहीं देखी। उन्होंने पुतिन ने संघर्ष के बजाय कूटनीतिक मार्ग अपनाने की अपील की। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति को आगाह किया था कि इस बात की स्पष्ट आशंका है कि रूस फरवरी में उनके देश (यूक्रेन) के खिलाफ सैन्य कार्वाई कर सकता है। रूस ने यूक्रेन की सीमा के निकट।,00,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है।

# सिंगापुर में पिछले साढ़े पांच साल में धोखाधड़ी के शिकार लोगों को 71.2 करोड़ डॉलर का नुकसान

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर में** पिछले साढ़े पांच वर्षों में कई लोग धोखाधड़ी के शिकार हुए, जिसमें उन्हें 71.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ। वर्ष 2011 से इंटरनेट पर प्रेम जाल में फंसाकर धोखाधड़ी के सबसे ज्यादा मामले आए हैं। मीडिया की एक खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई। अखबार द स्ट्रेट्स टाइम्स ने बताया कि अधिकारियों ने समस्या से निपटने में कठिनाइयों को स्वीकार किया है और कहा है कि कई अपराधी दूसरे देशों में हैं, जिसके कारण एक बार पैसा खातों में स्थानांतरित हो जाने के बाद इसकी वसूली मुश्किल होती है। पिछले साढ़े पांच वर्षों में धोखाधड़ी के शिकार हुए लोगों को 96.5 करोड़ सिंगापुर डॉलर (71.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक) का नुकसान किया है। इस बीच, पुलिस को उसके एंटी-स्कैम सेंटर के साथ ऐसे मामलों से निपटने में कुछ सफलता मिली है। पिछले साल 14.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक के नुकसान वाले 7,400 मामलों में से वह 4.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वसूली करने में सक्षम हुई। खबर में कहा गया है हाल में सिंगापुर के सबसे बड़े बैंकों में से एक, ओसीबीसी बैंक के ग्राहकों को भी निशाना बनाया गया। गृह और कानून मंत्री के षणमुगम ने संसद में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि धोखाधड़ी करने वालों ने 2020 में लोगों को रिकॉर्ड 26.8 करोड़ सिंगापुर डॉलर का चूना लगाया। यह 2016 में 8.9 करोड़ सिंगापुर डॉलर का लगभग तिगुना था।

# तख्तापलट की योजना के बारे में जानती थी सीआईए : वेनेजुएला के पूर्व जनरल

**मियामी।** वेनेजुएला की सेना के एक सेवानिवृत्त जनरल ने सनसनीखेज आरोप लगाए कि सीआईए और अन्य संघीय एजेंसियों में शीर्ष स्तर पर अमेरिकी अधिकारियों को निकोलस मादुरो को सत्ता से बेदखल करने के उनके प्रयासों की जानकारी थी। इसके साथ ही उन्होंने उन आरोपों को तत्काल खारिज किए जाने की मांग की कि उन्होंने मादुरो के साथ मिलकर अमेरिका में कोकीन की बड़ी खेप पहुंचाई। क्लाइवर एल्काला के वकीलों ने शुक्रवार को अदालत में दिए दस्तावेजों में ए आरोप लगाए। मैनहट्टन में संघीय अभियोजकों ने करीब दो साल पहले एल्काला पर मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप लगाए थे। एल्काला के वकीलों ने अभियोजकों को नवंबर 2021 में लिखे पत्र में कहा, अमेरिकी सरकार को मादुरो सरकार को सत्ता से बेदखल करने के प्रयासों की भलीभांति जानकारी थी। सरकार के प्रति उनका विरोध और उसे सत्ता से बाहर करने के उनके कथित प्रयासों की जानकारी केंद्रीय खुफिया एजेंसी, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और वित्तकोष विभाग के शीर्ष स्तर पर अधिकारियों को थी।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Babita(hereinafter referred to as the said Mortgagors/Borrowers) had become the owner of Flat No.1109, Block No. 0, Sector-28, PKT No. GH-1, Situated in Rohini, Delhi(hereinafter referred to **"said property"**) Vide RelinquishmentDeed dated 16.12.2021, sub-registrar- II B Janakpuri, as Document No. 3433, Volume No. 511, Book no. 1, Page No. 90-95, on 16.12.2021executed by (1) Mr. Hari Krishan, (2) Mrs. Divya Kapoor, (3) Mrs. Poonam @ Poonam Sikri, (4) Mr. Rakesh Kumarand Now, Babita has agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our clients **IDFC FIRST Bank Limited.** Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client& in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to **Mr. Muneesh Dhawan / Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas,** Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at (M). 9066707172/9818228636

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform general public that Mrs. Geeta Sharma GPA Holder Has acquired Property bearing no. 244/1-A, area measuring 64 sq. yds. Approx., situated in abadi of Gali No. 2 & 3, School Block Mandawali, out of khasra no. 1141/786, in the area of village Mandawali Fazalpur Illaqa Shahdara Delhi- 110092 vide Regd., GPA, ATS & Will dated 23.08.2005, executed by Mr. Pritam Chand, Mr. Yogesh Kumar & Mr. Pawan Kumar, and Now, Mrs. Geeta Sharma is intending to sell the above said property to Mr. Pankaj Kumar vide Sale Deed. Further Mr. Pankaj Kumar is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PASUPATI ACRYLON LIMITED**
Regd. Office : Kashipur Road, Thakurdwara, Distt. Moradabad (UP)
Tel. : 011-47627400, Fax : 011-47627497 CIN : L50102UP1982PLC015532
Email : delhi@pasupatiacrylon.com website : www.pasupatiacrylon.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 a Meeting of Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Monday, the 7th February, 2022 inter-alia to consider and approve the Un-audited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended 31st December, 2021. The said intimation is available on the Company's website at www.pasupatiacrylon.com and website of stock exchange at www.bseindia.com. and www.nseindia.com.

By order of the Board
For **Pasupati Acrylon Ltd.**
Sd./-
**Bharat Kapoor**
Company Secretary

Dated : 29.01.2022
Place : New Delhi

# संरा को म्यांमा को गृह युद्ध से बचाने की कोशिश करनी चाहिए : चीन

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र में** चीन के राजदूत झांग जुन ने शुक्रवार को कहा कि संघर्षग्रस्त म्यांमा में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्राथमिक उद्देश्य उसे और हिंसा तथा गृह युद्ध की स्थिति से बचाना होना चाहिए।

म्यांमा में सुरक्षा परिषद के दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के 10 सदस्यीय संघ और संयुक्त राष्ट्र के नए राजदूतों से बंद कमरे में हुई बैठक के बाद झांग जुन ने उम्मीद जताई कि उनके तथा अन्य लोगों के प्रयासों से स्थिति को शांत किया जा सकता है। गौरतलब है कि करीब एक साल पहले एक फरवरी 2021 को म्यांमा की सेना ने आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार से सत्ता छीन ली थी। असिस्टेंस एसोसिएशन फॉर पॉलिटिकल प्रिजनर्स द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, इसके बाद देशभर में हुए प्रदर्शनों में सुरक्षाबलों के साथ झड़प में।,400 से अधिक नागरिक मारे गए। दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के क्षेत्रीय समूह आसियान ने म्यांमा को संकट से उबारने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाने का प्रस्ताव रखा है। चीन के राजदूत ने कहा कि उनके देश का मानना है कि आसियान को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। अक्टूबर में कंबोडिया ने आसियान की अध्यक्षता संभाली और दिसंबर में प्रधानमंत्री हुन सेन ने देश के विदेश मंत्री प्राक सोकखोन को म्यांमा के लिए क्षेत्रीय समूह का दूत नियुक्त किया। हुन सेन सेना के सत्ता छीनने के बाद खुद म्यांमा गए और ऐसा करने वाले वह पहले विदेशी नेता बने। बीजिंग हुन सेन द्वारा किए गए प्रयासों का स्वागत करता है और उन्होंने कंबोडियाई प्रधानमंत्री की यात्रा को बहुत अच्छा, बहुत सार्थक बताया और कहा कि हमने उन्हें और प्रयास जारी रखने के लिए कहा है। चीनी राजदूत ने कहा कि सोकखोन ने परिषद को बताया कि सदस्य देशों को म्यांमा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, विशिष्ट राजनीतिक संरचना और उस संरचना में सेना द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका को समझना होगा।

## सेना के तख्तापलट के एक साल बाद भी अशांत है म्यांमा

**बैंकॉक।** म्यांमा में एक साल पहले आन सांग सू की को सत्ता से बेदखल करने के सेना के कदम से देश में लोकतंत्र की वापसी की कवायद अप्रत्याशित रूप से न केवल खत्म हो गई बल्कि इसने जन विद्रोह का एक नया दौर पैदा किया जो कम स्तर पर है लेकिन बरकरार है। म्यांमा सेना के कमांडर सीनियर जनरल मिन आंग हेइंग ने एक फरवरी 2021 की सुबह सू की और उनकी सरकार तथा सत्तारूढ़ नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी के शीर्ष सदस्यों को गिरफ्तार करके सत्ता पर कब्जा कर लिया था। सत्ता पर काबिज होने के लिए सेना क बल प्रयोग से संघर्ष बढ़ गया और कुछ विशेषज्ञों ने देश में गृह युद्ध की स्थिति घोषित कर दी। सुरक्षाबलों ने करीब।,500 लोगों की हत्या कर दी, करीब 8,800 लोगों को हिरासत में ले लिया, असंख्य लोगों को प्रताड़ित किया और वे लापता हो गए तथा सेना के गांवों में बर्बरता करने के कारण 3,00,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए। इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप थिंक टैंक के लिए म्यांमा के मामलों के विश्लेषक थॉमस कीन ने कहा कि सैन्य सरकार पैदा हुए विरोध के स्तर का अनुमान नहीं लगा रही थी।

## फेफड़ों के लिए छिपी क्षति का कारण बन सकता है कोरोना

**सांस लेने में तकलीफ से पीड़ित कोविड रोगियों में फेफड़े की असामान्यताएं पाई गई हैं। एक अध्ययन में कहा गया है कि कोरोना वायरस फेफड़ों के लिए ऐसी क्षति का कारण बन सकता है जिसका पता नियमित परीक्षणों से नहीं चलता है। अध्ययन में ऐसे लोगों को शामिल किया गया जो सांस लेने में तकलीफ से पीड़ित हैं लेकिन अस्पताल में भर्ती नहीं हुए हैं। सांस लेने में तकलीफ कोविड रोगियों में एक लक्षण है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या यह अन्य कारकों से जुड़ा है जैसे कि सांस लेने संबंधी पैटर्न में बदलाव, थकान, या कोई और वजह। प्रोफेसर फर्गस ग्लीसन के निर्देशन में हुए अध्ययन में पता चला कि वायरस फेफड़ों की ऐसी क्षति का कारण बन सकता है जिसका पता नियमित परीक्षणों से नहीं लगाया जा सकता।**

**DOC टॉक**

डॉ. पंकज अग्रवाल
एमडी ( होम ),
पीएचडी सीनियर होम्योपैथ
अग्रवाल होमियो क्लिनिक



## बार-बार इम्युनिटी करें चेक



हर नए साल में हम कई संकल्प लेते हैं और कुछ विशिष्ट लक्ष्यों को प्राप्त करने का वादा करते हैं। हम में से कुछ लोग शराब और धूम्रपान से बचने का वादा करते हैं। कुछ अध्ययन के लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं जबकि कुछ अन्य कहते हैं कि वे 1 जनवरी से ही जिम जाना चाहते हैं। इस प्रकार वादों और संकल्पों की कोई कमी नहीं है। लेकिन एक सबसे महत्वपूर्ण संकल्प है जो एक मूलभूत संकल्प है और आपके जीवन के समस्त क्षेत्रों में सफलता की कुंजी है। क्या यह आपका स्वास्थ्य नहीं है? हम सभी को स्वस्थ रहने का संकल्प लेना चाहिए। यह एक सर्वोच्च लक्ष्य है जो हम खुद को उपहार में दे सकें ताकि हम इस नए साल में स्वस्थ व रोग मुक्त रह सकें और उस पर अपने जीवन को खड़ा कर सकें।

अनेक चिकित्सा प्रणालियां हैं। और स्वास्थ्य पर्यावरण की समग्र वास्तुकला में शायद प्रत्येक का अपना स्थान है। होम्योपैथी सबसे अच्छी प्रणालियों में से एक है जिसे रोग मुक्त और स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने के लिए अपनाया जा सकता है।

**हमारे स्वास्थ्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए अपने दैनिक जीवन में कई होम्योपैथिक उपचार अपनाए जा सकते हैं। वे अत्यधिक आक्रामक उपचार नहीं हैं लेकिन सहज और प्रभावशाली हैं। सबसे प्रभावी और व्यापक रूप से स्वीकृत तरीके इस प्रकार हैं : –**

**अपनी प्रतिरक्षा की जांच करें**

प्रतिरक्षा को व्यक्ति भी संक्रामक बीमारी या बीमारी से लड़ने के लिए उस व्यक्ति की शारीरिक क्षमता के रूप में परिभाषित किया गया है। आजकल हम अक्सर सुनते हैं कि कम इम्युनिटी वाले लोग कमजोर होते हैं और उनमें कोविड से संक्रमित होने की संभावना अधिक होती है। लेकिन इम्युनिटी बढ़ाने के लिए किसी फैंसी दवा की जरूरत नहीं है। ऐसे कई उपाय हैं जिन्हें मजबूत प्रतिरक्षा के लिए सुझाया जा सकता है। जेल्सीमियम, आर्सेनिकम एल्बम, ऑसिलोकोकिनम, एलियम सेपा और लाइकोपोडियम 30 कुछ ऐसे उपचार हैं जो होम्योपैथी के तहत प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए सुझाए गए हैं। लेकिन उनके नाम जानने का मतलब यह नहीं है कि आप इसे खरीद सकते हैं और ले सकते हैं। कृपया एक पेशेवर होम्योपैथ से परामर्श लें। हमारे शारीरिक तंत्र में आम तौर पर एक प्रारूप सभी के लिए उपयुक्त नहीं होता है।

**अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें**

तनाव, चिंता, अवसाद की दुनिया में जीना और ईश्वर जानता है कि कौन से अन्य मानसिक पापों का व्यक्ति आदी होता है जोकि मायावी होते हैं। हम अक्सर इन्हीं तक सीमित रहते हैं जो भविष्य की समस्याएं पैदा कर सकते हैं। इन सभी दिमागी खेलों का हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है जो कि लंबे समय में देखा जा सकता है। होम्योपैथी की विशिष्टता यह है कि यह उन सभी आदतों व शुरुआती संकेतों से निपटती है जो किसी भी प्रमुख स्वास्थ्य समस्या का पूर्वाभास देते हैं। यदि इन्हें प्रारंभिक अवस्था में ठीक नहीं किया गया तो तनाव, चिंता, अवसाद दिल का दौरा, गुर्दे की विफलता, यकृत की विफलता जैसी गंभीर संभावित स्थितियों को जन्म दे सकते है। यहां तक कि ब्रेन हेमरेज भी। यदि आप उपरोक्त किसी भी समस्या से पीड़ित हैं, तो तुरंत अपने होम्योपैथिक चिकित्सक से परामर्श लें। ऐसी परिस्थितियों में एकोनाइट, अर्जेंटम नाइट्रिकम, आर्सेनिकम एल्बम, जेल्सेमियम और इग्नाटिया जैसी होम्योपैथिक दवाओं का उपयोग किया जा सकता है। लेकिन जैसा कि हमेशा जो दिया जाता है कि स्व–उपचार न किया जाए, यह खतरनाक हो सकता है।

**नियमित जांच**

होम्योपैथी रोग के होने से पहले ही उसे ठीक करने के मंत्र का पालन करती है। इसका सीधा सा मतलब है कि किसी भी बीमारी के आप पर असर करने से पहले उसके शुरुआती लक्षणों को मिटा देना। यह काम होम्योपैथिक पेशेवर के पास जाकर नियमित जांच कराने से किया जा सकता है। अपने ब्लड शुगर लेवल, कोलेस्ट्रॉल लेवल, ब्लड प्रेशर और अन्य जरूरी चीजों पर नियमित नजर रखने के लिए अपने होम्योपैथिक डॉक्टर से मासिक रूटीन चेक–अप के लिए अपना कैलेंडर अपडेट करें।

**हृदय का ख्याल रखें**

हृदय हमारे शरीर में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है लेकिन साथ ही साथ बहुत संवेदनशील भी होता है। हमारे हृदय स्वास्थ्य की देखभाल करना और कोई भी शुरुआती लक्षण दिखाई देने पर जागरुक होना बहुत महत्वपूर्ण है। कार्डिएक अरेस्ट मौत का सबसे आम कारण है जो हर साल लाखों लोगों की जान लेता है लेकिन होम्योपैथिक उपचार का उपयोग करके इसे रोका जा सकता है। होम्योपैथी प्राकृतिक रूप से संश्लेषित दवाओं के उपयोग का सुझाव देती है जिनका हमारे हृदय पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। दिल से संबंधित समस्याओं के समय में एकोनिटम नेपेलस, अर्निका मोंटाना, कैक्टस ग्रैंडिफ्लोरस और डिजिटलिस पुरपुरिया का उपयोग किया जा सकता है। पुन: यह ध्यान रखना आवश्यक है कि इन सभी दवाओं को होम्योपैथिक चिकित्सक की देखरेख में निर्धारित किया जा सकता है।

**बुरी आदतों को कहें ना**

हममें से ज्यादातर लोग अपनी आदतों के गुलाम बन चुके हैं। कुछ अच्छी आदतें अपनाते हैं, जबकि अधिकांश तात्कालिक सुख और उत्तेजना प्राप्त करने के लिए विनाशकारी आदतों की ओर झुक जाते हैं। सहकर्मी दबाव एक और महत्वपूर्ण कारक है। धूम्रपान, मद्यपान, तलाभुना आहार, ये सभी आदतें भविष्य के लिए बोझ बनने वाली हैं। होम्योपैथी में शराब और धूम्रपान जैसी लत का इलाज है। होम्योपैथिक उपचार को शराब और धूम्रपान के प्रति प्रभावी माना जाता है और यह तेजी से परिणाम भी प्रदान करता है। नेटरम मर, अवेना सातिवा, नक्स वोमिका, कलियम बिच, सिलिसिया, और स्टेरकुलिया व स्ट्रिचनीनम जैसे कुछ सामान्य उपचार हैं जिनका उपयोग व्यसनों को ठीक करने के लिए किया जा सकता है।



# राहतकारी चैटबॉट

**डॉ. प्रकृति पोद्दार का कहना है कि चैटबॉट समर्थन, सहयोग और चिकित्सा की पेशकश कर सकते हैं जो चिकित्सक पर भार को कम कर सकते हैं और उन लोगों के लिए एक व्यवहारिक विकल्प है जो सामर्थ्य व पहुंच के मामले में चुनौतियों का सामना करते हैं**

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों की उचित देखभाल करना हमेशा एक बड़ी चुनौती रही है। इस समय भारत मानसिक स्वास्थ्य महामारी के कगार पर है, फिर भी मानसिक स्वास्थ्य विकारों को रोकने या उनका इलाज करने के तरीकों पर एक सार्वजनिक विमर्श तलाशना मुश्किल है।

2019 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 264 मिलियन से अधिक लोग अवसाद से प्रभावित हैं और लगभग 800,000 लोग हर साल आत्महत्या से मर जाते हैं। कोरोनावायरस महामारी की शुरुआत से स्थिति और खराब हो गई है। लॉकडाउन के कारण अलगाव, अनिश्चितता व नौकरी में कटौती के कारण भय व जीवन के विभिन्न पहलुओं को नियंत्रित करने में असमर्थता के कारण होने वाली सामान्य असुविधा ने समूचे भारत के लोगों में गंभीर मानसिक आघात को जन्म दिया है। इस मसले को इस तथ्य से और भी जटिल बना दिया गया है कि व्यक्ति को पता नहीं है कि चीजें कब सामान्य हो जाएंगी।

लोगों के बीच बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए, प्रौद्योगिकी कंपनियां मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं वाले रोगियों की मदद करने हेतु चैटबॉट विकसित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–आधारित समाधानों का लाभ उठा रही हैं। ये संवादी एजेंट उच्च स्तर की गोपनीयता व निजता की पेशकश करते हुए मानसिक स्वास्थ्य रोगियों की सहायता करते हैं।

चैटबॉट प्रभावी हो सकते हैं लेकिन क्या वे वास्तव में समस्या का उत्तर हैं?

एक चैटबॉट ऑडियो या टेक्स्ट और कभी–कभी वीडियो का उपयोग करके विभिन्न मंचों पर बातचीत का अनुकरण करने में सक्षम है। हालांकि कुछ चैटबॉट पूरी तरह से स्वचालित होते हैं, मगर कुछ मानव हस्तक्षेप का उपयोग करते हैं। इन चैटबॉट्स को मानव संवाद की जटिलता के अनुकूल बनाने हेतु बड़ी मात्रा में डेटा के साथ प्रशिक्षित होने के लिए आवश्यक एआई ढांचे में सांस्कृतिक बारीकियों को समझने की क्षमता है।

चेहरे के हाव–भाव, रुकने की अवधि या बोलने की दर में सूक्ष्म परिवर्तनों का पता लगाने और उसके अनुसार निदान करने के लिए चैटबॉट तैयार किए गए हैं। यदि चैटबॉट को रोगी में गहरी समस्या का पता चलता है, तो उन्हें प्रत्यक्ष चिकित्सक से मिलने का विकल्प दिया जाता है, और प्रासंगिक हेल्पलाइन नंबर बताए जाते हैं।

आबादी का एक हिस्सा, विशेष रूप से आम लोग और नयी पीढ़ी, मानते हैं कि चैटबॉट भारत में मानसिक स्वास्थ्य संकट के मसले को हल करने का एक शानदार तरीका है। युवा भीड़ तकनीक–प्रेमी है और असल व्यक्ति के बजाय चैटबॉट के साथ प्रतिक्रिया साझा करने में अधिक सहज है। यह समझ में आता है जब हम सोचते हैं कि कैसे कार्यस्थल अधिक दूरस्थ होते जा रहे हैं, और इंटरनेट पर बढ़ती बातचीत मानव संपर्क को और अधिक सीमित कर रही है।

